सुप्रभात
रांची, सोमवार
12.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 296 | 12

तथागत को पूर्ण ज्ञान होते ही विश्व कल्याण का भाव जागृत हुआ

## न्यूज डायरी

### शांति रही, कहीं से भी ड्रोन की सूचना नहीं

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद, जम्मू क्षेत्र में सीमा पार से कहीं भी गोलाबारी या ड्रोन गतिविधि की कोई सूचना नहीं आई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर, विशेषकर नियंत्रण रेखा पर सबसे अधिक प्रभावित सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी में पूरी रात असहज शांति रही। लोगों को राहत मिली और उन्होंने रविवार सुबह शांतिपूर्ण माहौल में सामान्य गतिविधियां शुरू कीं।

### धनबाद में सड़क हादसा, 22 गंभीर

**धनबाद।** अवैध खदान में कोयले की कटाई करने जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में 40 से 45 मजदूर घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायलों को तोपचांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में से 22 मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यह हादसा तोपचांची थाना क्षेत्र एनएच 19 लेदाटाड़ में हुआ। इस घटना में पिकअप वैन में सवार महिला-पुरुष सभी मजदूर घायल हो हैं।

### संसद का विशेष सत्र बुलाकर चर्चा हो : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक और संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से कई सवाल पूछे। उन्होंने सवाल किए कि क्या सरकार ने भारत-पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के लिए दरवाजे खोल दिए हैं और क्या पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक माध्यम खोले गये हैं। कांग्रेस एक बार फिर यह मांग करती है कि पीएम की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हो।

### गिरिडीह में कई हादसे, चार की मौत

**गिरिडीह।** जिले में अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गयी। देवरी थाना क्षेत्र के नेकपुरा गांव के पास हुए सड़क दुर्घटना में बजगुंदा मिस्त्री टोला निवासी अवधकिशोर राणा (45 वर्ष) की मौत हो गयी। वह अपनी बेटी का कन्यादान कर वापस घर लौट रहे थे। इस हादसे से गांव में शादी की खुशी मातम में तब्दील हो गयी। वहीं पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज निवासी भोला मल्हार की मौत करंट लगने से हो गयी। डुमरी 12 वर्षीय बालक की मौत बराकर नदी में डूबने से हो गयी। वहीं रविवार की शाम को जमुआ-चकाई मुख्य मार्ग पर बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। बाइक चला रहे युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान नही हो पायी है।

## तीसरी आंख




कश्मीर पर दुनिया को भारत का साफ संदेश- अपने काम से काम रखें

# सिर्फ पीओके की वापसी पर होगी बात

### किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं

एजेंसी

**नयी दिल ली।** भारत सरकार ने साफ कर दिया कि कस्मीर पर हमें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं। अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और संयुक्त राष्ट्र सभी को बता दिया है कि यह मामला पूरी तरह द्विपक्षीय है। किसी को इसमें कूदने की जरूरत नहीं है। कश्मीर का मसला सिर्फ पीओके पर अटका है। अब बातचीत सिर्फ पीओके की वापसी और आतंकवादियों को सौंपने पर होगी। इस बार पहले ही तरह बातचीत नहीं होगी, पाकिस्तान यह भी अच्छे से समझ ले। कश्मीर को लेकर हमारा स्टैंड क्लियर है। अगर पाकिस्तान आतंक और आतंकवादियों को सौंपने पर बात करेगा, तो हम तैयार हैं। कश्मीर पूरी तरह भारत का हिस्सा है। अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर अब भारत के संविधान के अनुसार पूरी तरह एकीकृत हो चुका है, सिर्फ पीओके बचा है। समाचार एजेंसी के अनुसार पीएम मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच बातचीत हुई जिसमें पीएम ने



वेंस को दो टूक शब्दों में भारत का स्टैंड समझा दिया। अमेरकिी राष्ट्रपतति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर पर मध्यस्थता की इच्छा जतायी थी। भारत ने यह भी साफ कर दिया कि पाकिस्तान ने फोन कर भारत से सीजफायर की गुजारिश की थी।

### पीएम मोदी के स्पष्ट निर्देश

सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिये थे कि अगर पाकिस्तान से गोली चले तो भारत से गोला चलाया जाये। उन्होंने कहा कि एयरबेस पर हमले निर्णायक मोड़ थे। बहावलपुर (पाकिस्तान) में जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। यह भारत का एक महत्वपूर्ण संदेश था। पाकिस्तान के हवाई ठिकानों पर हमारे हमलों के बाद उसे एहसास हो गया है कि वे इस लीग में नहीं हैं. भारत की ओर से साफ संदेश दिया गया कि कोई भी सुरक्षित नहीं है।

### आतंक के बदले सीधी कार्रवाई

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि आतंक के बदले सीधी और निर्णायक जवाबी कार्रवाई होगी। पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा कि 'अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा।' पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा। इस बार पाकिस्तान को घर में घुसकर बेरहमी से मारेंगे। सूत्रों के हवाले से ये भी दावा किया गया है कि दोनों देशों के एनएसए और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। केवल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की थी। भारत ने विश्व को यह स्पष्ट कर दिया कि हम पीड़ितों और अपराधियों को समान नहीं मान सकते। यह दि्पक्षीय मामला है, इसमें किसी की दखल मंजूर नहीं है। सब अपने काम से मतलब रखें।

सेना ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सफल, खून के हर कतरे का लिया बदला

# पाक ने फिर हरकत की तो प्रचंड प्रहार

- 40 पाकस्तिानी सैनिक, 100 से अधिक आतंकी ढेर
- कई फाइटर जेट्स मार गिराये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा। हमने पहलगाम आंतकी हमले में खून के हर कतरे का बदला लिया। सेनाओं ने साफ तौर पर कहा हमारी लड़ाई न तो पाकिस्तान के खिलाफ है, न ही पाकिस्तान के लोगों से है, हमारी लड़ाई सिर्फ आतंवादियों और उनके आकाओं से है। इसके साथ ही पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि उसकी ओर से कोई बेजा हरकत की गयी तो उसे इसका बेहद गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। सेनाएं पूरी सचेत मुद्रा में है और पाकिस्तान को दुस्साहस का कड़ा जवाव देने को तैयार है। सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वायु सेना के संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती और



नौसेना के संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरील एके प्रमोद रविवार देर शाम ऑपरेशन सिंदूर पर ब्रीफिंग में बोल रहे थे।

**पाक पर प्रचंड प्रहार को मैप तैयार :** सेना ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि पाकिस्तान की ओर से इस तरह की कार्रवाई होती है तो उनके पास पाकिस्तान को सबक सिखाने का रोड़ मैप और प्लान हैं और हम उस पर अमल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख ने सेना को आदेश दिया है कि यदि पाकिस्तान की ओर से सहमति का आज भी उल्लंघन किया जाता है तो उसे जोरदार तरीके से दंडित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान की सेना या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। केवल आतंकवादियों तथा उनके ठिकानों को निशाना बनाया था जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गये।

**हमारे सभी पायलट सुरक्षित :** सेनाओं की ओर से जानकारी दी गयी कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से भी अधिक आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तान की कार्रवाई के बाद जवाबी प्रार में ााकिस्तानी सेना के 40 सैनिक ढेर किये गये हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। हमारे भी पांच जवान शहीद हो गये। दुश्मन के कई फाइटर जेट भी हमने मार गिराये। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के सभी पायटल सुरक्षित हैं। सीमा पार करीब 21 आतंकवादी ठिकाने हैं और जरूरत पड़ने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**भारत ने संयम बरता :** एयर मार्शल भारती ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने नपे तुले और तालमेल पर आधारित हमलों में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली चकलाला, रफीकी, सकर आदि को निशाना बनाया।

(शेष पेज 11 पर)

### पाक के सभी हमले नाकाम किये

एयर मार्शल भारती ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारी हवाई सीमा का अतिक्रमण किया और जमीन पर भी घुसपैठ की कोशिश की। भारत के हवाई अड्डों, सैन्य प्रतिष्ठानों और हवाई पट्टियों के साथ साथ नागरिका ठिकानों को भी निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मानव रहित यानों की बौछार कर दी। भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने इन सब हमलों को विफल कर दिया। पाकिस्तान के दुस्साहस का जमीन और हवा में बेहद करारा जवाब दिया। उसे जान माल का भारी नुकसान पहुंचाया।

# बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं बच्चे

### सरकारी स्कूलों में 35 लाख से अधिक बच्चों को नहीं मिली पुस्तक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में एक माह से अधिक समय से बच्चे बिना किताब पढ़ाई कर रहे हैं। राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुए लगभग 40 दिन हो चुके हैं। परंतु अब तक लगभग 35 लाख बच्चों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल पाई हैं। न तो जिलों को नई किताबें प्राप्त हुई हैं और न ही इसके वितरण की कोई स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के स्कूलों की यह स्थिति है। स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि जब, किताबें मिली हीं नहीं, तो बच्चों को कहां से देंगे?

**1 अप्रैल से शुरू है सत्र**

राज्य के सरकारी स्कूलों में एक अप्रैल से नया सत्र शुरू है। वर्तमान में छात्रों को पुरानी और कटी-फटी पुस्तकों से ही पढ़ाया जा रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए लगभग 35 लाख पुस्तकों का वितरण करना है। इधर प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। संघ का कहना है कि ग्रीष्मावकाश से पूर्व छात्रों को पुस्तकें नहीं मिल पाएंगी। अगर बहुत प्रयास भी किए जायें, तब भी 15 जून से पहले पुस्तकों का वितरण संभव नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

# एक के बाद एक सैन्य अड्डे खाक, हिल गया पाक

### सैटेलाइट इमेज में सामने आये भारत के पराक्रम व सबूत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीजफायर होने तक भारत ने पाकिस्तान को जो जख्म दिया है उसके सबूत अब सामने आने लगे हैं। इससे पाकिस्तान अंदर तक हिल गया है। भारतीय वायुसेना ने शनिवार तड़के रफीकी, मुरिद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुन्नियां, पासरूर और सियालकोट में मौजूद पाकिस्तान के सैन्य अड्डों को ध्वस्त कर दिया। इससे पाकिस्तान अंदर तक हिल गया। एक निजी स्पेस टेक फर्म कावा स्पेस द्वारा जारी ताजा सैटेलाइट इमेज ने पाकिस्तान के झूठ और बड़बोलेपन की पोल खोल दी है। भोलारी एयरबेस पर



10-11 मई को हुए हमले में एक प्रमुख हैंगर को भारी नुकसान हुआ है। आसपास मलबा साफ दिख रहा है और स्ट्रक्चरल डैमेज की पुष्टि हुई है। यह वही एयरबेस है जहां से पाकिस्तान की त्वरित प्रतिक्रिया यूनिट संचालित होती थी। भारत का यह हमला यह पूरी तरह योजनाबद्ध, टारगेटेड और सैन्य बुनियादी ढांचे को नेस्तनाबूद करने वाला अभियान था।

**अंदर तक पाक हो गया खाक :** रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह तबाह हो गया। इसे नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया गया। रफीकी एयरबेस (शोरकोट, झंग)। पुराने वायु अड्डों में से एक। यहां का रनवे और हैंगर पूरी तरह तबाद। उड़ान क्षमता खत्म। मुरिद एयरबेस (चक्कवाल), हमलों में यूसीएवी और यूएवी भेजे गए थे अब मलबा बन चुका है। नूर खान एयरबेस (रावलपिंडी), राजधानी के पास मौजूद रणनीतिक अड्डे को भी भारत ने चुपचाप तबाह कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस, साउथ पंजाब का अहम बेस, अब नो फ्लाई जोन घोषित। पाकिस्तान ने खुद नोटाम जारी किया।

फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन हथियाने का खेल पुराना

# इडी जांच में भी 133 एकड़ जमीन पर दावे के दस्तावेज फर्जी

सुधीर

**रांची।** फर्जी दस्तावेजों को सहारे झारखंड में जमीन हथियाने का खेल काफी पुराना है। अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन के कारोबारी लाल होते जा रहे हैं। ईडी की जांच में बोकारो की 133.64 एकड़ जमीन पर दावेदारी से संबंधित दस्तावेज फर्जी पाये गये। इस जमीन पर इजहार हुसैन व अख्तर हुसैन ने अपने पूर्वजों द्वारा ब्रिटिश राज के दौरान नीलामी में खरीदे जाने का दावा किया गया था। इसमें से अब तक 74 एकड़ से अधिक जमीन बिक चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा जारी जांच के दौरान भी पुरूलिया स्थित रजिस्ट्री



कार्यालय में नीलामी से जुड़े दस्तावेज के नहीं होने की लिखित सूचना दी थी। इजहार हुसैन ने बोकारो जिले के चास अंचल की जमीन पर अपना दावा पेश करने के लिए दो दस्तावेज का सहारा लिया था। इसमें पहला दस्तावेज पुरुलिया स्थित रजिस्ट्री कार्यालय से जारी डीड संख्या 191 और दूसरा दस्तावेज समीर महतो का वसीयतनामा है।

**वर्ष 1933 में जारी डीड 191 भी फर्जी :** ईडी ने बोकारो जिले में हुई इस जमीन घोटाले की जांच के दौरान जमीन की खरीद बिक्री करने वालों के अलावा जमीन खरीदने के लिए फंडिंग करने वालों के ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान बांका के बीर अग्रवाल के ठिकाने से 1.30 करोड़ रुपये जब्त किये गये। (शेष पेज 11 पर)

### गड़बड़ी के आरोप में बर्खास्त हो चुके हैं सीओ

पुरुलिया रजिस्ट्री कार्यालय से जारी सेल डीड संख्या 191 में इस बात का उल्लेख किया गया है कि समीर महतो ने यह तेतुलिया की 133.64 एकड़ जमीन वर्ष 1933 में नीलामी में खरीदी। वर्ष 2010 में समीर महतो के वसीयतनामे में इस बात का उल्लेख किया गया है। समीर महतो ने अपने बेरोजगार पोता इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को नीलामी में खरीदी गयी 133.64 एकड़ जमीन देने का फैसला किया। इजहार हुसैन ने इस दस्तावेज के सहारे जमीन पर अपना दावा पेश किया। चास के तत्कालीन अंचल अधिकारी निर्मल टोप्पो ने इसे स्वीकार करते हुए इजहार व अख्तर हुसैन के नाम पर म्यूटेशन कर दिया। इस गड़बड़ी के आरोप में निर्मल टोप्पो बर्खास्त हो चुके हैं।

यूं ही घुटने पर नहीं आया पाक, एक मिसाइल ने बदला खेल

# एक ही झटके में तबाह हो जाता परमाणु कमांड

- भारत का अगला लक्ष्य परमाणु ठिकानों को ध्वस्त करना था
- नूर खान एयरबेस पर हमले से पूरी दुनिया परेशान

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर मिसाइल गिरते ही अमेरिका तक हड़कंप मच गया। यह बेस पाकिस्तान वायुसेना का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ स्ट्रैटेजिक प्लान्स डिवीजन का मुख्यालय भी है। यही बेस



पाकिस्तान के लगभग 170 परमाणु हथियारों की सुरक्षा और उनके लॉन्च के लिए जिम्मेदार है। शनिवार की रात भारत ने सुखोई से यहां ब्रह्मोस मिसाइल दाग कर इसे तहस नहस कर दिया। तभी थर्र-थर्र कांपने लगा पाकिस्तान। इसकी उम्मीद पाकिस्तान को बिल्कुल भी नहीं थी।

नूर खान एयरबेस मिसाइल गिरते ही पाकिस्तानी पीएम ने नेशनल कमांड अथॉरिटी (एनसीए) की आपात मीटिंग बुलायी, ताकि वह अपने इस परमाणु यूनिट को बचा सके। एनसीए परमाणु हथियारों के उपयोग पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। पाक को डर हो गया कि भारत का अगला प्रहार उसका परमाणु ठिकाना ही होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### गीदड़भभकी देने वाला पाक पीछे हट गया

इन सबसे घबरा कर मरते दम तक युद्ध लड़ने की गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान ने पीछे हटने का फैसला ले लिया। भारत के सब्र का बांध टूटता देख पाकिस्तान खौफ में आ गया था। उसमें खौफ हो गया कि भारत अब कुछ ऐसा करने जा रहे है, जिससे वहां तबाही आ सकती है। ऐसे में पाकिस्तान ने झुकने में अपनी भलाई समझी और सीधा यूएसए की शरण में चला गया। सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने भारत से सीधे हॉटलाइन पर भारत से युद्धविराम की मांग की, फिर सीजफायर पर सहमति बनी।

# झारखंड के कई जिलों में 16 तक लू का अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में 16 मई तक लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 12 मई को देवघर, दुमका,जामताड़ा, पाकुड़,गोड्डा और साहिबगंज में और 14 मई से गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में कहीं-कहीं लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 14, 15 और 16 मई को दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के हल्की बारिश होने की सम्भावना है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। इससे भीषण गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को बारिश होने के बावजूद गर्मी एयर उमस महससू की गई। रविवार को रांची में तापमान 36.7, जमशेदपुर में 40.3, डालटेनगंज में 40.1, बोकारो में 39.5, चाईबासा में अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

डीजीपी की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाने के भाजपा के आरोपों पर झामुमो की सफाई

# राजनीति में प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे बाबूलाल मरांडी : झामुमो

**झामुमो का जवाब**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी अब झारखंड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीजीपी पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपनी पार्टी के अंदर झांककर देख लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज जिन मुद्दों पर मरांडी शोर मचा रहे हैं, वे उन्हीं के शासनकाल की देन हैं। तब के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खेल ने ही आज प्रशासनिक व्यवस्था को इस स्थिति में ला खड़ा किया है, लेकिन,



सीएम हेमंत सोरेन के दमदार नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हुआ है। आज हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल खुद को इतना हताश और भ्रमित मान चुके हैं कि अब बिना किसी आधार के ऐसी बातें कह रहे हैं। अगर उनके पास कोई ठोस प्रमाण है, तो सामने लायें। वरना, झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की साजिश बंद करें। उन्होंने कहा कि संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने से पहले मरांडी जी ये भी बतायें कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पर उंगली उठाने से पहले बाबूलाल मरांडी को ये समझ लेना चाहिये कि जनता अब सब कुछ देख रही है। झारखंड के लोग अब उनके दोहरे चरित्र और सस्ती राजनीति के झांसे में आने वाले नहीं हैं। इसका परिणाम पिछले चुनाव में हार के रूप में भाजपा को देखने मिल चुका है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास और पारदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल जी झूठ फैलाने के बजाय रचनात्मक सुझाव दीजिये। लेकिन, इसके लिए जमीन पर आकर सच्चाई का सामना करना पड़ेगा।

## बगैर संवैधानिक वैद्यता के ही सेवा दे रहे डीजीपी : बाबूलाल

**भाजपा का आरोप**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में डीजीपी का मसला फिर उठाया है। उन्होंने कहा कि निर्लज्जता की भी एक हद होती है, पर सीएम हेमंत सोरेन सरकार ने तो उसे भी पार कर दिया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां बीते दस दिनों से डीजीपी का पद खाली है, जो डीजीपी जैसे काम कर भी रहा है, वो बिना वेतन के सेवा दे



रहा है। दरअसल, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 312 को नकारा है। बल्कि सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह केस के निर्देशों को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। हेमंत सोरेन अब शायद खुद को सर्वोच्च न्यायालय से भी ऊपर मान बैठे हैं और प्रशासन को नीचे, बहुत नीचे गिरा दिया है। आज झारखंड वहां पहुंच चुका है, जहां प्रशासन की हर कुर्सी बोली पर बिक रही है। यूपीएससी से चयनित अधिकारियों को भी रेट लिस्ट से होकर गुजरना पड़ता है। बाबूलाल मरांडी के अनुसार, हेमंत ने एक क्रांतिकारी प्रयोग कर योग्यता नहीं, सुविधा शुल्क आधारित प्रशासन शुरू की है, वो न सिर्फ सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता का अंतिम संस्कार कर रही है। बल्कि आने वाले वर्षों में झारखंड के प्रशासनिक ढांचे के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

## एचइसी प्रबंधन मांगों पर स्पष्ट उत्तर दे नहीं तो आंदोलन : सीटू

■ वेतन, इएसआइ और स्थायी मजदूरों की समस्या पर उत्तर नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) की बैठक में रविवार को अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि एचइसी प्रबंधन वेतन, इएसआइ और स्थायी मजदूरों की समस्या पर स्पष्ट उतर नहीं देता है, तो आंदोलन की घोषणा की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन वर्ष 2018 में नियुक्त स्थायी कामगारों की पदोन्नति और वर्ष 2012 बैच में नियुक्त स्थायी कामगारों का प्रोबेशन आदेश जल्द करे। उन्होंने कहा कि 28 माह का वेतन बकाया होने से कर्मी परेशान हैं। प्रबंधन मजदूरों के धैर्य की परीक्षा नहीं ले और समस्याओं पर संजीदगी दिखाये। अस्थायी कर्मियों का इएसआइ का अंशदान प्रबंधन द्वारा जमा नहीं किया जा रहा है, जो श्रम कानून का उल्लंघन है। बेहतर इलाज के अभाव में अभी तक 10 कर्मियों की मौत हो चुकी है। अगर प्रबंधन अंशदान जमा नहीं करता है, तो इलाज का खर्च दे या मेडिकल बीमा करा दे। चिकित्सा सुविधा या खर्च लेना सप्लाई मजदूरों का कानूनी अधिकार है। प्रबंधन अगर तीनों विकल्पों में से किसी एक पर विचार नहीं करता है, तो कर्मी आंदोलनात्मक और कानूनी कदम उठायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन इन दिनों पैसा आने के बाद पुराने सप्लायरों को बुलाकर उनका बकाया भुगतान कर रहा है। जबकि कर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं कर रहा है। इसका असर कर्मियों के दैनिक जीवन, इलाज, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर 15 मई तक वेतन, इएसआइ और स्थायी मजदूरों की समस्या पर स्पष्ट उतर नहीं मिला, तो एफएफपी शेड में दोपहर एक बजे से स्थायी और सप्लाई कर्मियों की संयुक्त बैठक होगी। इसमें अगले कार्यक्रम पर फैसला लिया जायेगा। बैठक में हरिराम रजवार, हरेंद्र प्रसाद, महेंद्र कुमार, बीएन चौधरी, दिनेश बैठा, संजय बैठा, संतोष राय, प्रमोद वैद्य, अविनाश, राजेंद्र राम, बिंदेश्वरी सिंह, संजय ने भी विचार रखे।

## सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलायें पीएम : बंधु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की है कि आतंक के खिलाफ जारी लड़ाई एवं पाकिस्तान के साथ हुए सीजफायर के ताजा घटनाक्रम व अन्य मामलों पर सभी दलों की सहमति जुटाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायें। उन्होंने कहा कि इससे आतंकियों के साथ ही पाकिस्तान को भी सशक्त संदेश मिलेगा। श्री तिर्की ने कहा कि संसद का विशेष सत्र बुलाना भी आवश्यक है जिसका पूरे देश में न केवल सकारात्मक संदेश जायेगा बल्कि हम सभी की



एकता और एकजुटता भी और सुदृढ़ होगा। श्री तिर्की ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब देश पर संकट आता है तब-तब राजनीतिक दलों की वैचारिक मतभिन्नता की सारी दीवारें टूट जाती है और हम मजबूती के साथ पूरी दुनिया को अपना संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज इसी परंपरा के निर्वहन करने का समय आ गया है और सत्तारूढ़ पार्टी होने के नाते भाजपा की जिम्मेदारी अन्य सभी से कहीं ज्यादा है।

## आगामी तीन माह का आवंटित खाद्यान्न का भण्डारण एक साथ करने का निर्देश

■ विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची व जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रांची की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय सभागार में सभी पणन पदाधिकारी, अनुभाजन क्षेत्र, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, जिला परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता जेएसएफसी, सभी परिवहन सह




हथालन अभिकर्ता तथा लेबर सरदार के साथ विभागीय सचिव के निर्देशानुसार आपूर्ति संबंधि कार्यों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में मई 2025 के आवंटित खाद्यान्न का शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण का निर्देश दिया गया। बैठक में माह जून व जुलाई 2025 के लिए आवंटित खाद्यान्न का एक साथ अग्रिम लाभुकों के बीच वितरण का निर्देश दिया गया।

आवंटित खाद्यान्न युद्ध स्तर पर भारतीय खाद्य निगम डीपो से प्राप्त कर अधिक से अधिक वाहनों का प्रयोग कर परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता जल्द से जल्द जन वितरण प्रणाली की दुकानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जिन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को खाद्यान्न प्राप्त हो चुका है। उसे शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करेंगे, किसी भी अनियमितता के लिए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## मेधा ब्रांड के मिल्क प्रोडक्ट्स के दाम बढ़े

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड ने मेधा ब्रांड के अलग-अलग मिल्क प्रोडक्ट्स पर दामों में बढ़ोत्तरी की है। मेधा के एमडी के मुताबिक, लागत मूल्य में वृद्धि के कारण 12 मई से मेधा डेयरी के मिल्क प्रोडक्ट में मामूली वृद्धि होगी। मेधा डबल टोंड दूध (स्लिम मिल्क, 1000 एम एल) अब प्रति पैक 46 रुपए की दर पर मिलेंगे, जबकि 500 एम एल का 23 रुपया लगेगा। मेधा दूध टोंड (ताजा) के लिए 53 रुपए (1000 एम एल) और 27 रुपए (500 एम एल) देने होंगे। मेधा स्टैंडर्ड दूध के लिए 59 (1000 एम एल) और




30 रुपए (500 एम एल) देने होंगे. मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति स्पेशल) के लिए 60 (1000 एम एल) और 31 रुपए (500 एम एल) लगेंगे। मेधा काऊ के लिए 28 रुपए (500 एम एल), मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति-खोवा दूध) के लिए 348 रुपए (6000 एम एल) और मेधा टोंड दूध (ताजा छेना दूध, 6000 एम एल) के लिए 312 रुपए लगेंगे।

## नहीं रहे कॉमरेड मोहन भाई, पार्थिव शरीर एनाटॉमी विभाग रिम्स को दान किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** सीपीएम के वयोवृद्ध साथी कॉ. मोहन भाई विश्राम भाई कुंडलिया का निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। रविवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। चूंकि उन्होंने एक-डेढ़ दशक पूर्व ही मृत्यु के बाद देह का दान कर दिया था, उनके पार्थिव शरीर को एनाटॉमी विभाग, रिम्स, रांची को सुपुर्द कर दिया गया। जहाँ मेडिकल छात्रों के बीच वे अध्ययन और शोध के लिए वर्षों मौजूद रहेंगे। राजकोट के एक छोटे व्यापारी परिवार में जन्में मोहन भाई का परिवार बाद में कोलकाता और फिर चास में आकर स्थाई रूप से



बस गए। मार्क्सवादी विचारधारा उन्हें अपने पिता से विरासत में मिली थी। उन्के निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### कई साल पहले ही मोहन भाई ने देह किया था दान: राजेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मोहन भाई के निधन पर कहा कि आज हमने बोकारो के प्रसिद्ध समाजसेवी हम सभी के अभिभावक कामरेड मोहन कुंडलिया को खो दिया है। यह हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कमी को निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कई वर्ष पूर्व ही मरणोपरांत अपने शरीर का दान कर दिया था, उनके पार्थिव शरीर को एनाटॉमी




विभाग, रिम्स, रांची को सुपुर्द कर दिया गया, जहाँ मेडिकल छात्रों के बीच वे अध्ययन और शोध के लिए वर्षों मौजूद रहेंगे। उन्हें सदैव सामाजिक कार्यों के लिए याद किया जाएगा, साथ ही साथ अंग दान के लिए वो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होंगे। शोक की इस घड़ी में हमारी संवेदना उनके भतीजा हम सभी के प्रिय कानु भाई और उनके परिवार के साथ है।

रांची विधायक सी.पी. सिंह ने की थी गिरफ्तारी की मांग

## इंस्टाग्राम पर भड़काऊ व देशविरोधी पोस्ट डालने वाला युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में रहनेवाले फरहान मलिक नामक युवक को उसके इंस्टाग्राम पर साझा की गई भड़काऊ और देशविरोधी पोस्टों के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरहान पर गजवा-ए-हिंद जैसे कट्टरपंथी नारे, भारतीय सेना के अपमान और आतंकी प्रतीकों जैसे झंडे साझा करने का आरोप है, जो आईएसआईएस, तालिबान और अल-कायदा जैसे संगठनों से मेल खाते हैं। मामले में रांची विधायक सह पूर्व मंत्री सी.पी. सिंह ने फरहान मलिक की गिरफ्तारी की मांग की थी। सी.पी. सिंह ने राज्य सरकार से




यह मांग भी की कि ऐसे मामलों में त्वरित न्याय की प्रक्रिया अपनाई जाए और धार्मिक संस्थानों की भूमिका की भी जांच की जाए, जहां से ऐसे विचार युवाओं के मन में डाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस फरहान के सोशल मीडिया अकाउंट की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि कहीं वह किसी अंतरराष्ट्रीय या घरेलू आतंकी नेटवर्क से तो जुड़ा नहीं है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने फरहान मलिक को पुंदाग इलाके से गिरफ्त में ली है।

## झारखंड के कई जिलों में 16 तक लू का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में 16 मई तक लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 12 मई को देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में और 14 मई से गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में कहीं-कहीं लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 14, 15 और 16 मई को दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के हल्की बारिश होने की संभावना है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। इससे भीषण गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को बारिश होने के बावजूद गर्मी एयर उमस महससू की गई। रविवार को रांची में तापमान 36.7, जमशेदपुर में 40.3, डालटेनगंज में 40.1, बोकारो में 39.5 डिग्री से. रहा।

## चार आइपीएस अधिकारी केंद्र में आइजी रैंक की सूची में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर सहित झारखंड कैडर के चार आईपीएस अफसरों को केंद्र में आईजी रैंक में इंपैनल किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा इंपैनल सूची भी जारी कर दी गई है।

**कौन-कौन हुआ इंपैनल :** झारखंड कैडर के चार आईपीएस अधिकारी आईजी रैंक में केंद्र में इंपैनल हुए हैं। इसमे सबसे प्रमुख नाम 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी अमोल वेणुकान्त होमकर का है। दूसरा नाम आईपीएस प्रभात कुमार का है, प्रभात कुमार 2005 बैच के आईपीएस हैं। तीसरा नाम कुलदीप द्विवेदी का है, द्विवेदी 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वहीं चौथा नाम आईपीएस अनूप बिरथरे का है। अनूप बिरथरे भी 2007 बैच के आईपीएस हैं।

**कौन कहां हैं :** फिलहाल केंद्र में आईजी रैंक में इंपैनल हुए अमोल वेणुकान्त होमकर वर्तमान में बड़ी जिम्मेवारी संभाल रहे हैं। होमकर झारखंड पुलिस में आईजी अभियान के पद पर काम कर रहे हैं। झारखंड में नक्सल पर नकेल कसने में एवी होमकर का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्र में आईजी रैंक में इंपैनल हुए प्रभात कुमार भी बहुत बड़ी जिम्मेवारी सम्भाल रहे हैं। फिलहाल प्रभात कुमार आईजी स्पेशल ब्रांच हैं। वहीं केंद्र में आईजी बैंक में इंपैनल हुए अनूप बिरथरे एक तेज तर्रार और मृदुभाषी आईपीएस अफसर के रूप में होती हैं। अनूप विरथरे फिलहाल झारखंड जगुआर के आईजी हैं। जगुआर झारखंड की खुद की एंटी-नक्सल फोर्स है। केंद्र में आईजी रैंक में इंपैनल हुए आईपीएस कुलदीप द्विवेदी फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। कुलदीप द्विवेदी रांची के सीनियर एसपी भी रह चुके हैं। फिलहाल वे अपनी सेवा केंद्र में दे रहे हैं।

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर लोहरदगा विधायक के आवास पर बुद्ध जयंती समारोह आयोजित

# भगवान बुद्ध के वचन आज और भी प्रासंगिक : डॉ रामेश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के बरियातू स्थित आवास पर बुद्ध जयंती का भव्य आयोजन किया गया। शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान बुद्ध के आदर्शों का स्मरण किया। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कल भगवान बुद्ध की जयंती है और आज की यह संध्या पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ उनकी स्मृति को समर्पित है। भगवान बुद्ध उन महान पुरुषों में से एक हैं, जिन्होंने संपूर्ण मानवता को शांति, अहिंसा और आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाया। उन्होंने पंचशील और आस्था के रास्ते से जीवन को शुद्ध और सम्यक बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के वचन आज के युग में और भी अधिक प्रासंगिक हैं।



अगर हम उनके मार्गदर्शन में चलें, तो यह संसार हिंसा से मुक्त हो सकता है। इतिहास गवाह है कि कलिंग युद्ध में हजारों लोग मारे गए, रक्त की नदियां बही, लेकिन जब सम्राट अशोक ने बुद्ध के उपदेशों को अपनाया, तो वह मार्ग शांति का बन गया।

मौके पर जयशंकर पाठक, सतीश पॉल मुंजिनी, संजय दूबे, विशाल सिंह, मेहुल दूबे उपस्थित थे।

### दार्जिलिंग से आये लामाओं ने की विशेष पूजा

कार्यक्रम की शुरूआत दार्जिलिंग से पधारे लामाओं द्वारा बोधिवृक्ष के नीचे स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा की पारंपरिक पूजा से हुई। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान बुद्ध को पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं 108 दीपों को प्रज्वलित कर समर्पण भाव से आरती की गई।

**भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण**

डोरंडा जैप वन से पहुंचे छोटानागपुर बौद्ध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तमांग एवं जैप वन वाहिनी गुंबा समिति के प्रमुख पेमेन जिंबा के नेतृत्व में महिला अनुयायियों ने भक्तिभाव से भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। इससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

### दुनिया को शांति की ओर ले जा सकते हैं बुद्ध के विचार

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बुद्ध के विचार ही आज की दुनिया को शांति की ओर ले जा सकते हैं। हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आज जब समाज में तनाव और द्वेष बढ़ रहा है ऐसे समय में भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उद्देश्य सामाजिक सुधार और आत्मिक शांति की दिशा में एक उजाला बन सकते हैं। आलोक दूबे ने कहा कि बुद्ध के विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि भगवान बुद्ध संसार के महानतम आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे। उन्होंने करुणा, सहिष्णुता और नैतिक जीवन का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी मनुष्य को संतोष, संयम और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।

**बुद्ध जयंती एक आयोजन नहीं, आत्मचिंतन का अवसर भी :** वरिष्ठ अधिकारी निशा उरांव ने कहा कि बुद्ध जयंती केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। भगवान बुद्ध की करुणा और शांति का संदेश हर युवा के जीवन को दिशा दे सकता है। हमें गर्व है कि इस परंपरा को परिवार और समाज मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। समाजसेवी रोहित उरांव ने कहा कि बुद्ध के जीवन से हमें धैर्य, सहिष्णुता और विवेक की शिक्षा मिलती है। आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज को सकारात्मक दिशा देनी चाहिए। हमारे परिवार का यह प्रयास रहेगा कि यह परंपरा और संदेश निरंतर आगे बढ़े। लोगों ने एक स्वर में संदेश दिया कि आज जब समाज में तनाव और द्वेष बढ़ रहा है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उपदेश सामाजिक सौहार्द्र और आत्मिक शांति की दिशा में एक उजाला बन सकते हैं।

### सामाजिक सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन

# विवाह समारोह में 19 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा की ओर से रविवार को आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जरूरतमंद लड़के-लड़कियों का विधिवत पारंपरिक तरीके से सामूहिक आदर्श विवाह कराया गया। इसमें कुल 19 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने बताया कि समिति की ओर से सभी का स्वागत करते हुए सभी के लिए भोजन एवं वर वधुओं के लिए उपहार स्वरूप सामग्री भी दी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के रूप में पूर्व मंत्री एवं जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत मौजूद थे। मुखिया संघ के अध्यक्ष और जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोम उरांव ने कहा है कि सामाजिक सामूहिक विवाह परंपरा अनुसार संपन्न कराया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनजाति आयोग के सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आरती कुजूर, अंजलि लकड़ा, रितेश उराव पूर्व मुखिया, रोशनी खलखो, जॉर्ज लकड़ा कर्मपाल उरांव, वृंदा उरांव, भगवान सहाय, प्रफुल्ल अकात, देवनंदन सिंह, सुशील मरांडी एवं अन्य शामिल थे।

# इलाही नगर में पेयजल संकट, एक टैंकर की आपूर्ति से ही होता गुजारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड 35 अंतर्गत इलाही नगर, पुंदाग में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई, जिसमें उपस्थित स्थानीय लोगों ने फोरम के पदाधिकारियों को बताया कि वार्ड 35 के इलाही नगर क्षेत्र में पानी की भारी समस्या है और प्रतिदिन केवल एक टैंकर पानी निगम के द्वारा आपूर्ति होता है, जो साफ-सुथरा भी नहीं है। शाम तक पानी स्टोर रखने पर पानी पीला रंग का हो जाता है। वहीं यहां पर नाली का निर्माण पिछले वर्ष कराया गया था, जिसको संवेदक ने आधा-अधूरा छोड़ दिया है, जिससे नाली का पानी सड़क में बहता है और सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है। इससे जल जमाव होता है, जिससे लोग परेशान रहते हैं।



### इलाके में खेल का मैदान, पार्क और तालाब नहीं

मौके पर लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में कोई भी खेल का मैदान या पार्क नहीं है और ना ही कोई तालाब है। स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़ी हुई है, जिसका मेंटेनेंस नहीं हो रहा है। वर्ष 2022-23 में पाइपलाइन बिछाकर घरों में नल का कनेक्शन दे दिया गया, लेकिन अभी तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। इस फोरम के अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों को रांची नगर निगम का टोल फ्री नंबर और वार्ड 35 के सुपरवाइजर तथा सुपरवाइजर का नंबर दिया, साथ ही सभी समस्याओं को लिखित रूप से रांची नगर निगम के प्रशासक को अवगत कराने हेतु पत्राचार का निर्णय लिया गया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, वार्ड 7 के संयोजक अमरनाथ चौबे, वार्ड 3 के वार्ड समिति सदस्य संदीप कुमार, रेणुका तिवारी, सहित वार्ड 35 के सहसंयोजक विनय कुमार और रशीद अहमद, मोहम्मद रिजवान, शहंशाह खान, मोहम्मद इरफान अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज, रेयाजुल अंसारी, समीउल्लाह अंसारी, साहब अंसारी, साहिल अंसारी, रेयायुल अंसारी, मोहम्मद मुस्तकीम, मोहम्मद दानिश आलम, मोहम्मद खुर्शीद, अरशद अंसारी, मोहम्मद नौशाद अंसारी, अब्दुल कुदुस खां, मोहम्मद इस्लाम, अनायत करीम, हसरत अंसारी, दानिश राजा, शमशाद अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

# सिख पंथ के तीसरे गुरु अमर दास जी का 546वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में सिख पंथ के तीसरे गुरु श्री अमर दास जी का 546वां प्रकाश पर्व रविवार को मनाया गया। सुबह आठ बजे से सजाए गए विशेष दीवान की शुरूआत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। इस मौके पर गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन के माध्यम से गुर इतिहास सुनाया। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने शबद गायन कर संगत को गुरु की वाणी से निहाल किया।



सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने लंगर सेवा के लिए स्वर्गीय बिहारी दास काठपाल के परिवार के बच्चों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। दीवान का संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। दीवान समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। दीवान में सुंदर दास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, महेश सुखीजा, हरविंदर सिंह बेदी, प्रेम मिढ़ा, नरेश पपनेजा, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह हन्नी, मोहन लाल अरोड़ा, रमेश गिरधर, सागर थरेजा, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, हरीश मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, नानक चंद अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, बसंत काठपाल, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम सरदाना, अमरजीत सिंह मुंजाल, राजेंद्र मकड़, सुरजीत मुंजाल, नीरज सरदाना, ईशान काठपाल, किशन गिरधर, इनीश काठपाल, कुणाल चूचरा, कमल मुंजाल, उमेश मुंजाल, मनीष मल्होत्रा, पीयूष मिढ़ा, बबली दुआ, गीता कटारिया, मंजीत कौर, शीतल मुंजाल, बंसी मल्होत्रा, खुशबू मिढ़ा, दुर्गी देवी मिढ़ा, बिमला मिढ़ा,नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर, ममता सरदाना, मीना गिरधर,श्वेता मुंजाल, उषा झंडई, नीतू किंगर, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, गूंज काठपाल, खुशबू मिढ़ा, किरण अरोड़ा, गीता मिढ़ा, रानी मुंजाल, गोबिंद कौर समेत अन्य थे।

# बाइस सवार अपराधी कांके रोड में युवती से चेन छीनकर फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहर में छिनतई की घटनाएं थम नही रही है। बाइक सवार अपराधी दिनदहाड़े चेन छिनतई की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही एक घटना रविवार की सुबह वीवीआईपी इलाका गोंदा थाना क्षेत्र में घटी है। दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने युवती के गले से चेन छिनतई की है। इस में पीड़िता के द्वारा अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की पहचान कर छानबीन में जुटी है।



**क्या है घटना :** जानकारी के अनुसार गोंदा थाना क्षेत्र के बंसत बिहार स्थित पंचवटी प्लाजा में रहनेवाली युवती रविवार की सुबह करीब पौने बारह बजे रिलांयस मार्ट से खरीदारी कर पैदल अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान बसंत बिहार के पास बाइक पर सवार दो युवकों ने पीछे से उसके गले में झपट्टा मारते हुये चेन छीनकर भागने में सफल रहे। गौरतलब है कि शहर में छिनतई की घटनाएं रूक नहीं रही है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहा है।

## खबर एक नजर में

### रक्त का कण कण सेवा में समर्पित करना ही असली मातृत्व : कुमुद झा



**रांची।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक माता की जिंदगी बचाने के लिए कुमुद झा ने रामप्यारी अस्पताल में रक्तदान किया। समाजसेवी कुमुद झा ने कहा रक्त दान महादान है जो किसी भी मनुष्य द्वारा ही दान किया जा सकता, यह टेक्नोलॉजी या पैसे से प्राप्त नहीं होता। रक्त की कण कण मानव सेवा में समर्पित करना ही असली मातृत्व है ।मातृत्व दिवस पर एक माता को बचाने में योगदान देना मेरे लिए गर्व का विषय है।

### थैलेसीमिया एवं सिकल से पीड़ित बच्चों ने किया रक्तवीरों का सम्मान



**रांची।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में रविवार को लहू बोलेगा रक्तदान संगठन के द्वारा सत्य भारती सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया के पीड़ित बच्चों के द्वारा रक्तवीरों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में 15 बार से अधिक रक्तदान कर चुके नियमित रक्तदाता पत्रकार सौरभ शुक्ला, आदिल हसन, फोटो जर्नलिस्ट संदीप नाग, मेहर खालसा, सामाजिक कार्यकर्ता साजिद उमर को पुष्प देकर और मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### पत्रकार चंदन मिश्रा को मातृशोक

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा की माता कमला देवी का शनिवार रात रिम्स में निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका इलाज रिम्स में चल रहा था, जहां रात 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 11 बजे टाटीसिलवे के स्वर्णरेखा नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। निधन की सूचना मिलने के बाद पत्रकारिता जगत सहित सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है।

### सनातन युवा मंच ने भीख मांग रही महिला को पहुंचाया ओल्ड ऐज होम



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष करण कर्मकार और समीर कर्मकार ने मानवीय पहल की मिसाल पेश करते हुए अपर बाजार में भीख मांग रही एक महिला को सुरक्षित आश्रय दिलाने के लिए सक्रिय प्रयास किया। करन कर्मकार ने मर्सी ओल्ड एज होम के संस्थापक हिलारियुस एक्का से संपर्क किया और उन्हें वृद्ध महिला की स्थिति से अवगत कराया। सूचना मिलते ही हिलारियुस एक्का स्वयं महिला को अपने आश्रम तुपुदान बांधटोली हुलहुडू स्थित वृद्धाश्रम ले गए, जहां अब उस बूढ़ी मां को देखभाल की जाएगी।

### सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही एकसंझा व्रत संपन्न



**रांची।** मिथिला का व्रत एकसंझा रविवार को संपन्न हुआ। एकसंझा व्रत मिथिला क्षेत्र के रहने वाली महिलायें अपने बच्चों, पतियों और परिवारों की सुरक्षा के लिये करती हैं। छठ पर्व की तरह ही इस व्रत में भगवान सूर्य को दिन मे अर्घ्य देने का विधान है। मिथिला में इस पर्व को शनि-रवि पर्व भी कहा जाता है। यह त्यौहार छह महीने तक चलता है। व्रत करने वाला व्यक्ति छह माह की अवधि में जितने रविवार होते हैं उतने दिन एकसंझा करती हैं। रांची की रूपा चौधरी कहती हैं कि वह यह व्रत परिवार की खुशहाली एवं पति की सुरक्षा के लिए करती है।

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद वितरण



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में रविवार को 206वां अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। यह महाप्रसाद संस्था की मीरा अडूकिया व उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। इस दौरान भजन गायक मनीष सोनी ने मनमोहक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, निर्मल छावनिका, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, विशाल जालान, विधा देवी अग्रवाल, मधु जाजोदिया, सुनीता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, महेश वर्मा, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

# मदर्स डे पर महिलाओं को मिला सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप एवं छात्र क्लब ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्व मदर्स डे पर 11 महिलाओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उनकी लंबी उम्र, स्वास्थ्य लाभ, सुखमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा मातृत्व शक्ति के बिना हम अधूरे हैं। हमें आखिरी समय तक मातृ शक्ति का सम्मान करना चाहिए। वहीं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा माताएं विश्व के सभी लोगों की खुशी चाहती है। इस मौके पर सामाजिक क्षेत्र मे



उत्कृष्ठ सेवा कार्य करने के लिए राज्य सभा सांसद महुआ माजी, लायंस क्लब रांची लाइफ के अध्यक्ष रवि मेहता को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप के संस्थापिका नीलम देवी, संरक्षक ब्रजेश पाठक, निदेशक मंडली के अविनाश गौरव, प्रवास गौरव, प्रशासनिक पदाधिकारी कुणाल कौशल, राजेश कुमार, छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक, ललित कुमार चौधरी, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, नेहा सिंह, संध्या कुमारी, मीरा प्रसाद, रश्मि प्रिया, गजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### अंजुमन जाफरिया के अध्यक्ष बने नेहाल हुसैन

**रांची।** अंजुमन जाफरिया रांची का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में रविवार को समन्न हुआ। सैयद नेहाल हुसैन सरियावी अध्यक्ष बने जबकि उपाध्यक्ष जावेद हैदर और सचिव बने अशरफ हुसैन रिजवी। चुनाव प्रभारी जोहैर बाकर उर्फ शैलू भाई ने जीते हुए प्रत्याशी को सर्टिफिकेट देकर विजय की घोषणा की। अध्यक्ष चुने गये नेहाल हुसैन सरियावी ने सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अंजुमन के अधूरे कार्य को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि यहां किसी का हार-जीत की कोई बात नहीं है। हमलोग एक हैं और एक रहेंगे।

# अखंड संकीर्तन व महाआरती में सैकड़ों महिलाशक्ति हुईं शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखंड संकीर्तन के उपलक्ष्य में गोला के बरलंगा बांकाटोला स्थित श्री श्री राधा रानी मंदिर परिसर में रविवार शाम भव्य महाआरती हुई। महाआरती में बरलंगा आस-पास क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों महिलाशक्ति सम्मिलित हुईं। श्री श्री राधा रानी मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय संकीर्तन के उपलक्ष्य में विशेष रूप से महाआरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मातृत्व दिवस का अनोखा संयोग रहा। एकरूपी परिधान में श्रद्धालु महिलायें अपने घरों से आरती की थाल लेकर मंदिर परिसर पहुंचीं। मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओं के



बीच दीपक एवं शुद्ध घी का वितरण किया गया। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित मुन्ना पांडेय संजय पांडेय एवं फूची पांडेय ने महाआरती कराई। सभी के लिए सुख-शांति, उन्नति की प्रार्थना की गई। मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। महाआरती की गूंज पूरे गांव में सुनाई दी। महाआरती के दौरान महिलाशक्ति की एकजुटता एवं ईश्वर के प्रति उनके समर्पण तथा विश्वास की झलक देखने को मिली।

# एक्वा वर्ल्ड में मदर्स डे कार्यक्रम भारत माता को समर्पित रहा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रविवार को मदर्स डे का विशेष कार्यक्रम भारत माता को समर्पित रहा। कार्यक्रम मां तुझे सलाम की थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत में मिक्सड एलिमेंट्स डांस ग्रुप के द्वारा तेरी मिट्टी... और देश रंगीला.. गीतों पर नृत्य पेश किया गया। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे श्रृंखला की शुरूआत मदर्स डे के कार्यक्रम से हो गई। इस अवसर पर अनेक सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं, जहां वायु सेना, नौसेना और थल सेना के पराक्रम को दिखाया गया। इसके अतिरिक्त एक सिग्नेचर बूथ भी बनाया गया है। इसमें लोग वी स्टैड विद भारत की थीम पर हस्ताक्षर कर रहे थे। रविवार को मदर्स डे पर मम्मी और बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया। मम्मी और बच्चों ने रैंप पर चलकर मां के थीम वाली गीतों पर रैंपवॉक किया। अतिथि के रूप में रूप में दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा, नीतू कुमारी, डेविड आदि मौजूद थे। सभी विजेताओं को एक्वा वर्ल्ड समूह की को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, प्रद्युम, साहिल, सुचित्रा, लावण्या, सोनाक्षी, ज्योत्सना, रव्या, नेवा, रीवा आदि उपस्थित थे।

### स्कूली छात्र-छात्राओं को भी देते हैं प्रशिक्षण

# पहले पुलिस को देखकर ही लगता था डर, अब दे रहे हैं पुलिस को प्रशिक्षण

**विवेक राज**

**रांची।** बचपन में पुलिस को देखकर डरनेवाला बच्चा आज बड़ा होकर पुलिस को प्रशिक्षण दे रहा है। ये कोई अंजान नही हैं बल्कि पुलिस विभाग के चर्चित पुलिस इंस्पेक्टर आसित कुमार मोदी हैं। आज वह अपने आप में गर्व महसूस करते हैं, जब इन्हें सीनियर अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का मौका मिलता है। खबर मन्त्र से विशेष बातचीत में इंस्पेक्टर आसित कुमार मोदी ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

**वर्ष 2012 में पीटीसी, हजारीबाग से टीचिंग करियर की शुरूआत**

वर्ष 2012 से 2016 तक पीटीसी, हजारीबाग में रहकर सीधे नियुक्त 2012 बैच के 250 दारोगा और चतुर्थ बैच के 67 सीधे नियुक्त डीएसपी को प्रशिक्षण देकर टीचिंग कॅरियर की शुरूआत की थी। जिसमें आसित कुमार मोदी को तत्कालिन आईजी, डीआईजी व एडीजी के द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। वहीं 2016 से 2017 के अक्टूबर तक और 2022 से अबतक अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार में भी इनकी भूमिका हैं। होटवार में भी इन्हें 50 से अधिक पुरस्कार मिले हैं।

### नये कानून पर हजारों पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण



वर्ष 2024 में जब नये आपराधिक कानून लागू होने के संबंध में अधिसूचना जारी भी नहीं हुई थी, तब मार्च 2024 से ही इनके द्वारा बीएनएस और बीएनएसएस पर करीब हजारों पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिनमें दारोगा से लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे। नये आपराधिक कानून पर प्रशिक्षण देने व मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के कार्य को देखते हुये इन्हें पुलिस महानिरीक्षक, अपर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा 10-10 हजार रुपये से पुरुस्कृत किया गया है। इन्हें झारखंड पुलिस सराहनीय सेवा पदक व झारखंड राज्यपाल विशिष्ट सेवा पदक से भी नवाजा गया है। एडीपीएस एक्ट प्रशिक्षण देने के लिये इन्होंने चतरा, चाईबासा, खूंटी, लातेहार, पलामू, रांची, हजारीबाग जिलों में भी जाकर कार्य किये हैं। जिसमें विभिन्न जिलों के पुलिस अधिक्षकों के द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया है।

### स्कूल के बच्चों को भी देते हैं प्रशिक्षण

श्री मोदी को प्रशिक्षण के लिए स्कूलों में भी आमंत्रित किया जाता है। जहां भी वे स्कूली छात्र-छात्राओं को गुड टच, बैड टच, साईबर व यौन अपराध से बचने के लिए प्रशिक्षण देने पहुंचते हैं। राज्य के औषिधि निदेशालय के द्वारा भी इन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

स्पीड न्यूज

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**इटकी।** थाना क्षेत्र के भंडरा गांव में शनिवार की रात 31 वर्षीय शंकर उरांव नामक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक शंकर उरांव, पिता मुन्ना उरांव का शनिवार की रात खाना खाने को लेकर अपनी पत्नी के साथ कहा सुनी हो गयी। इसके बाद शंकर अपने कमरा में चला गया। जबकि उसकी पत्नी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दूसरे कमरे में सो गयी। सुबह शंकर के कमरा का दरवाजा नहीं खुला तो देखा गया कि शंकर गले मे फंदा लगाकर कमरा में लगे पंखा से लटका हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना इटकी थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### पत्रकार चंदन मिश्रा को मातृशोक



**अनगड़ा।** वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा और वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक कुमार मिश्रा की माता कमला देवी का शनिवार रात रिम्स में निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका इलाज रिम्स में चल रहा था, जहां रात 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को टाटीसिलवे के स्वर्णरेखा नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर पत्रकारिता जगत सहित सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उनके अंतिम संस्कार में विधायक राजेश कच्छप सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुये।

### बिजली तार को हटाने की मांग

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरुगुट्टू महतोटोली गांव के ग्रामीणों ने विधायक सुरेश बैठा व कांके सबस्टेशन के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर घरों से ऊपर गुजरे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार को हटाने की मांग किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उरुगुट्टू महतोटोली में कई घरों के ऊपर से 11 हजार का बिजली तार गुजरा है जिससे हर समय घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा है कि कई बार ग्रामीणों व जानवरों को बिजली का झटका भी लग चुका है। विधायक ने विभाग के एसडीओ को जनहित में जल्द से जल्द उक्त बिजली तार को सड़क किनारे से ले जाने का निर्देश दिया है। वहीं कांके एसडीओ पंकज कुमार ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन मिला है जल्द ही उक्त बिजली तार को हस्तांतरित किया जायेगा।

### सीसीएलकर्मी चोटिल

**खलारी।** एनके एरिया के डकरा खदान से स्टाक में कोयला ले जा रहा डंपर एक गड्ढे में गिर गया। जिससे डंपर आपरेटर सीसीएलकर्मी आकाश कुमार को चोट लग गई। उन्हें कमर व पैर में चोट लगी। साथ कर्मियों ने आकाश को डकरा सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी आपरेटर से मिलने अस्पताल पहुंचे। उसका हालचाल लिए। अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी सीसीएल अधिकारी आकाश को देखने नहीं पहुंचा। कोयला उत्पादन में मजदूरों का बड़ा योगदान होता है।

## महीनों से खराब जलमीनार बना ग्रामीणों की परेशानी का कारण

# पानी के लिए रोजाना भटक रहे महुआ धौड़ा के लोग, जिम्मेदार बने मौन दर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** प्रखंड कार्यालय से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित महावीर नगर के महुआ धौड़ा इलाके में लगा जलमीनार पिछले कई महीनों से खराब पड़ा है। इससे ग्रामीणों को भारी जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। करीब छह-सात महीने खराब रहने के बाद तीन महीने पहले इसे मरम्मत कर शुरू किया गया था, लेकिन अब यह फिर से खराब हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार में बार-बार खराबी आने से इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सप्लायर, जनप्रतिनिधि और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से इस योजना में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और सरकारी राशि का जमकर दुरुपयोग हुआ। लोगों ने बताया कि जलमीनार लगाने के दौरान इलाके के सभी चापाकल हटा दिए गए थे। अब जब जलमीनार काम नहीं कर रहा है, तो इलाके में पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। ग्रामीणों को बाल्टी लेकर दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। कुछ समाजसेवियों ने इस जलमीनार योजना को 'लूट योजना' करार देते हुए कहा कि इससे आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ, बल्कि अधिकारियों और सप्लायर की जेबें भर गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जलमीनार लगाने के दौरान पंचायत प्रतिनिधि और अधिकारी दिन-रात सक्रिय रहते थे, लेकिन अब जब वह खराब है तो कोई भी इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जलमीनार की मरम्मत कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जिला परिषद सदस्य ने सोंस में किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो।** प्रखंड के सोंस सरना टोली में रविवार को जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान कहा कि पहले से गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी लोगों ने एक दिन पूर्व दी थी। इसके बाद विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आग्रह किया। समस्या को देखते हुए तत्काल 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का अनुशंसा किया। इस क्षेत्र में अधिकतर गरीब ग्रामीण, किसान रहते हैं और ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। अदिल अजीम ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी और इस भीषण गर्मी में राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह हमारी मातृभूमि है और मातृभूमि की सेवा करने में बहुत खुशी होती है। मुझे अपने गांव के लोगों ने इस काबिल बनाया है कि आज मैं पूरे चान्हो प्रखंड क्षेत्र में समस्याओं के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। मौके पर अजय महतो, इम्तियाज आलम, मोहम्मद सईद, रंजीत उरांव, मंगरी उराव, नसरुल अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# हाथी के हमले से वनरक्षी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घायल सोमनाथ मुंडा।

**सोनाहातु।** थाना क्षेत्र के बुंडू वनक्षेत्र अंतर्गत के बांसवन में रविवार दिन के 2 बजे के घायल हथिनी को दवा के साथ फल देने के क्रम में एक अन्य हाथी ने वनरक्षी सोमनाथ मुंडा को हमला कर घायल कर दिया है। घायल रोड पोवादीरी गांव का रहने वाला है। घायल हथिनी की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए वनपाल के द्वारा स्थानीय वनरक्षी को तैनात किया गया है। दवा और फल देने के दौरान ही एक अन्य हाथी ने अपने सूंड से हमला किया। अपने साथी को आवाज देकर घायल होने की जानकारी दी। आनन फानन में इलाज के लिया सोनाहातू अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। जिससे सोमनाथ मुंडा का दाहिना हाथ टुट गया है। वन विभाग के कर्मचारी भी रिम्स पहुंचे है।

# मेसरा से चोरी हुई बाइक ओरमांझी से बरामद

- चोरी की बाइक छोड़ बोलेरो चोरी कर भागे, चोर सीसीटीवी में कैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा चोरों द्वारा छोड़ी गई चोरी की बाइक।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के जीराबार से अज्ञात चोरों ने एक बोलेरो चोरी कर फरार हो गए। बोलेरो चंदवा लातेहार निवासी संजय उरांव की थी। संजय उरांव गांव के अजय कुमार का जेसीबी चालक है। 10 मई को भोर-भोर को हुई बोलेरों चोरी करने वाले चोरों का तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि बोलेरो संख्या जेएच01एजी-7475 गैरेज में खड़ी थी। वहीं दो चोर एक बाइक में सवार होकर पहुंचते हैं। जिसके बाद बाइक खड़ी कर फोन कर अपने अन्य साथियों को बुलाते हैं। कुछ देर में ही एक बाइक पर सवार तीन चोर पहुंचते हैं। बोलेरों को धक्का देकर स्टॉर्ट करने के बाद पहले पहुंचे बाइक को छोड़कर सभी फारा हो गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस घटना से संबंधित जानाकरी ली, और चोरों द्वारा छोड़े गए बाइक को जब्त कर लिया गया। बाइक की जांच में पता चला कि पुलिस द्वारा जब्त पैसन प्रो बाइक जेएच01बीएफ-9011 नेवरी विकास निवासी कृष्णा कुमार ठाकुर की है, और एक दिन पूर्व उसके घर से चोरी हो गई थी। बाइक चोरी का मामला मेसरा थाना में दर्ज कराया गया था। इधर ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से चोरों का पता लगाने का प्रयास की जा रही है।

# रातू : आकाशीय बिजली गिरने से महिला घायल

- सोयी हुई थी मोमिना
- बाजपुर की है घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी मिन्हाज अंसारी के घर में शनिवार की रात करीब 12.30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, इसके झटके से बगल के कमरे में सोयी। उनकी पत्नी मोमिना परवीन घायल हो गयी। स्थानीय अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। वह खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

**मुआवजे की मांग**

ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस प्राकृतिक आपदा से उन्हें लगभग 1 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने सीओ रवि कुमार से क्षति का आकलन कर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि जिस कमरे में बिजली गिरी उसमें कोई सदस्य नहीं थे। इससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि बिजली का बेग इतनी तेज थी कि घर में रखे सभी सामान टूट कर बिखर गये।

# मां इश्वर की साक्षात प्रतिमा होती है : अभिजीत कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** पूरनचन्द फाउंडेशन और सिरका पंचायत के मुखिया के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए सिरका मे समर कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार द्वारा किया गया इस मौके पर मुखिया रोशन लाल मुंडा को पूरनचन्द स्मृति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की झारखंड राय विश्वविद्यालय के प्रो संजय कुमार ने की। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों को करियर काउंसलिंग प्रदान करना था। साथ ही मदर्स डे के उपलक्ष्य में समुदायिक भवन में मातृ दिवस का भी आयोजन हुआ हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार ने कहा कि मां किसी भी रूप में हों, वह ईश्वर की साक्षात प्रतिमा होती हैं। हमने भगवान को नहीं देखा, लेकिन मां-पिता के रूप में हमने उन्हें अनुभव किया है। माँ अपने बच्चों के लिए हर संघर्ष सहती है, उन्हें हर संभव मार्ग पर चलना सिखाती है और अपना सर्वस्व समर्पित कर देती है। मुखिया रोशन लाल मुंडा ने भी बच्चों के बीच प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है यदि वह सही दिशा में कार्य करे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन की टीम के सदस्यों अमरदीप कुमार, अजीत सर, सत्यम, अमन कुमार, वागीशा मैम सहित सभी ने विशेष योगदान दिया।

### दशकर्म के लिए विधायक के सौजन्य से राशन मिला



**अनगड़ा।** प्रखंड के अनगड़ा पंचायत ग्राम महुवा टोली निवासी मृतक हीरदा लोहरा के दसकर्म हेतू खिजरी के विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से सूखा राशन उपलब्ध कराया गया। मौके विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव पंचायत समिति सदस्य कुच्चू जोन तिग्गा युवा नेता आशिष मुण्डा अजय करमाली सुखराम उरांव तिवारी भोगता अनिल बड़ाईक सहित मृतक के परिजन ननकी देवी अजम्बर लोहरा अधीन लोहरा जतरी कुमारी उपस्थित थे।

### सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति केंद्र के तत्वावधान मदर्स-डे मनाया गया



**खलारी।** सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति केंद्र के तत्वावधान में रविवार को साईं नगर बुकबुका खलारी में मदर्स–डे मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिता गंझू और संचालन सरोज चौधरी ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सावित्रीबाई फुले के चित्र पर उपस्थित महिलाओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही भारत की शास्वत शेरनी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की सराहना कर उनके कुशल जीवन के लिए प्रार्थना किया गया। वहीं मौके पर अध्यक्षा अनिता गंझू ने कहा कि हर भारतीय नारी को मां सावित्रीबाई फुले के ममता, त्याग और समर्पण के मार्ग पर चलना होगा तभी भारत मां विश्व गुरु बन सकता है। सरोज चौधरी ने कहा कि नारी केंद्र के द्वारा सामाजिक न्याय और सामाजिक मूल्यों के लिए मिलकर काम करने को ही हमेशा हम प्रयासरत रहेंगे। कही कि नारी समस्याओं के साथ समाज के अन्य समस्या को हल करने के लिए महिलाओं को पुरुष के साथ साझा प्रयास करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के अंत में मदर्स–डे के अवसर पर आसपास के बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर नीलू विश्वकर्मा, कौशल्या देवी, माया देवी, वीणा देवी, रुबी देवी, माही प्रवीण, शारदा देवी आदि लोग उपस्थित थीं।

## बेड़ो के नेहालु गांव में मंडा पूजा समारोह का आयोजन

# मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर : सन्नी टोप्पो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालु गांव में रविवार को महादेव मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में तीन दिनी मंडा पूजा समारोह का आयोजन धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में जागरण के दिन शिवभक्तों ने लोटन सेवा, धूआं सूंआं व फूलखूंदी के तहत भगवान भोलेनाथ का आराधना किया। वहीं जतरा,झूलन और नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फूलखूंदी के दौरान धधकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर व झूलन के दौरान शिवभक्तों ने आस्था के फूल बरसाए। जिसे श्रद्धालुओं के बीच पाने होड़ व ललक मची रही। साथ ही जतरा के दौरान ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।

साथ ही नागपुरी कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नाच गान प्रस्तुत कर जनमानस को बांधे रखा। इधर समारोह को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया बीरेंद्र भगत,उप मुखिया जितिया उरांव, अंजली कच्छप, सरोज राम, अध्यक्ष सोमरा प्रधान, विष्णु प्रधान,पवन कुमार साहू, सुभाष भगत, ओम प्रकाश भगत, सरिता देवी, क्रमबीर स्वांसी, जीवन साहू, भंवरा उरांव,आकाश भगत, रंजन गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।


### डेम्बुआ में प्राकृतिक पर्व सरहुल मना



**खलारी।** बेंती पंचायत के डेम्बुआ ग्राम में रविवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया। इस दौरान गांव के पाहन चौथीया गंझू के द्वारा मुर्गे की बलि देकर गांव तथा आसपास के क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए प्रार्थना किया गया। वहीं पाहन ने सभी लोगो के बीच फुलखोन्सी किया। साथ ही लोगों ने नगाड़े की थाप पर गीत नृत्य का आनंद लिया। इस मौके पर अशोक गंझू, फलेंनदर गंझू, जगदीश गंझू, मनोज मेहता, त्रिभुवन गंझू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेड़ो में बने आइटीआइ कॉलेज 12 साल बाद भी नहीं हुई शुरू

## करोड़ों रुपये की लागत से बना आइटीआइ कॉलेज शोभा बनकर रह गई है, भवन धीरे-धीरे हो रहे जर्जर



बेड़ो के चचकोपी गांव में बेकार पड़ा आइटीआइ कॉलेज भवन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** जब कोई योजना धरातल पर उतारी जाती है तो सबसे पहले उस योजना का लाभ कैसे आम जनता को मिले सबसे पहले इस पर विचार-विमर्श किया जाता है। लेकिन प्रखंड के चचकोपी गांव में योजना पर विचार किए बिना ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाने में करोड़ों रुपये खर्च कर दिये गये हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि संस्थान का भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। यह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ कालेज) शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। इसके निर्माण कार्य हुए बारह साल बीत चुके हैं लेकिन इसे चालू नहीं किया गया है। इस वजह से तकनीकी शिक्षा के मामले में क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। जबकि रेलवे एवं बिजली विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी पाने के लिए आइटीआइ की योग्यता अनिवार्य किया गया है। फिर भी बेड़ो के चचकोपी में बने इस आइटीआइ कालेज को सरकार द्वारा चालू नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां के युवक निराश हैं।

**भवन निर्माण के समय काफी उम्मीदें थी**

गांव में रहने वाले लोगों व अभिभावकों से बात की गई तो उनलोगों ने बताया कि जब इस भवन का शिलान्यास हुआ था। तो हमें बहुत उम्मीदें थी। हमे लग रहा था कि हमारे बच्चों के पढ़ाई अब घर के सामने ही हो जायेगी। सरकारी कॉलेज होगा तो पैसा भी कम लगेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसे बने 12 साल हो गये लेकिन पढाई शुरू नहीं हो पायी। अब भवन भी खंडहर में तबदील हो रहा है। कोई भी जिम्मेदार इसमें ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने सवाल किया कि जब इससे चालू ही नहीं करना था तो फिर बनाया ही क्यों ?

**कब और कितने की लागत से बनकर तैयार हुआ भवन**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए भवन का निर्माण 3 करोड़ चार लाख की लागत से वर्ष 2013 में किया गया था। इस भवन का निर्माण बेड़ो के चचकोपी गांव में किया गया है जो प्रखंड से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर है।लोगों का कहना है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाने में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि संस्थान का भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा है।

**क्या था भवन का उद्देश्य, कितना पूरा हुआ लक्ष्य**

कौशल विकास योजना के तहत हर किसी में कौशल का विकास करना इसका मुख्य उद्देश्य था। अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करोड़ों खर्च तो कर दिए गए लेकिन प्रशिक्षण के लिए भवन का इस्तेमाल एक दिन भी नहीं हुआ। ऐसे में लक्ष्य प्राप्ति मात्र एक सपना बनकर रह गया है। भवन की हालत देखकर आज यही लगता है कि विभाग इसे लेकर पूरी तरह उदासीन हो चुका है। रखरखाव के अभाव में चारों तरफ झाड़ी उग गया है।

## शहीद वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय प्रकरण

# आदिवासी छात्र संघ ने संगठनों का जताया आभार

- तमाड़ विधायक को दी बधाई
- खिलाई मिठाई, दिया अंगवस्त्र



सुमित उरांव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** आदिवासी छात्र संघ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर शहीद वीर बुधु भगत किये जाने के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। संघ ने इसे झारखंडी अस्मिता, आदिवासी पहचान, बलिदान और भावना की विजय बताया है। संघ ने इस संघर्ष में शामिल संगठनों तथा तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर आभार प्रकट किया है।

**बाबूलाल को दी बधाई**

केंद्रीय प्रवक्ता सुमित उरांव ने कहा कि तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा छात्र ईकाई भी आंदोलन का हिस्सा रहा है, इसलिये बाबूलाल मरांडी विशेष तौर पर बधाई के पात्र हैं। उन्होंने श्री मरांडी से संघ के रचनात्मक कार्यों में सहयोग किये जाने का आग्रह किया है। मौके पर अध्यक्ष विवेक तिर्की, उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, मीडिया प्रभारी अलोक तिर्की, अमित तिग्गा, रातू प्रखंड सचिव, अनुज तिर्की, कोषाध्यक्ष प्रकाश और कई सक्रिय सदस्य आदि।

## स्पीड न्यूज

### पीड़ित के घर पहुंचे पांकी विधायक



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता विस क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर-पितांबरपुर के ग्राम गोराडीह पहुंचे। विधायक ने गोराडीह के सुरेन्द्र शर्मा की पत्नी के असामयिक निधन की सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार के घर गये थे। मृतका अपने पीछे पति व एक 11 वर्षीय पुत्र छोड़ गयी हैं। विधायक ने गहरा शोक व्यक्त किया तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर प्रमुख सुनील पासवान, देवराज शर्मा, डोमन शर्मा, साधु मांझी, विजय विश्वकर्मा, राति देवी, सुधीर तिवारी व कई लोग मौजूद थे।

### खतरनाक : नीचे लटके हैं कई पोल के तार



**पाटन पलामू।** बिजली विभाग की लापरवाही से रविवार को सुबह बड़ी घटना होने से टल गयी। राजहरा पंचायत के पांडेयपुर गांव होते मेन सड़क से गुजर रहा बाराती बस बिजली तार की चपेट में आ गया। ड्राइवर और खलासी ने तार को खंभे से ऊपर उठाकर बस पार किया गया। बस में यात्री मौजूद थे। बिजली विभाग के लापरवाह कर्मी रोड पर लूज तार छोड़ दिये थे। ग्रामीणों के कहने पर भी तार को नहीं खोला गया, न ही तार को टाइट किया गया। बिजली विभाग के कर्मी ग्रामीण क्षेत्र में जैसे तैसे तार, पोल लगाकर छोड़ देते हैं जिससे आये दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का मना वार्षिकोत्सव, भंडारे का भी आयोजन



**मेदिनीनगर।** रेडमा पांकी रोड में कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का 8वां वार्षिकोत्सव मंदिर कमेटी और प्रबुद्ध लोगों ने किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ललन तिवारी ने बताया कि हरवर्ष की भांति इसवर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ धाम में पंडित बिनय पांडेय के नेतृत्व में यजमान मुनि तिवारी सपत्नीक और सुनील तिवारी ने रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना की और संध्याकाल में भंडारा किया गया। मंदिर में महाकाल मंदिर की तर्ज पर भगवान भोलेनाथ का सिंगार प्रभात मिश्रा के परिवार करवाता है। लगातार आठ वर्ष हर शनिवार शाम 5 बजे से सुंदर कांड का पाठ उमाशंकर पांडेय अधिवक्ता और उनकी टीम करती है जो अनवरत चालू है। साथ ही प्रत्येक सोमवार को मंदिर कमेटी रुद्राभिषेक करवाती है। मंदिर की महिमा लगातार बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रघुनंदन प्रसाद, अजय शुक्ला, बीरन तिवारी, मुकेश तिवारी, सुशील तिवारी, प्रेमशंकर दुबे, रिंकू ओझा, बीजू मिश्रा, रघुनाथ गुप्ता, प्रभाकर तिवारी, अनिल तिवारी, पिंकू तिवारी दिलीप दुबे, दिलीप कुमार, किशोर दुबे, प्रभात रंजन दुबे, नवीन पांडेय, अशोक तिवारी, कामेश ओझा सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

### किसान संघ ने बनायी उन्नति की रणनीति



**पाटन पलामू।** प्रखंड के महुलिया स्थित शिव मंदिर प्रांगण में किसान संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता जितेंद्र सिंह ने की। बैठक में किसान देश की उन्नति में किस प्रकार अपने योगदान को बढ़ायें विषय पर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि सरकार किसानों के हित में कार्य नहीं करते हैं तो किसान एकजुट होकर कार्य करेंगे। ऐसा करने पर सरकार किसानों के फसलों का उचित मूल्य समय पर देगी। साथ ही उन्हें खेती करने के सभी सुविधा प्रदान करेगी। किसानों को उनकी धान का पैसा सरकार भुगतान नहीं किया है। ऐसे में किसान चिंतित हैं। बैठक में विनय पांडेय, रामाशीष सिंह, अरबिंद पांडेय, बसंत पांडेय, गुप्तेश्वर पांडेय, विशुनदेव पांडेय, उमेश, सचिन, नीरज, अशोक, इंदु, विरेंद्र, अवधेश पांडेय, विकास पांडेय, रामाकांत पांडेय, आदित्य पांडेय, रमेश पांडेय भी थे।

### इप्टा स्थापना दिवस के कार्यक्रम भारतीय सेना को होंगे समर्पित



**मेदिनीनगर।** इप्टा की पलामू इकाई ने पहलगाम हमले के विरोध एवं 25 मई को मनाया जाने वाले इप्टा स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर स्थानीय इप्टा कार्यालय में एक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम भसीन ने की। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा कर सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की सूझबूझ एवं सतर्कता की सराहना की गयी। अपील की गयी कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलायें, क्योंकि ऐसा करना देश की एकता और सुरक्षा को कमजोर कर सकता है। सचिव रविशंकर ने बताया कि यह दिवस 'जैन संस्कृत दिवस' के रूप में मनाया जाता है। बच्चों के लिए 12 से 24 मई तक प्रतिदिन एक घंटे की नाट्य कार्यशाला होगी। यह संपूर्ण कार्यक्रम भारतीय सेना को समर्पित होगा। बैठक का समापन जंग नहीं होने देंगे, एटम नहीं गिरने देंगे... गीत की सामूहिक प्रस्तुति हुई। अंत में इप्टा के तबला वादक एवं रंगकर्मी रंजीत पाठक की भतीजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह, शीला श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, विकास कुमार पप्पू, समरेश सिंह, गोविंद प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति, राजीव रंजन, शशि पांडेय, संजीव कुमार संजू, भोला, अजीत कुमार, संजीत कुमार दुबे समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने किया मारवाड़ी युवा मंच के चलंत पनशाला का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच डालटनगंज शाखा द्वारा रविवार को शहर में हर साल की भाँति इस साल भी अमृतधारा कार्यक्रम के तहत गर्मी के मौसम में चलंत पनशाला खोला गया। मंच इस पनशाला के माध्यम से राहगीरों की प्यास बुझाने का प्रयास करता है। चलंत पनशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने फीता काटकर किया। मौके पर चलंत वाहन को रवाना किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच ने भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए प्रयास किया, यह सराहनीय है।

# ऑक्सफोर्ड में मना दादा-दादी सम्मान सह दीक्षांत समारोह

- विद्यालय के निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने दी शुभकामना
- कार्यक्रम नवीन व पुरातन पीढ़ियों के बीच रखती है समायोजन : शैक्षिक निदेशक सिम्मी मेहता
- तनाव में सुकून व घर की चैन होती है दादा दादी : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र टोली**




कार्यक्रम के मौके पर मंच पर उपस्थित अतिथि, प्राचार्य व अन्य और प्रस्तुति तथा सम्मान पाते स्कूली बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने रविवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी (दीक्षांत) सह दादा-दादी सम्मान समारोह मनाया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पारंपरिक प्रथानुसार कक्षा प्रेप से प्रथम कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को गाऊन पहनाकर, पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।

बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया जाता है। इस समारोह के आयोजन का एक मुख्य उद्देश्य है - समारोह में बच्चों के साथ आये हुए दादा-दादी, नाना-नानी तथा अभिभावक का सम्मान। इससे यह ज्ञात होता है कि बच्चों के जीवन में दादा-दादी की भी महती भूमिका होती है।

मौके पर ऑक्सफोर्ड ग्रुप के शैक्षिक निर्देशक सिम्मी मेहता, विद्यालय प्राचार्य डॉ एके सिंह एवं दादा-दादी, नाना-नानी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के ग्रैंड पैरेंट्स का अभिवादन व छात्रों को शुभकामना देते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में छठवीं बार इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि दादा दादी विगत और भावी पीढ़ी के मध्य समायोजन की कड़ी होती है। दादा-दादी तनाव में सुकून और घर की चैन, अनुभव का सार और जीवन की झंकार और कहानी का जरिया और अनुभव का दरिया होती है। यह कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही दो पीढ़ियों के बीच सेतु का काम करता है। जो रिश्ता, बिना किसी शर्त के होता है-वह अनंत होता है। उनका अनुभव और नजरिया बच्चों को जीवन की हर परिस्थितियों से जूझने की शक्ति देता है।

प्राचार्य ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी के सर्वांगीण गुणों का समावेश बच्चों में होता है। वे ही बच्चों को घर और बाहर में अनुशासन, शिष्टाचार और सुसंस्कार की शिक्षा देते हैं। वे हमें सूर्योदय के साथ जगना, उठना, बड़ों का पैर छूकर प्रणाम करना, माता-पिता की आज्ञा मानना एवं बुजुर्गों की सेवा करना सिखाते हैं। नैतिक शिक्षा का ज्ञान बच्चे बुजुर्गों से ही प्राप्त करते हैं। वे भविष्य में चरित्रवान तथा आदर्श मनुष्य बनने की शिक्षा हमें देते हैं। हमें आजीवन दादा-दादी, नाना-नानी की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने नृत्य से किया। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ छात्रों ने सामूहिक नृत्य की अनुपम छटा प्रस्तुत की। छात्रों ने ये तो सच है कि भगवान है... गीत पर प्रस्तुति दी। बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित लघुनाटिका का भी मंचन किया। छात्राओं ने शिवस्तोत्र प्रस्तुत किया। वरिष्ठ छात्रों ने अर्ध शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किये। ऑक्सफोर्ड के ही प्रेप कक्षा से उत्तीर्ण 101 छात्रों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।ऑक्सफोर्ड ग्रुप के शैक्षिक निदेशक सिम्मी मेहता ने ग्रैंड पैरेंट्स का अभिवादन व छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय की पुरातन परंपरा अनुसार ऑक्सफोर्डमेदिनीनगर की यह छठी ग्रेजुएशन सेरेमनी है। यह कार्यक्रम नवीन व पुरातन पीढ़ियों के मध्य समायोजन रखती है। हमें बुजुर्गों की आज्ञा का पालन कर उनके आदर्श जीवन से सीख लेनी चाहिए। जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अविचलित रहकर अपने व परिवार की उन्नति के लिए निरंतर परिश्रम करते रहें। विद्यालय ने इस आयोजन की बहुत सराहना की। ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता ने भी दादा-दादी व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद तथा मीनू सिंह व धन्यवाद ज्ञापन तनुश्री ने किया। मौके पर सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

#### हजरत दाता पीर बख्श का दो दिवसीय सालाना उर्स संपन्न

# हजरत दाता पीर बख्श का मजार आस्था का केंद्र: संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हजरत दाता पीर बख्श का दो दिवसीय सालाना उर्स शनिवार की रात संपन्न हो गया। मौके पर मजार पर दोनों समुदाय के लोगों ने मजार पर चादरपोशी का सुख शांति की दुआ मांगी। इस मौके पर समाजसेवी इब्राहिम सेठ के सौजन्य से शानदार कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक संजय सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह, शेर अली, उर्स कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन, और समाजसेवी इब्राहिम सेठ की धर्मपत्नी सायरा बानो, सुहाना खान ने फीता काट कर किया। मौके पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि दाता साहब का मजार सभी धर्म के लोगों का आस्था का केंद्र है, यहां बिना रोक टोक के हर कोई बाबा के मजार पर माथा टेकने का काम करते हैं। मान्यता है कि यहां पर मांगी गयी मुराद यहां अवश्य पूरी होती है।



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

**खास बातें :** शायर बानो ने कहा कि मेरी खुशकिस्मती है कि मैं दाता पीर बख्श साहब की नगरी की बहू हूं। मैं पिछले 22 वर्षों से उर्स पर बाबा की दरबार में हाजरी लगती आ रही हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की और संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। कव्वाली का शानदार मुकाबला मशहूर कव्वाल बाबू साबरी और कव्वाला रौनक परवानी के बीच हुआ। शुरुआत कव्वाल बाबू साबरी ने हमद और नात ए पाक पेश कर किया। इसके बाद दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कव्वाली प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। समापन दोनों कलाकारों शहीद ए कर्बला की शान में कव्वाली पेश कर किया।

# शिक्षा-स्वास्थ्य के सामंजस्य से पलामू को मिलेगी नयी दिशा : अविनाश देव

- संत मरियम स्कूल ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
- जिले के कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने की शिरकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेडमा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल में संत मरियम स्कूल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पलामू प्रमंडल के कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, पलामू प्रमंडल के सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉ राजीव नयन, ऑर्थो सर्जन प्रवीण सिद्धार्थ, ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ मुकेश कुमार सिन्हा, डेंटिस्ट डॉ राजेश कुमार ने दीप-प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। वहीं चेयरमैन श्री देव ने सभी चिकित्सकों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। शिविर में संत मरियम स्कूल के सैकड़ों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया और ईसीजी, बीपी, शुगर जैसी कई अन्य जांचें भी करवायी।




मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल सिर्फ.शिक्षा के लिए ही समाज को समर्पित नहीं है, अपितु समाज हित के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने का प्रयास कर रहा है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा सुदृढ़ समाज की बुनियाद हैं। इन दोनों को समन्वय के साथ कार्य करना, समाज हित में लाभप्रद होगा। शिविर में आये सभी चिकित्सकों को श्री देव ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग काफी सराहनीय रहा। मेरे इस पहल में आपका योगदान सार्थक रहा तो निश्चित रूप से पलामू में समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्राचार्य एसबी साहा ने किया। मौके पर प्रवीण दुबे, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

# मिशन समृद्धि ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान के तहत पूड़ी सब्जी केला का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि इसबार अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों की संख्या नहीं के बराबर थी। शनि मंदिर परिसर में बूढ़े दिव्यांग राहगीर जरूरत मंदों के बीच भोजन का पैकेट और केला का वितरण किया गया। सदर अस्पताल में भी भोजन के पैकेट वितरण किया गया। कहा कि भोजन व्यवस्था में राकेश पाण्डेय, रमेश, शबाना जैसे लोगों का



सहयोग मिला। अस्पताल की सफाई और व्यवस्था अच्छी थी। वहां भोजन और फलों का वितरण मरीजों के परिजनों के बीच किया जा सकता है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद हो सकती है।

# विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मातृत्व दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को विश्व मातृत्व दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मातृशक्ति को नमन कर किया गया। वहीं स्कूली छात्र - छात्राओं ने माताओं का पैर धोने के बाद चरण वंदन किया। वहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा कई प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। विजेताओं के बीच पुरस्कारों का वितरण स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिये संकल्पित है। हमारा स्पष्ट मानना था कि बगैर संस्कार के शिक्षा का महत्व बेमानी है। प्राचार्य तृप्ति मिश्रा व उप प्राचार्य शैली कुमारी ने मां की महिमा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि मां का कर्ज कोई भी उतार नहीं पाया है।

### सड़क दुर्घटना में कसवाखाड़ के युवक की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कसवा खांड़ निवासी राजा कुमार पिता संजय चौहान (20) की मौत बाइक एक्सीडेंट में हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ पांकी थाना क्षेत्र के सुरजवन में बरात गया था। तीनों दोस्त ने सुरजवन से अपने घर कसवा खांड़ लौट रहे थे, उसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें राजा की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक दुर्घटना लेस्लीगंज खामडीह के बीच घटी थी। घटना की सूचना पाकर लेस्लीगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल डालटनगंज भेज दिया। वहीं घायल सौरभ का ईलाज जारी है। राजा प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह आठ दिन पहले अपने घर आया था। इस घटना से पूरा गांव में शोक व्याप्त है।

### टीबी से ग्रसित युवक की संदिग्धावस्था में मौत

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के रोल निवासी सकेंद्र उरांव पिता बालकेश उरांव की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गयी। मृतक टीबी से ग्रसित था। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सकेंद्र (40) बीती रात अपने ही गांव में किसी के यहां से खाना खाकर लौट रहा था। उसी क्रम में उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि टीबी से ग्रसित सकेंद्र काफी कमजोर हो गया था। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले उसे मारने के लिए धमकी दी गयी थी। इस मामले में परिजनों ने नावा जयपुर थाना में आवेदन देने की बात कही है। वहीं नावाजयुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने इस संबंध में बताया कि मृतक की मौत गिरकर हुईं है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जोड़ में दवा दुकान खुलना खुशी की बात : रुचिर



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर तिवारी ने सदर प्रखंड के ग्राम जोड़ में कमलेश तिवारी के मेडिकल दुकान का उद्घाटन किया। श्री तिवारी ने कहा कि गांव स्तर पर मेडिकल दुकान खुलना ग्रामीणों एवं इस इलाके से दूरदराज के लोगों के लिए सौगात है। अब आम लोगों को दवा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा एवं कम लागत से उसी खर्चे से गांव में ही सभी बीमारियों की दवा मिल जायेगी। मौके पर दुकान के प्रोपराइटर कमलेश तिवारी ने कहा कि यह दवा दुकान में दवा के साथ छोटे मोटे कार्य पानी चढ़ाना, इंजेक्शन लगाना, मरहम पट्टी करना, बैंडेज करना आदि कार्यों को किया जायेगा। मौके पर शिव ध्यान तिवारी, राम राज तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, सुमेर मिश्रा, पूरन पांडे, सुनील सिंह, रुपेश तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता मेरुदंड बन कर संगठन को मजबूत बनाता है: विहिप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और विहिप के महिला शाखा मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी की एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद जिला बैठक भी हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। उसके पूर्व सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विहिप की बैठक प्रारंभ और समाप्त करने की विधि, विहिप की इतिहास और उपलब्धि तथा अन्य आयामों के बारे में प्रांत सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक दामोदर मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के महत्व के बारे में उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता किसी भी संगठन के लिए मेरुदंड बन उसे मजबूती प्रदान करता है। सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेना चाहिए।

# प्रदूषण, जल संकट, गर्मी व जलवायु परिवर्तन रोकना है तो पर्यावरण धर्म अपनायें: डॉ कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित केपीजे कंपलेक्स के पीछे अवस्थित पर्यावरण भवन के उपरी तल के आकाश बाग और छतरपुर प्रखंड के डाली पंचायत के कुंडली में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार जायसवाल के जन्मदिन व अपनी शादी की सालगिरह पर पर्यावरण धर्म के तहत थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलायी। पौधरोपण के बाद अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, भीषण गर्मी, और जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में ठोस व कारगर कदम नहीं उठाए गए तो लोगों को जल संकट के साथ ऑक्सीजन की समस्या से भी जूझना होगा।

# लेस्लीगंज मुख्यालय में लगेगा सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था भी होगी मजबूत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देश पर नीलांबर-पीतांबरपुर पंचायत के लेस्लीगंज मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना बनायी गयी है। दुकानदारों, व्यवसायियों और आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

विधायक के आदेशानुसार कैमरा लगाने के लिए सर्वे कराया गया, जिसमें मुख्य चौक, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र और संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। योजना के तहत सभी कैमरों की मॉनिटरिंग लेस्लीगंज थाना से की जायेगी, जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। यह योजना लंबे समय से व्यवसायियों और आम जनता की मांग रही है। अब उनकी इस मांग पर कार्रवाई होते देख स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। सभी ने विधायक डॉ मेहता का आभार जताया है और इस पहल की सराहना की है। लोगों को उम्मीद है कि इससे क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण होगा और सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। सर्वे में विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल प्रसाद सोनी, सौरभ जयसवाल मौजूद थे।



बैठक के दौरान उपस्थित विधायक समर्थक व अन्य।

# मातृ दिवस पर हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

- छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति भावना व्यक्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू)।** विद्यालय में मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक विशेष अवसर था जहां छात्र छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम में कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिनमें आरुषि, आलोक आरोही, अर्पित, अपराजिता आनंद अन्य शामिल थीं। विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्या कामरान खान ने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और माताओं के योगदान को स्वीकार किया। छात्र छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति अपनी भावनाओं को साझा करते हुए दिल को छू लेने वाले भाषण और सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। ताकि छात्रों को उनके माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों में अनन्या, फलक, रोमा, खुशी, जैनब, मीनाक्षी, लवकुश, अरमान, राजा, अनुष्का, अरीबा, वानिया, शिफा, जिक्रा के अलावा कई बच्चों की माताएं आदि शामिल थे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# सुनियोजित स्ट्राइक

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना, नौसेना, और वायुसेना ने संयुक्त रूप से काम किया, जो 54 वर्षों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ। भारतीय वायुसेना ने राफेल और मिराज 2000 लड़ाकू विमानों को तैनात किया, जो सटीक हमलों के लिए महत्वपूर्ण थे। थल सेना ने एम777 हल्की होवित्जर तोपों के साथ सहायता प्रदान की, जबकि नौसेना ने समुद्री निगरानी और समर्थन में योगदान दिया। खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ), ने लक्ष्यों का चयन किया, जैसे कि बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मरकज सुभान अल्लाह और मुजफ्फराबाद में सैयदना बिलाल कैंप। भारतीय वायुसेना ने राफेल विमानों से स्कैल्प क्रूज मिसाइलें और हैमर सटीक-निर्देशित बम दागे। स्कैल्प मिसाइलें स्टील्थ तकनीक से लैस थीं, जो रडार से बचकर कम ऊंचाई पर उड़ान भरती हैं और 450 किलोग्राम वॉरहेड के साथ बंकरों को नष्ट करने में सक्षम हैं। हैमर बमों में जीपीएस और लेजर गाइडेंस सिस्टम था, जो रात और प्रतिकूल मौसम में भी सटीक हमले सुनिश्चित करता है। मिराज 2000 जेट्स ने स्पाइस 2000 और पोपआई बमों का उपयोग किया, जबकि एम777 होवित्जर तोपों से एक्सकैलिबर 155 मिमी सटीक-निर्देशित गोले दागे गए। आत्मघाती ड्रोन, जैसे स्काईस्ट्राइकर लॉइटरिंग म्युनिशन, ने छोटे लेकिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को नष्ट किया। मेटियोर मिसाइलों ने हवाई सुरक्षा सुनिश्चित की। इन हथियारों ने भारत की सैन्य तकनीक में उन्नति को प्रदर्शित किया, जो 2019 के बालाकोट हमले की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी थी। ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक ने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेरॉन ड्रोन ने रीयल-टाइम सर्विलांस और माइक्रो-म्युनिशन हमलों में योगदान दिया। एक सटीक और कारगर स्ट्राइक जिसने दुनिया को एक नये भारत का संदेश दिया।

## आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# युद्धकालीन पत्रकारिता: उत्तरदायित्व, विवेक और राष्ट्रहित का संतुलन

**पत्रकारिता** या मीडिया को लोकतंत्र का चौथा आधार स्तम्भ कहा जाता है । वो है भी , लेकिन जब कोई घटना किसी देश के लोकतंत्र पर ही हमला हो और उसके कारण युद्ध हो तो पत्रकारिता के मायने क्या होने चाहिए ? यह प्रश्न आज पत्रकारिता जगत में विचारणीय प्रश्न है । विदित हो कि डिजिटल मीडिया संस्थान द वायर के प्रसारण पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही ₹मकतूब मीडिया₹ के एक्स अकाउंट को भी प्रतिबंधित किया है। इस कार्रवाई को द वायर ने प्रेस की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी₹ का स्पष्ट उल्लंघन कहा है ।


भारत सरकार ने भारत में द वायर पर जो प्रतिबंध लगाया गया है, वह मुख्यतः सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69अ के तहत किया गया है। इस धारा में यदि कोई पत्रकारिता ऐसी है जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ हो, या रक्षा, सुरक्षा या विदेशी संबंधों को नुकसान पहुंचाती हो, या सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करती हो,या अपराध को उकसाने वाली हो तो उसको आपातकालीन परिस्थितियो में इस अधिनियम के नियम 9(1) के तहत बिना कारण पूछे भी प्रतिबंधित किया जा सकता है ।

जब वर्तमान की परिस्थितियों में हम इस सम्बंध में विचार करते हैं तो ध्यान में आता है कि युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं होता, यह एक मानसिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और संचार का युद्ध भी होता है। इस संचार युद्ध में किसी भी देश की पत्रकारिता की भी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। युद्धकालीन पत्रकारिता न केवल जनमानस को सूचना देती है, बल्कि यह उनके दृष्टिकोण, मनोबल और देशभक्ति की भावना को भी प्रभावित करती है। ऐसे समय में पत्रकारिता का उत्तरदायित्व कहीं अधिक बढ़ जाता है क्योंकि एक छोटी सी चूक भी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। युद्धकाल में पत्रकारिता की संवेदनशीलता यह होती है कि युद्ध के दौरान मीडिया का हर शब्द, हर तस्वीर और हर विश्लेषण राष्ट्रीय हित और जनमानस पर प्रभाव डाल सकता है। अतः पत्रकारों को बेहद संवेदनशील, सतर्क और जिम्मेदार होना चाहिए।

सेना की गोपनीयताः सैनिकों की तैनाती, रणनीति, हथियारों की स्थिति या मिशन से जुड़ी कोई भी सूचना यदि लीक होती है तो इससे शत्रु को बढ़त मिल सकती है। फर्जी खबरों, अफवाहों या अतिरंजित सूचनाओं से न केवल नागरिक भयभीत हो सकते हैं,




बल्कि सैन्य कार्रवाइयों में बाधा भी उत्पन्न हो सकती है। सैन्य और नागरिक सुरक्षा दुष्प्रभावित होती है । पत्रकारिता का उत्तरदायित्व होना चाहिए ₹राष्ट्रहित सर्वोपरि₹ , स्वतंत्रता के अधिकार के साथ पत्रकारिता को यह भी समझना चाहिए कि युद्ध जैसे असाधारण समय में राष्ट्रहित सर्वोच्च होता है। इस दौरान रिपोर्टिंग को जिम्मेदारी, संयम और विवेक के साथ करना चाहिए।



- डॉ विश्वास

पत्रकारों को किसी भी रूप में दुश्मन की मदद नहीं करनी चाहिए, चाहे वह अनजाने में ही क्यों न हो। यही राष्त्रतात्विक दृष्टिकोण होता है । सेना और सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करना आवश्यक होता है ताकि कोई गोपनीय सूचना उजागर न हो। ऐसा समन्वय प्रशासन और सेना के साथ होना चाहिए। पत्रकारिता का दायित्व देश की जनता के मनोबल और सामाजिक एकता के पोषण का भी होता है। क्योंकि युद्ध के समय समाज में भय, भ्रम और असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है। मीडिया को ऐसे समय में समाज का मनोबल बनाए रखने में योगदान देना चाहिए।

पत्रकारिता में लगातार मौतों, हार या भय की खबरों से समाज में हताशा फैल सकती है। पत्रकारों को यथार्थ दिखाते हुए आशा का दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। विविधताओं वाले देशों में मीडिया का यह कर्तव्य होता है कि वह सामाजिक एकता को बढ़ावा दे और धर्म, जाति या भाषा के आधार पर भेदभाव न फैलाए बल्कि राष्ट्रीय एकता का संदेश दे।

> वास्तव में युद्धकालीन पत्रकारिता और शांतिकालीन पत्रकारिता में अंतर होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, मनोबल, गोपनीयता की रक्षा होता है। वहीं, शांति कालीन पत्रकारिता का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्य, पारदर्शिता, विविध मुद्दों की चर्चा होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता में सेंसरशिप अपेक्षाकृत अधिक; होती है राष्ट्र हित मे सेना व

आज के युद्ध में दुष्प्रचार और साइबर प्रोपेगैंडा भी एक हथियार है जिसका मुकाबला केवल गोलियों और बमों का नहीं, बल्कि सूचना और साइबर हमलों का भी है। दुश्मन देश सोशल मीडिया और न्यूज प्लेटफॉर्म्स के जरिए अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश करता है।

मीडिया को चाहिए कि वह फेक न्यूज की पहचान और खंडन करते हुए तथ्य-जांच की मजबूत प्रक्रिया अपनाए और दुष्प्रचार का मुकाबला करे। साथ ही जिम्मेदार मीडिया हाउस को सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों का खंडन करते हुए सही जानकारी प्रसारित करनी चाहिए। युद्धकालीन पत्रकारिता का उद्देश्य केवल रिपोर्टिंग करना नहीं होता, बल्कि समाज में शांति, मानवता और संवाद की भावना को भी प्रोत्साहित करना होता है। युद्ध की विभीषिका दिखाकर सैनिकों के बलिदान, युद्ध में घायल बच्चों, विस्थापित परिवारों की कहानी को सामने लाकर युद्ध की पीड़ा को समझाया जा सकता है। पत्रकारिता को चाहिए कि वह केवल सैन्य दृष्टिकोण पर केंद्रित न रहकर राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों को भी स्थान दे।

वास्तव में युद्धकालीन पत्रकारिता और शांतिकालीन पत्रकारिता में अंतर होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, मनोबल, गोपनीयता की रक्षा होता है। वहीं, शांति कालीन पत्रकारिता का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्य, पारदर्शिता, विविध मुद्दों की चर्चा होता है। युद्धकालीन पत्रकारिता में सेंसरशिप अपेक्षाकृत अधिक; होती है राष्ट्र हित मे सेना व सरकार के दिशानिर्देश लागू होते हैं जबकि शांति कालीन पत्रकारिता में न्यूनतम, स्वतंत्रता पर जोर।

राष्ट्रहित मे चयनात्मक, रणनीतिक, सकारात्मक दृष्टिकोण वाला होना चाहिए, वही शांतिकालीन पत्रकारिता में व्यापक,आलोचनात्म खुली बहस आधारित भी हो तो लोकतंत्र के लिए अच्छा है। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संयमित, राष्ट्रवादी दृष्टिकोण के साथ होना चाहिए लेकिन शांति कालीन पत्रकारिता में स्वतंत्र, निगरानीकर्ता के रूप में भी रहना चाहिए । युद्धकालीन पत्रकारिता में सूचना की प्रकृति सीमित, सत्यापन के बाद प्रकाशित वाली होना चाहिये वहीं शांति कालीन पत्रकारिता में अधिक विस्तृत, विविध स्त्रोतों से जानकारी लेकर होना चाहिए.इस तुलना से स्पष्ट होता है कि पत्रकारिता के दोनों रूपों में सन्दर्भ, उत्तरदायित्व और प्राथमिकताएँ अलग-अलग होती हैं।

युद्धकालीन पत्रकारिता की अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता और वैश्विक धारणा भी यही है कि आज की वैश्विक दुनिया में किसी देश की युद्धकालीन छवि उसकी मीडिया के जरिए ही बनती है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी युद्ध को कवर करती है, और भारत की पत्रकारिता को यह ध्यान में रखना चाहिए कि उसका व्यवहार और रिपोर्टिंग वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकती है। वहां निष्पक्षता की दृष्टि से नही राष्ट्रनिष्ठा की दृष्टि से आकलन होता है। यद्यपि राष्ट्रहित महत्वपूर्ण है, परंतु पूरी तरह प्रचारात्मक रवैया भी पत्रकारिता की निष्पक्षता को आहत कर सकता है। इसलिए प्रचार बनाम पत्रकारिता के बीच संतुलन भी जरूरी है।

युद्धकाल मे राष्ट्र की पत्रकारिता की वैश्विक समर्थन की रणनीति होना चाहिए ।

## लेटर टू एडिटर

### भारत की छवि मजबूत

ऑपरेशन सिंदूर भारत की वैश्विक शक्ति की छवि को मजबूत करेगा। भारत इसे आत्मरक्षा और आतंकवाद विरोधी कदम बताएगा, जबकि पाकिस्तान इसे अपनी सम्प्रभुता का उल्लंघन कहेगा। संयुक्त राष्ट्र में स्थायी सदस्यों के विरोधाभासी हितों के कारण कोई ठोस प्रस्ताव संभव नहीं। सार्क कमजोर होगा और आईएमएफ ऋण की समीक्षा से पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी। हवाई क्षेत्र बंद होने से पाक एयरलाइंस को नुकसान हो रहा है। भारत को प्रभावी कूटनीति की आवश्यकता होगी।

**– जयभगवान हजारीबाग**

### दीर्घकालिक हित देखें

आम धारणा है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है और आपसी बातचीत से समस्या को सुलझाना दोनों देशों के हित में है। लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता से कोई समझौता नहीं हो सकता। इस में कोई शक नहीं कि 22 अप्रैल को जो कुछ पहलगाम में हुआ, उस से पूरा देश आहत है, किंतु पूर्ण युद्ध होने की स्थिति में मंजर दोनों मुल्कों के हित में नहीं होगा। संक्षिप्त भारतीय कार्रवाई के बाद दोनों देशों को मिल-बैठकर समस्या का निराकरण करना चाहिए। इसलिए पाकिस्तान को सबक सिखाकर सीज फायर करना भारत की बड़ी जीत है इसके लिए हमारी सरकार, सैनिक और जनता को बधाई और धन्यवाद।

**-डीवी अरोड़ा, रांची**

## ट्वीट

**रांची** जिला के अनगड़ा प्रखंड में शहीद लांस नायक श्री राजकुमार महतो जी की आदमकद प्रतिमा को कुछ शरारती तत्व ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसपर स्थानीय थाना द्वारा ससम्मान प्रतिमा को पुनःस्थापन करा दिया गया। साथ ही मामलें की जाँच की जा रही है।

**-मंजूनाथ भजंत्री, डीसी रांची**

# तथागत को पूर्ण ज्ञान होते ही विश्व कल्याण का भाव जागृत हुआ

बुद्ध पूर्णिमा (12 मई) पर विशेष

**- श्वेता गोयल**

विशेष

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को ह्यबुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था, किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया,परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है। सारथी ने बताया,यह एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध,निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य



की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं,उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया,जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है।

बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकल कर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए, किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोधगया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए। मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार तथागत कहकर संबोधित किया। तथागत यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया,वह वृक्ष बोधिवृक्ष कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोधगया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनिया भर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# बच्चों ने मां की ममता को कूची से उकेरा

## मदर्स डे पर बच्चों ने कूची से उकेरी माँ की ममता

कला



'मदर्स डे' के मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश महिला इकाई, झारखंड की ओर से बी.एस.पी. हाई स्कूल, सेक्टर 2, धुर्वा, रांची में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी. बी. सहाय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने अपने बचपन की यादें साझा की। उन्होंने कहा की न सिर्फ एक दिन बल्कि हर दिन माँ का दिन है। प्रतियोगिता के विजेताओं में 'ग्रुप ए' में अयांश कुमार को पहला, तरुण उराँव को दूसरा व अहनजीत चंद्रा को तीसरा पुरस्कार मिला। 'ग्रुप बी' में स्पर्धा कुशवाहा को पहला, अवनया को दूसरा व रणवीर चौधरी को तीसरा स्थान मिला।

इसी प्रकार 'ग्रुप सी' में श्रेया कुमारी को पहला, आहान आरव को दूसरा व आराध्या आनंद को तीसरा स्थान मिला।

महासभा की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीतू सिन्हा, प्रदेश महामंत्री उमा सिन्हा, प्लेनेट आर्ट कि कावेरी सिन्हा, निर्मला कर्ण, मनीषा सहाय, शिखा प्रिया, सत्या सिन्हा, रंगोली सिन्हा, रजनी बक्शी, रेणुबाला धर, सीमा श्रीवास्तव आदि ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर कायस्थ महासभा के संदीप रंजन, विशाल सहाय, रवि कुमार सिंह, दीपक मलिक, राजेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।




## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### परवरिश स्कूल में मना मदर्स डे



कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल में धूमधाम से मना मदर्स डे। नर्सरी से लेकर वर्ग 9वीं तक के बच्चों के लिए चित्रांकन कार्ड प्रतियोगिता हुआ। कक्षा एक से लेकर चार के छात्रों ने मां के लिए कार्ड बनाया और कक्षा पांच से लेकर नौ तक के बच्चों ने पोस्टर बनाया। प्रबंधन ने बच्चों को सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार व प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि मां ही हमारी पहली शिक्षक, दोस्त और सबसे बड़ा शुभचिंतक है। वे हमारी हर मुस्कान के पीछे रहकर हर आंसू को चुपचाप अपनी ममता से पोंछ देती है। मदर्स डे ही एक ऐसा दिन जो पूरी तरह से मां को समर्पित है। लेकिन क्या एक दिन मां के लिए काफी है शायद नहीं मां के लिए तो हर दिन हर पल समर्पित होनी चाहिए। मौके पर शिक्षक कंचन प्रसाद, रजनी कुमारी, शानू साव, नंदनी झा, अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, आकांक्षा मिश्रा, अंजलि ओझा, प्रियंका यादव, शांति कुमारी, पूजा कुमारी,पूजा सिंह, चंचला सिंह, हर्षिता गुप्ता, नीति सोनी उपस्थित थे।

### अपराधी के घर चिपका इस्तेहार



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पुलिस ने कैमरामैन अपहरण मामले में अपराधी के घर शनिवार को इस्तेहार चिपकाया। भुरकुंडा थाना के एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि अपराधी आरिज आलम, पिता मुस्ताक अंसारी, ग्राम- हुवाग बलसागरा, थाना मांडू, जिला हजारीबाग, वर्तमान पता तोपा कोलियरी थाना मांडू (कुज्जू) जिला-रामगढ़ के वर्तमान पता पर ढोल एवं नगाड़ा बजाकर अभियुक्त के घर के मुख्य दरवाजा पर न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तेहार को चिपकाया गया। ज्ञात हो कि भुरकुंडा टिपला साइडिंग निवासी सरिता देवी ने थाना मे शिकायत दर्ज कराया था कि उनके पति विक्की साव और स्टाफ सानू कुमार राणा उम्र 18 पिता जगदीश राणा जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी दोनों पिछले 13 अगस्त की सुबह 6 बजे घर से शादी का रिकॉर्डिंग करने की बात कहकर कैमरा साथ लेकर घर से निकले थे। परंतु दोनों घर वापस नहीं आये और दोनों का मोबाइल बंद है।

### भुरकुंडा में बंद मकान से चोरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पुराना थाना कॉलोनी में शुक्रवार रात सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी एमएम झा के आवास (1 सीआर-31) में चोरी हुई। घटना के समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने सामने के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने बेडरूम और किचन को खंगालते हुए नगदी और लगभग 30 हजार रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। यह रिवरसाइड क्षेत्र में बंद मकानों को निशाना बनाने की दूसरी घटना है। इससे पहले 2 मई को इसी कॉलोनी में रहने वाले रवि वर्मा के बंद मकान में भी चोरी की घटना हो चुकी है। यहां से चोरों ने नकदी सहित डेढ़ लाख के जेवरात और सामनों की चोरी की थी। इधर भुरकुंडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सुबिन ने आजसू से दिया इस्तीफा

रजरप्पा। आजसू पार्टी छात्र नेता सुबिन तिवारी ने निजी कारणों से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। संगठन से मिले अनुभव, पहचान और सम्मान के लिए संगठन के सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सुनीता चौधरी सहित संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### सांकी में 207 लाभुकों को मिला घर



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र के सांकी पंचायत में शनिवार को अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी गीतांजली, पतरातु बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, जिला पार्षद जयराम बेदिया एवं पंचायत की मुखिया कोमिला देवी ने किया।सांकी पंचायत के चयनित लाभुकों को अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवास प्रमाण पत्र एवं किचन सेट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। 26 पंचायतों में कुल 207 लाभुकों का एक साथ गृह प्रवेश संपन्न हुआ है। मौके पर पंचायत सचिव चंद्रपाल महतो, ईश्वर, रवि रंजन, नीलकमल दास, उर्मिला देवी, आशा देवी, मेघनी देवी, सीमा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिस्टा ने चलाया सदस्यता अभियान



कुजू। करमा परियोजना का कोल इंडिया एसटी/एससी एम्पलाई एसोसिएशन (सिस्टा) की प्रतिनिधि मंडल संगठन के अध्यक्ष राम प्रसाद बेदिया के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल परियोजना में एसओ ई एंड एम कुजू क्षेत्र परशुराम सिंह , प्रोजेक्ट इंजीनियर कुमार अभिज्ञान , सहायक इंजीनियर रत्नेश कुमार से मुलाकात कर उन्हें बुके प्रदान करते हुए कर्मचारियों की कई समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव ब्रह्मदेव राम ने बताया कि पुंडी परियोजना, तोपा परियोजना में सिस्टा के सदस्यता चला कर विस्तार किया गया। अब करमा परियोजना में सिस्टा की सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और सभी कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत कर समाधान का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि मजदूरों की समस्या हमारी समस्या है, इसलिए उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

हजारीबाग में एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग टूर्नामेंट का भव्य आगाज, सांसद बोले

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें खिलाड़ी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूनामेंट 2025 का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल ने किया। 11 से 15 मई तक चलने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के टूनामेंट में 13 राज्यों के 600 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतिभागियों में चार साल के बच्चों से लेकर 84 वर्षीय वरिष्ठ खिलाड़ी तक शामिल हैं। खेल स्थल पर 300 टेबल लगाए गए हैं, जबकि खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था हजारीबाग पुलिस अकादमी में की गई है। टूर्नामेंट के विजेताओं के लिए कुल 4.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रथम स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 71,000 रुपये मिलेंगे, जबकि अन्य 34 विजेताओं को भी क्रमशः पुरस्कार राशि दी जाएगी। मनीष जायसवाल ने शतरंज को दिमागी विकास का खेल बताते हुए खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर करण जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में एंजेल हाई स्कूल की निर्देशिका निशा जायसवाल, हजारीबाग चेस संघ के अध्यक्ष विजय सिंह और चीफ आर्बिटर विशाल मिंज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन 15 मई को किया जाएगा।

# हजारीबाग में विशाल मेगा मार्ट के पास जाम पुलिस के लिए चुनौती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के पुलिस लाइन क्षेत्र में विशाल मेगा मार्ट के पास हर दिन लगने वाला जाम एक नई चुनौती बनता जा रहा है। यह जाम न केवल आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, बल्कि पुलिस के लिए भी मुसीबत का कारण बन सकता है। पुलिस लाइन से शहर के विभिन्न इलाकों में आपातकालीन स्थिति में पुलिस को तुरंत पहुंचना होता है। इस मार्ग से होकर पुलिस की गाड़ियां तेजी से गुजरती हैं, लेकिन विशाल मेगा मार्ट के पास की भीड़भाड़ और अव्यवस्थित पार्किंग के से यह मार्ग लगातार बाधित रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में दिनभर गाड़ियों की लंबी कतारें लगती रहती हैं। विशाल मेगा मार्ट में खरीदारी करने वालों की भीड़ सड़क पर गाड़ियों को अव्यवस्थित तरीके से पार्क कर देती है। इसके अलावा, सड़क किनारे ठेला और गुपचुप वाले भी जाम की स्थिति को और गंभीर बना देते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस क्षेत्र में चोर-उचक्कों और अपराधियों की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को समय रहते इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुझाव दिया गया कि विशाल मेगा मार्ट में आने वाले लोगों की गाड़ियों को मेगा मार्ट की पार्किंग में खड़ा करने की सख्त हिदायत दी जाए। सड़क किनारे लगे ठेले और गुपचुप वालों को वहां से हटाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। मेजर देवव्रत कुमार ने बताया कि सीओ और सदर एसडीओ को सूचना दे दिया है। लोग न सुनते है ना समझते है, कार्रवाई की जायेगी।

### बरही में बाइक सवार तीन युवक घायल

**बरही।** जवाहर घाट के पास मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को बरही अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीनों युवक गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के बदुवा गांव के रहने वाले थे। तीनों चौपारण के हजारी धमना गांव आए थे। हजारी धमना से फतेहपुर जाने के दौरान जवाहर घाटी में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों में महेश मांझी हरिओम राजवंशी, घुमने मांझी पता पहाड़पुर गांव बदुवा थाना फतेहपुर का निवासी है।

### कराटे में राधा गोविंद विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला जुडो-कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में पिछले रविवार को दो दिवसीय जिलास्तरीय चैंपियनशिप में राधा गोविंद के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। रांची के खेलगांव स्टेडियम में 9 मई से 11 मई तक झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप का हुआ आयोजन। इस प्रतियोगिता में राधा गोविंद विद्यालय के पांच कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में राधा गोविंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर पांच पदक जीतकरविद्यालय का नाम रौशन किया । पदक जीतने वाले विद्यार्थियों में अभिरूप कुमार (रजत पदक), विवेक कुमार (कास्य पदक), अविरल कुमार (कास्य पदक), दीपशिखा पावरिया (रजत पद) का एवं आदित्य मादर्श ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का और माता-पिता का नाम रोशन किया । विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन बी. एन. साह एवं प्राचार्य डॉक्टर सुजीत कुमार मोहंती ने बच्चों के प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामना दी।

### कुजू के ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह से मिला तोपा सेल समिति



कुजू। सीसीएल तोपा कोलियरी लोकल रोड सेल संचालन समिति ने कुजू ओपी में नए ओपी प्रभारी से आशुतोष सिंह से मुलाकात की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने ओपी प्रभारी को बधाई देते हुए बुके देकर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान तोपा लोकल रोड सेल में होने वाले विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर ओपी प्रभारी ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। साथ ही, किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत सूचना देने की बात कही। मिलने वालो में समिति के अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, सचिव मो इलियास, उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो,सदस्य ज्योतिंद्र साहू, मो इस्लाम शामिल थे।

### बरही में युवती ने किया विषपान

**बरही।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के गंगपाचोन निवासी छोटी राणा की 20 वर्षीय पुत्री ने घरेलू विवाद में विषपान किया,उसकी हालत बिगड़ने लगी, आसपास और उसके चेहरे भाई के मदद से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक अरेस्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत- पाक तनाव के बीच सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को भुरकुंडा पुलिस ने रामगढ़ एसडीओ कोर्ट निरोधात्मक कार्रवाई के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा के जवाहरनगर पगला आश्रम निवासी साहिल अली ने आठ अप्रैल से सोशल प्लेटफार्म इंस्टाग्राम और फेसबुक में हो रहे एक वायरल पोस्ट ऑपरेशन सिंदूर के विजयी को लेकर लगाए गए एक स्टोरी पर आपत्तिजनक टिप्पणी देशविरोधी भावना को बढ़ावा देने वाली की थी। जिसे लेकर दुर्गा वाहिनी की अनामिका श्रीवास्तव ने इसकी शिकायत भुरकुंडा थाना में करते हुये कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुये भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने साहिल अली को हिरासत में ले लिया था।

# छाई डैम पर जबरन काम के खिलाफ आक्रोश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रविवार को ग्राम रसदा महुआ टोला स्थित श्रीश्री महावीर मंदिर प्रांगण में पीवीयूएनएल से प्रभावित ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लालु महतो और संचालन सुरेश साहू ने किया।

बैठक में शनिवार को छाई डैम की जमीन पर पीवीयूएनएल प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा बलों की मौजूदगी में जबरन कार्य शुरू कराए जाने की कड़ी निंदा की गई। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कार्रवाई की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि रामगढ़ उपायुक्त ने विधानसभा में लिखित आश्वासन दिया था कि छाई डैम से विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाएगा। इसके बावजूद जबरन कार्य कराना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। विधायक श्री चौधरी ने चेतावनी दी कि जब तक मुआवजा, नौकरी एवं पुनर्वास सुनिश्चित नहीं होता तब तक किसी भी तरह की गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन के लिए तैयार हैं। मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद साहू ने चार गांव बलकुदरा, रसदा, जयनगर और गेगदा की जमीन पर बिना उचित मुआवजा के निर्माण कार्यों को गैरकानूनी बताया। उन्होंने मांग की कि या तो मुआवजा व रोजगार दिया जाए या ऐश डायक का निर्माण अन्यत्र किया जाए। बैठक में बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, राजाराम प्रसाद, प्रदीप महतो, अब्दुल कयूम अंसारी, अलीम अंसारी,

**विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया प्रदर्शन का समर्थन**

मनु मुंडा, कपिल मुंडा, सुभाष साहू, मैनेजर साहू, नागेश्वर महतो, रोहित साव, नागेश्वर साव, सुनील कुमार, कृष्णदेव प्रसाद, किशोर ठाकुर, मुकेश कुमार, बबलू यादव, अर्जुन सिंह, प्रदीप साव, सनोज कुमार, विनोद ठाकुर, भरत साव, राजेंद्र साव, बालचंद साहू, संदीप प्रसाद, अजय कुमार, गुड्डू ठाकुर, आशीष कुमार, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, त्रिलोकी साव, भुनेश्वर करमाली, रामदास, पवन कुमार, विकास यादव, कपिल कुमार, संदीप कुमार, रॉकी मुंडा, प्रेम मुंडा, राजेश महतो, असलम इकबाल, रमीज इकबाल, रिंकू देवी, कौशल्या देवी, चिंता देवी, बिल्ली देवी, गुंजा देवी, सीमा देवी, इंदू देवी, कलावती देवी आदि सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

## एक नजर में

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन 13 को

**बरही।** गोरिया करमा पंचायत के गोरिया गांव में 29 मई से लेकर 6 जून तक चलने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार सुबह मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया मनोज कुमार व संचालन प्रकाश पंडित ने किया। बैठक में गोरिया, धोबियाटांड़ निचितपुर रोहनियाटांड़ एवं बिचकिला के ग्रामीण शामिल हुए।29 मई से शुरू वाले महयज्ञ को लेकर 13 मई को भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ शुरूआत होगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीण काफी उत्साहित हैं और मेहनत के साथ सभी आपस में समन्वय स्थापित कर यज्ञ की तैयारी में लगे हैं। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में तय हुआ कि आज से लेकर 6 जून यज्ञ समाप्ति तक कोई भी ग्रामीण मांश मदिरा का सेवन व बिक्री नहीं करेंगे पकड़े जाने पर दंडित किया जाएगा।।पूरे ग्रामीण शुद्ध शाकाहारी भोजन करेंगे। बैठक में यज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया मनोज कुमार, सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश पंडित, उपाध्यक्ष विनोद यादव, उपसचिव मनोज विश्वकर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, संरक्षक डॉक्टर विशेश्वर कुमार एवं उपसंरक्षक प्रकाश विश्वकर्मा तथा निगरानी समिति के सदस्य संजय कुमार वर्मा (उप मुखिया प्रतिनिधि) रवि यादव, बबलू ठाकुर, राजदेव यादव, धनु महतो, कैलाश यादव, विनोद यादव, शिवकुमार राणा सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार,धोबियाटांड़ मनोज कुमार वर्मा,भूलन पासवान जितेंद्र रजक,सनोज चंद्रवंशी,ललन चंद्रवंशी, उदय सिंह, निर्भय सिंह, रामकृपाल चंद्रवंशी ,आशीष पासवान, विनोद भुईयां ,सुनील राणा ,सतीश पंडित, राजेश कुमार,करण भुइयां, गुलाब पंडित,कारू कुम्हार ,दिलीप कुमार वर्मा (कॉमेडी) संजय राणा, बंटू, अजय यादव, सनी विश्वकर्मा, परसादी राणा समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### एमएसएमइ के लिए ऊर्जा दक्षता पर कार्यशाला



**हजारीबाग।** झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (जेरेडा) और 'हरित वृक्ष' संस्था के सहयोग से हजारीबाग के डॉल्फिनो परिसर में लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 60 उद्यमियों और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता, बचत के उपायों और ऊर्जा सेवा कंपनी (ईएससीओ) मॉडल की विस्तृत जानकारी देना था। हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, संयुक्त सचिव तारिक अहमद और सदस्य विजय कुमार जैन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने ऊर्जा प्रबंधन से जुड़ी नीतियों और प्रोत्साहनों पर अपने विचार साझा किए। तकनीकी सत्र में ऊर्जा विशेषज्ञ जे. के. व्यास और प्रमाणित ऊर्जा लेखापरीक्षक डॉ. चंदन कुमार तिवारी ने ऊर्जा अपव्यय रोकने के उपायों और ईएससीओ मॉडल की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि यह मॉडल न केवल ऊर्जा लागत घटाने में मददगार है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और व्यावहारिक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार की पहल से झारखंड के उद्योग ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकेंगे।

### प्रेमचंद की साहित्य परकर्णपुरा कॉलेज में सेमिनार



बड़कागांव। कर्णपुरा महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'प्रेमचंद की कहानियों एवं उपन्यासों में यथार्थवाद का चित्रण' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. कीर्तिनाथ महतो ने की, जबकि संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अन्नु कुमारी ने किया। सेमिनार के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. ज्योति जलधर ने प्रेमचंद को हिंदी साहित्य का महान उपन्यास सम्राट और कहानीकार बताते हुए उनके सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। प्रभारी प्राचार्य प्रो. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आदर्शोन्मुख यथार्थवाद का सजीव उदाहरण है। उन्होंने उनकी रचनाओं में छुआछूत, दहेज प्रथा, जातिवाद और गरीबी जैसे मुद्दों के सजीव चित्रण को रेखांकित किया। प्रो. सुरेश महतो ने प्रेमचंद की लोकप्रिय कहानी 'पंच परमेश्वर' पर विचार रखते हुए कहा कि यह कहानी न्याय, सच्चाई और दोस्ती के गहरे अर्थों को उकेरती है। वहीं, प्रो. फजरुद्दीन अंसारी ने 'सोजे वतन' के संदर्भ में बताया कि यह कहानी संग्रह देशभक्ति से प्रेरित था, जिसे अंग्रेजों ने प्रतिबंधित कर उसकी प्रतियां जब्त कर ली थीं। प्रो. ललिता कुमारी ने 'कफन' कहानी को समाज में व्याप्त गरीबी और हृदयहीनता का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रेमचंद की कहानियां आम आदमी के संघर्षों को जीवंत रूप में सामने लाती हैं। सेमिनार में प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो. लालदेव महतो, प्रो. किशोर कुमार दांगी, प्रो. पवन कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बरही: योग शिविर में शामिल हुये नवविवाहित जोड़े



**बरही।** प्रखंड के रसोईया धमना सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ।इस योग शिविर में योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा के युवा भारत केंद्रीय प्रभारी स्वामी कौशलदेव स्वामी विश्वदेव मुख्य रूप से शामिल हुए। स्वामी कौशलदेव ने बताया कि हमें अपने तन मन को ठीक रखने के लिए 24 घंटे में से दो घंटे योग में ध्यान अवश्य लगाएं। स्वामी विश्वदेव महाराज ने कहा कि योग संपूर्ण चिकित्सा पद्धति है इसके करने से अल्जाइमर, डिमेंशिया, तनाव, डायबिटीज, हार्ट डिजिज, फेटी लिवर, यादि रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। उन्होंने योग के गुणों के लाभ के बारे में बारीकी से समझाया। शिविर में एक नवविवाहित जोड़े भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और कहा कि हमारे दाम्पत्य जीवन की शुरूआत इसी योग शिविर से प्रारंभ होता है जहां मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है। मौके पर भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी नरेश कुमार, अजित, योगविस्तारक इंद्रदेव गुप्ता, बहन सुनैना देवी, मंजू देवी, किरण देवी, सुनिता देवी, सुकदेव, राजू साहू, राजेन्द्र, मुनेशसहित कई लोग मौजूद थे।

## बिहार पुलिस भर्ती में महिलाओं की संख्या अधिक

केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस में 19838 पदों पर भर्ती निकाली थी।

केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस में 19838 पदों पर भर्ती निकाली थी। इस भर्ती के लिए 17 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आने वाले कुछ महीने में इस भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**12वीं पास के लिए है भर्ती**

19838 पदों के लिए 17 लाख आवेदन आए हैं यानी कि एक एक पद के लिए 85 से अधिक दावेदार हैं। इस भर्ती के तहत कांस्टेबल के पदों के लिए 12वीं पास कैंडिडेट्स अप्लाई किया था। न्यूनतम आयु 18 और अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष निर्धारित की गई है। अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट्स को छूट दी गयी थी।

**किस कैटेगरी के लिए कितने पद आरक्षित**

कुल 19838 पदों की भर्ती में 7935 पद अनारक्षित कैटेगरी के लिए थी। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 1983, अनुसूचित जाति के लिए 3174, अनुसूचित जनजाति के लिए 199, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के लिए 3571, पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 2381, पिछड़े वर्गों की महिला के लिए 595 पद आरक्षित थी। महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण के



तहत 6717 पद आरक्षित और स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण के लिए 397 पद थे।

**21391 सिपाहियों के लिए जारी हुआ रिजल्ट**

वहीं दूसरी ओर केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस में 21391 सिपाहियों की भर्ती निकाली थी। अब इस भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में 10205 पुरुष, 11,178 महिलाएं और आठ ट्रांसजेंडर का सेलेक्शन हुआ है। इस लिस्ट में 30 गृह रक्षक और 68 स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित भी शामिल हैं। ऐसे कैंडिडेट्स जो सफल हो गए हैं वे एक जून से तीन जून तक अपने अपने नियुक्ति प्राधिकार को रिपोर्ट करें।

**17 लाख अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन**

बिहार कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए कुल 17,87,720 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें से 11,95,101 ने अगस्त 2024 छह चरणों में लिखित परीक्षा दी थी। लिखित परीक्षा के आधार पर 1,07,079 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चुना गया था। परीक्षा में कुल 86,539 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिसमें 53,960 पुरुष, 32,569 महिलाएं व 10 ट्रांसजेंडर शामिल हुए थे।

## मुसेल एक अदभुत जीत

मुसेल एक द्वि-आवरणधारी समुद्री घोंघा है, जो मुख्यतः उत्तरी गोलार्ध के तटीय क्षेत्रों में पाया जाता है। यह समुद्री पारिस्थितिकी को संतुलित रखने, जल को साफ करने, पोषण प्रदान करने और अतीत में वस्त्र निर्माण में उपयोग किए जाने वाला उपयोगी जलचर है।

मुसेल एक द्वि आवरणधारी समुद्री घोंघा है। मुसेल शब्द लैटिन भाषा के मस्कुलस से बना है। मस्कुलस का अर्थ होता है छोटा चूहा। लेकिन चूहे से इस जीव का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। मुसेल उत्तरी गोलार्ध के उप उष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण सागरों के अधिकांश तटों पर पाया जाता है। यह भाटे की सीमा में चट्टानों और कीचड़ में पड़े पत्थरों पर भी मिलता है। उत्तरी गोलार्ध के काला सागर से भूमध्य सागर, उत्तर-अमेरिका के दोनों तटों और जापान के सागर तटों पर इनकी संख्या बहुत अधिक है। मुसेल आर्कटिक सागर में नहीं मिलता। मुसेल सागर तटों से लेकर 30 फुट तक की गहराई वाले भागों में बहुत बड़ी संख्या में मिलता है। सागर में इतनी बड़ी संख्या में कम घोंघे ही मिलते हैं। मुसेल बहुत बड़े-बड़े झुंडों में रहने वाला जलचर है। एक किलोमीटर लंबी पट्टी में इसके दो-दो करोड़ के झुंड देखे गए हैं। मुसेल कम खारे पानी में भी रह सकता है।

इसकी लंबाई प्रायः 5 सेंटीमीटर से लेकर 12 सेंटीमीटर तक होती है। कुछ मुसेल 5 सेंटीमीटर से भी छोटे होते हैं। मुसेल की अधिकतम लंबाई 22.5 सेंटीमीटर तक हो सकती है। इससे लंबे मुसेल अभी तक नहीं देखे गए। मुसेल का रंग नीला अथवा बैंगनी होता है।

कभी-कभी कत्थई रंग के मुसेल भी देखने को मिल जाते हैं। इसका प्रमुख भोजन प्लैंकटन में पाए जाने वाले पौधे एवं मृत जीवों के सड़े-गले मांस के अति सूक्ष्मकण है।

## एडमिशन एलर्ट



**नर्सिंग कॉलेज के मामले में हिंदी पट्टी के राज्यों का दबदबा, टॉप 5 में उत्तर के 3 बड़े राज्य, झारखंड पिछड़ा**

नर्सिंग स्टाफ किसी भी हेल्थ सिस्टम की रीढ़ हैं, मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जहां रोजगार के बेइंतहा अवसर तैयार हो सकते हैं लेकिन इन्हें तैयार करने के कॉलेजों के मामले में अभी कॉफी कुछ करना बाकी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नर्सिंग कॉलेज मामलों में टॉप पर कौन से राज्य हैं और किन केंद्र शासित प्रदेशों में एक भी कॉलेज नहीं हैं

**भारत में नर्सिंग कॉलेज**

नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ और नर्सिंग सेवाओं का विस्तार नर्सिंग शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए छात्र-रोगी अनुपात को 1:5 से शिथिल कर-के 1:3 किया गया है।

केंद्र सरकार के आंकड़े के अनुसार देशभर में 31 दिसंबर 2024 तक 2520 नर्सिंग कॉलेज थे और सैकड़ों की संख्या में नए नर्सिंग कॉलेज खुलने की प्रक्रिया में हैं। बहरहाल आइये जानते हैं कि सबसे अधिक नर्सिंग मेडकल कॉलेज के मामले में अग्रणी राज्य कौन हैं (ठ४१२ल्लॅ उङ्क' ीं२ क्ल्ल वढ)।

**नर्सिंग कॉलेजों की दृष्टि से अग्रणी पांच राज्यों की सूची**

| राज्य | कॉलेज संख्या |
|---|---|
| कर्नाटक | 391 |
| तमिलनाडु | 221 |
| उत्तरप्रदेश | 194 |
| राजस्थान | 180 |
| मध्यप्रदेश | 167 |

**टॉप पर कर्नाटक, इन राज्यों में एक कॉलेज भी नहीं**

नर्सिंग कॉलेज के मामले में 391 कॉलेजों के साथ कर्नाटक देश का पहला राज्य है और तमिलनाडु 221 कॉलेज के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं इस सूची में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। जबकि दक्षिण के राज्यों की बात करें तो आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में क्रमशः 144 और 103 कॉलेज हैं।

इस मामले में पिछड़े राज्यों की बात करें तो केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लद्दाख में एक भी नर्सिंग कॉलेज नहीं है। इस दृष्टि से पूर्वोत्तर भी काफी पिछड़ा है जहां कॉलेजों की संख्या पांच से भी कम है।

**पश्चिम बंगाल बढ़ा रहा कदम**

आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में दिसम्बर 2024 तक 121 बीएससी नर्सिंग कॉलेज कार्यरत हैं। जबकि 2022 से 2024 के बीच ही प. बंगाल के लिए 72 कॉलेजों की अनुमति दी गई है। इनके तैयार होने के बाद पश्चिम बंगाल में भी स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा। पिछले तीन सालों की बात करें तो पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक नर्सिंग कॉलेज खुले हैं।केंद्र सरकार के अनुसार देशभर में 31 दिसंबर 2024 तक 2520 नर्सिंग कॉलेज थे जिनमें से अकेले तमिलनाडु में 221 कॉलेज हैं। वहीं तमिलनाडु में पिछले तीन सालों में दस नर्सिंग कॉलेजों को मंजूरी दी गई।

# 12वीं पास भी बन सकते हैं एथिकल हैकर्स



अभिषेक कुमार




नेट पर निर्भरता बढ़ने के साथ गोपनीय या व्यक्तिगत सूचनाएं लीक होने का खतरा भी बढ़ा है। इसके अलावा, बैंक अकाउंट में सेंध लगाने या पासवर्ड हैक कर लोगों या बैंकों को चूना लगाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना आज के समय में बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए ही एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञों की जरूरत लगातार बढ़ रही है। जरा सोचिए, अगर आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अश्लील पोस्ट टैग कर दिया जाये या फिर आपका पासवर्ड चुराकर आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाये या आपकी पर्सनल फोटो चुराकर कोई उसे सार्वजनिक कर दे, तो फिर आपकी स्थिति क्या होगी? इससे आपको बड़ा आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। मगर इंटरनेट के जरिए ऐसी घटनाएं रोज हो रही हैं। इसे ही हैकिंग कहते हैं।

आजकल लगभग हर गतिविधि ऑनलाइन हो गयी है। अपने देश की बात करें, तो आज हमारे यहां करीब 35 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके हाथों में स्मार्टफोन, कंप्यूटर या लैपटॉप है, जिस पर वे पर्सनल और प्रोफेशनल हर बात शेयर करने लगे हैं। ऐसे में साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वर्ष 2015 में साइबर जासूसी की 49,455 घटनाएं हुईं। जाहिर है, साइबर सिक्योरिटी आज एक बड़ी चुनौती है।

### क्या है एथिकल हैकिंग

एथिकल हैकिंग, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, अनएथिकल हैकिंग को रोकने के लिए की जाती है। यह एथिकल (नैतिक) इसलिए है, क्योंकि इसे मालिक के कहने पर ही किया जाता है। एथिकल हैकर्स भी हैकर्स की तरह ही कंप्यूटर और नेटवर्क के अच्छे जानकार होते हैं। किसी भी कंपनी में ऐसे प्रोफेशनल का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई बाहरी व्यक्ति कंपनी के आईटी सिस्टम की सिक्योरिटी तोड़कर उसकी कोई सूचना न चुरा सके और न ही किसी फाइल को कोई नुकसान पहुंचा सके।

### चाहिए हजारों विशेषज्ञ

नैस्कॉम की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश में अभी सिर्फ 50 हजार के लगभग साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल हैं। जबकि दूर-दराज के क्षेत्रों में इंटरनेट जिस तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है, उसे देखते हुए हर साल करीब 77 हजार एथिकल हैकर्स की जरूरत है। इस तरह स्थानीय और वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को वर्ष 2020 तक लगभग 50 लाख एथिकल हैकर चाहिए लेकिन वर्तमान में हर साल इस क्षेत्र में सिर्फ 15 हजार प्रोफेशनल्स ही आ रहे हैं।

### चमकदार करियर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'डिजिटल इंडिया' धीरे-धीरे गति पकड़ रही है। सरकारी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी ऑनलाइन की जा रही हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा इन सूचनाओं की सुरक्षा जरूरी है। एक अनुमान के मुताबिक, केंद्र की इस पहल से देश भर में करीब 1.7 करोड़ नयी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे, जिनमें सबसे ज्यादा मांग एथिकल हैकर्स की रहेगी। वहीं, दूसरी ओर सभी बड़ी आईटी कंपनियां अपना खुद का डाटा सेंटर बना रही हैं। इन्हें भी कुशल साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स चाहिए। साइबर सिक्योरिटी को लेकर आने वाले दिनों में लोग भी पर्सनल सर्विसेज लेना शुरू करेंगे।

### जॉब के अवसर

एथिकल हैकर्स की आज भी आईटी कंपनियों में खूब मांग है। इसके अलावा, आप आईटी सिक्योरिटी सर्टिफिकेशन की सर्विस देने वाली कंपनियों और आईटी फर्म्स में भी साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल की नौकरी पा सकते हैं। लॉ फर्म्स, बैंक, टेलीकॉम कंपनियां और पुलिस विभाग भी इनकी सेवाएं ले रहा है।

### कौन-कौन से कोर्स

इंजीनियरिंग के बाद एथिकल हैकिंग में स्पेशलाइजेशन किया जा सकता है। 12वीं के बाद भी कोर्स करने का विकल्प है। कुछ संस्थान यह कोर्स 10वीं के बाद भी करा रहे हैं। ये कोर्स छह माह तथा एक साल की अवधि के हैं।

### कितनी सैलरी

एथिकल हैकिंग में कमाई आपकी काबिलियत पर निर्भर करती है। फिर भी प्रायः ऐसे प्रोफेशनल को शुरुआत में किसी भी नामी कंपनी से 35 से 40 हजार रुपए की सैलरी आसानी से मिल जाती है। अनुभव बढ़ने पर 70 से 80 हजार कमाये जा सकते हैं।

### एक्सपर्ट राय

साइबर सुरक्षा का विस्तार आज के समय बहुत ज्यादा है। आने वाले दिनों में इसकी जरूरत और ज्यादा पड़ेगी, क्योंकि अब कंप्यूटर व स्मार्टफोन हर किसी की दिनचर्या में शामिल हो गये हैं। हर तरह की महत्वपूर्ण पर्सनल जानकारी भी लोग कंप्यूटर और मोबाइल में ही रख रहे हैं, जिसे कभी भी कोई हैक कर सकता है। एथिकल हैकर्स वे लोग हैं, जो आधिकारिक अनुमति के साथ सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स को ठीक करने का काम करते हैं। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है, इसलिए एथिकल हैकिंग आईटी में रुचि रखने वालों के लिए बहुत आकर्षक ऑप्शन बन गया है। आजकल सभी कंपनियां अपना नेटवर्क इस्तेमाल कर रही हैं और उसमें कोई छेड़खानी न कर पाये, इसके लिए अपने यहां एथिकल हैकर्स रख रही हैं। इस फील्ड में वे सभी युवा करियर बना सकते हैं, जिनकी रुचि कंप्यूटर, मोबाइल और गैजेट्स में है या फिर जिन्होंने कोई आइटी कोर्स किया हुआ है। एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञ बनकर गलत नीयत वाले आईटी के जानकारों यानी हैकर्स से लोगों और कंपनियों को बचाने के साथ- साथ आप हैकर्स को सबक भी सिखा सकते हैं।

**(जेएन कॉलेज धुर्वा रांची से जुड़े हैं।)**

## मोटिवेशन | क्षमता कम करता है चिड़चिड़ापन



**एडी बाधवा**
**सीएमए सह मोटिवेटर**

आपने देखा होगा कि कुछ लोग किच-किच स्वभाव के होते हैं। वे हर बात पर किच-किच करते रहते हैं। उनकी इस प्रकार कि चिड़चिड़ाहट उन्हें उनके हर दोस्त और सगे संबंधियों सहित नजदिकियों से दूर ले जाती है साथ ही लोग उससे दूरी बना लेते हैं। ऐसे लोग न खुद शांति से रहते हैं और नही दूसरो को शांति से रहने देते हैं। ऐसे लोगो को ही हम स्वयं के लिए समस्या और अन्य लोगों के लिए भी समस्या का नाम दे देते हैं। इन्हें हम इन नाम के विभूति के तौर पर जानते और अन्य को बताते हैं। हमारे एक सहयोगी भी इसी प्रवृति के हैं और वे सुबह-सुबह कार्यालय आने के साथ शांति से कार्यालय में नहीं बैठते बल्कि हर दूसरे व्यक्ति के कार्य में कमी ढूंढने लगते हैं। वे यहीं नहीं ठहरते बल्कि वे उसकी कमी उसे बताकर उससे नाराजगी मोल ले लेते हैं। उसके साथ आंरभ हुई बार्ता थोड़ी देर में झगड़ा में बदल जाती है। इसके कारण पूरे कार्यालय का माहौल अशांत हो जाता है। स्वयं तो अंशात होते ही हैं और अन्य लोगों को भी अशांत कर देते हैं।

ऐसे लोग स्वयं को सदा सही मानते हैं और दूसरो को गलत मानते हैं। उन्हें लगता है कि उनसे अधिक जानकार कोई और है ही नहीं। स्वंय को जानकार समझना गलत नहीं है, लेकिन दूसरो को कम जानकार समझना गलत है। जो व्यक्ति लगातार किच-किच करते रहते हैं वे हमेशा गुस्से में रहते हैं। वे आपका कुछ अहित करे या न करें लेकिन वे आपको मानसिक रूप से विचलित अवश्य रखते हैं।

अगर आप ऐसे लोग के साथ काम कर रहे हैं तो आप सावधान रहें। आप उनके शिंकजे में ने फंसे। भरसक चेष्टा करें कि आप उनसे दूर रहें उनके कम से कम बात करें।

# ई-कॉमर्स में तलाश रहे हैं करियर, तो यह हैं हॉटेस्ट जॉब्स



अगर आप इनोवेटिव, इंटरेस्टिंग और हॉटेस्ट जॉब सर्च कर रहे हैं तो इसके लिए आपको अब ई-कॉमर्स का रुख करना चाहिए। आप वाकई में ई-कॉमर्स के क्षेत्र में आने का मन बना रहे हैं तो आपको पैशनेट और इमेजिनेटिव होने की जरूरत है। आपने जितना सोचा होगा यह उससे कहीं ज्यादा व्यापक क्षेत्र है। इसलिए नहीं कि इसकी कई सारी शाखाएं हैं और इसने बेहतरीन विकास किया है लेकिन इसकी भी क्योंकि आपको यहां सीखने के कई अवसर मिलेंगे। एक बार आप इस क्षेत्र में आये तो पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। ई-कॉमर्स ने भारत में यह 5 शानदार रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

**इंटरेक्टिव डिजाइनर**: एक इंटरेक्टिव डिजाइनर मूल रूप से यूजर को अपनी वेबसाइट को पसंद करने के लिए तैयार करता है। उनका मुख्य काम है वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाना और इतना आकर्षक बनाना कि अपने विभिन्न लक्ष्यों को पाने के लिए सहायक हों। इस काम के लिए आपको डिजाइन प्रोसेस, टेक्नोलॉजी और यूजर साइकोलॉजी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।


**सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन**: कोई भी कॉमर्स वेबसाइट खुद को अनदेखा नहीं रखना चाहेगी और एसईओ स्पेशलिस्ट वही हैं जो उन्हें लोगों की नजर में लाते हैं। इसलिए अगर आपको नेट सर्फिंग पसंद हैं और अगर आप जानते हैं कि गूगल के पहले पेज पर वेबसाइट को किस तरह लाना है तो आप इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकते हैं। यह ई-कॉमर्स इंडस्ट्री की सुपर डिमांड है।

**लॉजिस्टिक मैनेजमेंट**: एक ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक मैनेजर बिजनेस के लॉजिस्टिक्स और फिजिकल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को देखता है। इसलिए अगर आप ई-कॉमर्स बिजनेस के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में वैल्यू एड कर सकते हैं तो यह जॉब आपके लिए शानदार हो सकता है।

**डिजिटल मार्केटिंग**: बिजनेस के ऑनलाइन प्रेजेंस को बढ़ाने के लिए जितने भी पहलू हैं उसे डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट हैंडल करते हैं। इसमें सोशल मीडियो मार्केटिंग, ऑनलाइन ब्रांड रेपुटेशन मैनेजमेंट, पेड एडवरटाइजिंग, वेबसाइट डिजाइन, एसईओ, ईमेल मार्केटिंग कैम्पेन से लेकर वेबसाइट एनालिटिक्स तक शामिल हैं।

**वेब डेवलपर**: ऐसे समय जब ई-कॉमर्स मार्केट में कई सारे प्लेयर्स मौजूद हो और प्रतिस्पर्धा कठिन हो तो छोटी सी तकनीकी समस्या चीजें बिगाड़ सकती हैं। इसलिए यूआई/यूएक्स डेवलपर की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए अगर आप डेवलपमेंट, डिजाइन और टेस्टिंग में एक्पर्ट हैं तो इस इंडस्ट्री में अच्छा ग्रो करेंगे।

## विवेक मन्त्र



वृक्षों पर रहने वाले पक्षी भी तभी तक किसी वृक्ष पर बसेरा रखते हैं, जब तक वहां से उन्हें फल प्राप्त होते रहते हैं। अतिथि का जब पूरा स्वागत-सत्कार कर दिया जाता है तो वह भी उस घर को छोड़ देता है।

चाणक्य

## एडमिशन एलर्ट



**सवालः** क्या रेग्यूलर ग्रेजुएशन करने के साथ डिस्टेंस कोर्स भी कर सकते हैं? **संजीव सिंह**

**जवाबः** जी हां, आप रेग्यूलर ग्रेजुएशन के साथ डिस्टेंस एजुकेशन से कोई दूसरा कोर्स भी कर सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक स्टूडेंट एक साथ दो कोर्स कर सकते हैं। आप जिस यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कर रहे हैं वहां के डिस्टेंस लर्निंग से या फिर किसी दूसरी यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस लर्निंग या ओपन प्रोग्राम के तहत कोर्स कर सकते हैं।

**सवालः** मैंने बायोलॉजी सब्जेक्ट से 73 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की है। आगे मेडिकल फील्ड में कौन सा कोर्स करूं? **प्रेमरंजन**

**जवाबः** मेडिकल फील्ड बहुत बड़ा है। आमतौर पर सिर्फ डॉक्टर के पेशे को ही मेडिकल से जोड़कर देखा जाता है जबकि हकीकत में ढेरों ऐसे कोर्सेज हैं जो मेडिकल फील्ड से संबंधित हैं। मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मेरी राय में आपको पैरामेडिकल से जुड़ा कोई कोर्स करना चाहिए। कोर्स पूरा करने के बाद आप प्रोफेशनल डायग्नोसिस, फिजियोथेरेपी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और मेडिकल लैब टेक्निशियन का काम कर सकते हैं। इसलिए आप सिर्फ डॉक्टर के बारे में सोचें, इससे जुड़े विभिन्न विभागों में भी करियर बना सकते हैं।

## करियर जोन



**सवालः** मैंने एमबीए (एचआर) किया है, लेकिन अच्छी जॉब नहीं मिल रही है। **रिचा अग्रवाल**

**जवाबः** कई बार ऐसा होता है कि डिग्री होने के बावजूद अच्छी जॉब मिलने में दिक्कत होती है। बढ़ते कॉम्पिटिशन की वजह से खासतौर पर फ्रेशर्स को तो और भी ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है धैर्य बनाये रखना। एक अच्छा ब्रेक मिलने में देरी भले ही होती है लेकिन फिर करियर रफ्तार पकड़ने लगता है। मेरी राय में आपको खाली बैठने के बजाये अपने फील्ड से संबंधित छोटी-मोटी ही सही जॉब कर लेनी चाहिए। अनुभव बढ़ने के साथ पद और सैलरी भी अच्छी होती जायेगी।

**सवालः** मैंने 78 फीसदी अंकों के साथ बीकॉम किया है। मैं टीचिंग लाइन में जाना चाहती हूं। प्लीज मुझे गाइड करें। **कोमल कुमारी**

**जवाबः** अगर आप स्कूल टीचर बनना चाहती हैं तो बीकॉम के बाद आपको बीएड करना चाहिए। बीएड के बाद आप प्राइवेट स्कूल में टीचिंग कर सकती हैं। हालांकि सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए आपको एंट्रेंस एग्जाम क्वॉलिफाई करना होगा। हर राज्य में स्कूल टीचर बनने के लिए अलग-अलग एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। अगर हायर स्टडीज की इच्छा है तो एमकॉम करना बेहतर रहेगा। एमकॉम के बाद अगर आप एमफिल और पीएचडी करने के साथ ही नेट क्वॉलिफाई कर लेती हैं तो कॉलेज में बतौर लेक्चरार नियुक्त हो सकती हैं।

**ई-मेल**

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।

# प्रेरणा: रेलवे स्टेशन मास्टर की बेटी बनी आइएएस अफसर

**एक नहीं दो नहीं तीसरे अटेंप्ट में हासिल की सफलता**

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा देश की कठिन परीक्षाओं में से एक है। मुस्कान गुप्ता ने इस साल 302वीं रैंक हासिल की है। जानिए उनकी कहानी-

हाल ही में जारी हुए यूपीएससी सीएसई परीक्षा 2024 के रिजल्ट में मुस्कान गुप्ता ने 302 रैंक हासिल किया है। मुस्कान एक साधारण परिवार से आती हैं और उनके पिता रेलवे के कर्मचारी हैं। ऐसे में बेटी ने अधिकारी बनकर पिता और पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है।

### तीसरे अटेंप्ट में हासिल किया सफलता

संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा देश की कठिन परीक्षाओं में से एक है। सालों साल मेहनत करने वाले भी कई बार इसमें सफलता हासिल नहीं कर पाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल था मुस्कान गुप्ता का जो परीक्षा में बार बार फेल हो जा रही थीं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने तीसरे अटेंप्ट में परीक्षा पास कर ली।



### 12वीं में हासिल किया था 96 प्रतिशत

मुस्कान गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। उनके पिता भारतीय रेलवे के फतेहपुर स्टेशन में स्टेशन मास्टर के रूप में कार्यरत हैं। मुस्कान ने सनबीम स्कूल मुगलसराय से 12वीं तक की पढ़ाई की है। उन्होंने 12वीं में 96 प्रतिशत अंक हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। 2021 में ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के बाद वे वढरउ की पढ़ाई में जुट गईं।

बिना कोचिंग के क्रैक की परीक्षा

मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया। उनका वैकल्पिक विषय समाजशास्त्र था। दिलचस्प बात ये है कि मुस्कान ने यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी खास कोचिंग की मदद नहीं ली थी। हालांकि, मार्गदर्शन के लिए शिक्षक हमेशा रहे।

### कैसे पाई सफलता, जानिए सक्सेस मंत्र

मुस्कान ने कहा कि मैंने कई असफलता का सामना किया है। लेकिन कभी हार नहीं माना। मुस्कान का कहना है कि उन्होंने हर बार अपनी असफलताओं पर विचार किया। साथ ही अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की कोशिश की। ज्यादा से ज्यादा सेल्फ स्टडी पर फोकस करें।

स्पीड न्यूज



## मंच की पहल पर प्रिया अग्रवाल ने पहली बार किया रक्तदान

**जमशेदपुर।** गर्मी के मौसम में ए ग्रुप रक्त की कमी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा की पहल पर रविवार 11 मई को जमशेदपुर ब्लड सेंटर में सुंदरनगर निवासी प्रिया अग्रवाल ने पहली बार रक्त दानकर मंच के सदस्य के रिश्तेदार को रक्त उपलब्ध कराया। यह जानकारी मंच के रक्तदान संयोजक अनंत अग्रवाल ने दी। मंच प्रिया के इस नेक कार्य के लिए सदा उनका आभारी रहेगा।

## वृद्धा आश्रम की माताओं से सुरभि शाखा की टीम को मिला आशीर्वाद



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए मातृ दिवस पर रविवार को बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद वृद्धा आश्रम में रहनेवालों के साथ केक कटिंग कर मनाया। साथ ही एक जरूरतमंद माता को व्हीलचेयर दिया गया। सभी माताओं ने सुरभि सभी शाखा की टीम को भरपूर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उषा चौधरी, खुशबू कांवटिया, पूजा अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

## पलायन की भेंट चढ़ा होसिर का एक व्यक्ति, गांव पहुंचा शव



**बेरमो/ ललपनिया।** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिर तेतरिया टांड़ निवासी विजय करमाली (49 वर्षीय)पलायन का भेंट चढ़ गया।मृतक विजय करमाली जो स्व लालधारी करमाली का पुत्र था। शनिवार शाम को उड़ीसा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का शव रविवार अहले सुबह घर पहुंचते ही परिजनों की चीत्कार से सभी का आंख नम हो गई। मृतक विजय करमाली के एक पुत्र व तीन पुत्री है जिसमें एक पुत्री कि शादी हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय करमाली अपनी रोजी रोटी केलिए उड़ीसा राज्य में ऑनर बासुदेव अरु का हाइवा जिसका नम्बर 0ऊ-09ढ1184 चलाता था। रोज की तरह शनिवार को भी हाइवा गाड़ी चला रहे थेकि शाम लगभग 4 बजे उडीसा के कमाकेल ओवरब्रिज एनएच-143चांदी पोस के पास गाड़ी ब्रेक डाउन होने के पश्चात दुर्घटना हो गया। जिसमें चालक विजय करमाली गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को घायल वस्था मे बेहतर इलाज हेतू रांची लाया ही जा रहा था कि रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई तत्पश्चात मृतक का शव तेतरिया टांड़ ग्राम पहुंचा। जहां गोमिया थाना पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतू अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया गया.। ततपश्चात मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।इधर सूचना मिलने पर झारखंड राज्य मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने शौक व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी मृत्यु से काफी मर्माहत है। दुःख की इस घड़ी में परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने सहित परिजनों के साथ हर दुःख सुख में साथ खड़ा है। इधर उप मुखिया पति मोहन नायक, समाजसेवी मनोज चंचल, संदीप कुमार समेंत ग्रामीणों ने शौक व्यक्त किया है।

# प्रदीप शर्मा अध्यक्ष और सुजीत शर्मा निर्विरोध बने महासचिव

- प्रशासन की निगरानी में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का चुनाव संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का चुनाव आज कुम्हारपाड़ा, न्यू बाराद्वारी स्थित विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन में विधि सम्मत तरीके से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

समाज के सभी सत्यापित सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग कर गुप्त मतदान द्वारा योग्य उम्मीदवारों का चयन किए। अध्यक्ष पद पर प्रदीप शर्मा बहुमत से जीत हासिहल किए । अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रदीप शर्मा को कुल 269 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी दिवाकर शर्मा को 60 वोट से ही संतोष करना पड़ा। महासचिव पद पर सुजीत शर्मा को निर्विरोध चुना गया। सुजीत शर्मा लगातार दूसरी बार महासचिव चुने गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर दो पदों के लिए क्रमशः जीतेंद्र शर्मा 268 वोट, और संजय शर्मा 186 वोट के साथ विजयी हुए जबकि हारे उम्मीदवार जिउत शर्मा को 163 वोट मिला।

सहायक महामंत्री पद पर राजकुमार शर्मा एवं राकेश शर्मा ने विजयी हुए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर अजीत शर्मा निर्विरोध निर्वाचित किए गए। विश्वकर्मा समाज में कुल 1600 के आस-पास वैध वोटर हैं जिनमें से 400 वोटरों ने भीषण गर्मी के बावजूद मताधिकार का प्रयोग किया। इस निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालन में मुख्य चुनाव पदाधिकारी बृजनंदन प्रसाद, चुनाव पदाधिकारी बिरेंद्र शर्मा, शिव कुमार शर्मा एवं मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक अरूण ठाकुर, चुनाव पर्यवेक्षक उमा शंकर शर्मा, अशोक शर्मा एवं चुनाव कार्यसमिति में गौतम शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, अरूण शर्मा, सरवन शर्मा, अशोक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, राजकिशोर शर्मा के साथ सभी सक्रिय सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। मौके पर एसडीओ धालभूम के द्वारा चुनाव को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय थाना का सहयोग मुहैया करवाया गया था। सभी मतदाता उम्मीदवारों के साथ पूरे गर्मजोशी के साथ सुबह 10:30 बजे से संध्या 5:00 बजे तक लगे रहे। सभी प्रत्याशियों के सामने मतगणना की गई। और मतगणना के पश्चात जीते हुए प्रत्याशीयों को शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा गया।

# साकची पंप हाउस के पास हाइवा ने बाइक को रौंदा, दो सवारों की मौत

- निर्मल नगर और ग्वाला बस्ती सोनारी के निवासी हैं दोनों मृतक
- मुआवजे की मांग पर बस्ती वासियों ने किया मरीनर ड्राइव जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







मृतक सुबेदार प्रसाद की फाइल फोटो, मृतक रोहित सोरेन की फाइल फोटो और घटना के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग।

**जमशेदपुर।** रविवार को शाम साकची हाथघोड़ा मंदिर के आगे टाटा स्टील वाटर वर्क्स पंप हाउस के पास एक हाइवा वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। युवकों की पहचान सुबेदार प्रसाद और रोहित सोरेन के रुप में हुई है। मृतक क्रमशः निर्मल नगर सोनारी और ग्वाला बस्ती सोनारी के थे। बस्तीवासियों ने युवकों की मौत की खबर सुनते ही साई मंदिर मेरिन ड्राइव गोलचक्कर को जाम कर दिया। प्रशासन से वे दुर्घटना में मृत युवकों के पारिवार को मुआवजा देने और धक्का मारने वाले वाहन के चालक को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। बाद में सोनारी पुलिस ने बस्ती वासियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। बस्तीवासियों का कहना था कि बाइक सुबेदार प्रसाद ही चला रहे थे। वे दोनों हेलमेट पहन कर ही बाइक पर चल रहे थे। सुबेदार प्रसाद हमेशा 20-30 की स्पीड से ही चलते थे। वे दोनों नशे से दूर थे।

## अस्पताल से घर लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चांडिल।** थाना क्षेत्र के कपाली ओपी अंतर्गत दोमुहानी -कांदरबेड़ा मुख्य सड़क पर रुगड़ी स्थित गोल्डी होटल के समीप शनिवार को एक 407 वैन ने पल्सर बाईक को टक्कर मार दिया। जिसमें बाईक सवार युवक चांडिल के दालग्राम निवासी नरेश सरदार (23) गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को ईलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेजवाया। जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कपाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरेश सरदार पथरी के उपचार हेतु बिस्टुपुर स्थित स्टील सिटी अस्पताल में भर्ती बड़े भाई संतोष सिंह सरदार को देखने गया था। वहीं से लौटने के क्रम में डोबो मुख्य सड़क पर दोपहर करीब 3 बजे रुगड़ी के समीप तीखा मोड़ पर बाईक पर सवार युवक एक 407 वैन (जेएच05बीई 6834) के चपेट में आ गया।

## बंगाल की महिला छऊ नृत्य का प्रदर्शन होगा आकर्षक

- पुराना सोनारी बस्ती में छऊ नृत्य 17 को, शिक्षा मंत्री, सांसद सहित जुटेंगे कई गणमान्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक में जुटे कमेटी से जुड़े लोग।

**जमशेदपुर।** पुराना सोनारी विकास समिति के सदस्यों की बैठक आज सोनारी कार्यालय में अध्यक्ष धनंजय महतो की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आगामी 17 मार्च (शनिवार) को विकास समिति के मैदान (कारमेल स्कूल के पीछे) होनेवाले छऊ नृत्य को सफल बनाने पर चर्चा की गयी।

धनंजय महतो ने बताया कि छऊ नृत्य की शुरूआत रात्रि 10 बजे से होगी। इसके पूर्व रात्रि 9 ।30 बजे शहीद निर्मल महतो, पूर्व सांसद स्व सुनील महतो तथा राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युत महतो, विधायक सबिता महतो, पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो, 20 सूत्री समिति के जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झारखंड आंदोलनकारी आस्तिक महतो, फणिंद्र महतो, बबलू महतो, सुखदेव महतो आदि शामिल होंगे। श्री महतो ने बताया कि छऊ नृत्य का आकर्षण पश्चिम बंगाल के पुरुलिया बंदवान की महिला छऊ नृत्य टीम (उस्ताद संजय छऊ नाच) व सरायकेला खरसावां के नीमडीम की छऊ नृत्य टीम (उस्ताद चंडीचरण महतो) की प्रस्तुति होगी। बैठक में काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे। आयोजन को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष धनंजय महतो के अलावा संयोजक अशोक सिंह, उपाध्यक्ष रामू महतो, स्वपन महतो बनाये गये हैं।

## सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद शीघ्र आयोजित करेगा व्यंग्य सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम की जानकारी देते अध्यक्ष अरविंद विद्रोही व सहयोगी पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** भोजपुरी भवन गोलमुरी में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के कार्यकारिणी बैठक अरविंद विद्रोही की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ऐजेंडा अनुसार जिला सम्मेलन, कौशल किशोर सिंह स्मृति पुरस्कार, सदस्यता अभियान, व्यंग्य यात्रा पत्रिका सम्मेलन आदि के आयोजन पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष अरविंद विद्रोही ने बताया कि व्यंग्य सम्मेलन में देश के बड़े व्यंग्यकारों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा सौ साहित्यकार शामिल होंगे। अध्यक्ष अरविन्द विद्रोही ने प्रेम जनमेजय के नेतृत्व में व्यंग्य सम्मेलन कराने को अपनी प्राथमिकता बतलायी और सफलता की कामना की। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भोजपुरी भाषियों के बीच जाकर सदस्यता अभियान को गति दी जाए।

सँस्था के संरक्षक हरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के खर्च एवं प्रबन्धन से जुड़ी बातें साझा की। कार्यकारी अध्यक्ष मसूद खान ने बताया कि भोजपुरी भवन का विस्तार कार्य अगले डेढ़ माह में पूरा होने की उम्मीद है। तब भवन की सीटिंग कैपेसिटी डबल हो जायेगी और कार्यक्रम ज्यादा आरामदायक माहौल में हो सकेगा।

## मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा का स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा रविवार को दो महत्वपूर्ण सामुदायिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिनका उद्देश्य सेवा, देखभाल और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था। सुबह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कदमा-सोनारी लिंक रोड, फिटनेस जोन के समीप किया गया। यह शिविर ड. मुकेश पटवारी और चार टेक्नीशियन की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें 70 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। शिविर में वजन, रक्तचाप और ब्लड शुगर की जांच की गई। दूसरा कार्यक्रम मातृ दिवस के अवसर पर आशीर्वाद वृद्धाश्रम, बाराद्वारी में एक भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। वृद्ध माताओं को साड़ी समेत अन्य वृद्धजनों के बीच फल और शीतल शरबत का वितरण कर चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया।

## भजनों की अमृत गंगा में गोता लगा श्याम भक्तों ने किया बाबा का गुणगान

- भालुबासा हरिजन स्कुल मैदान में सजा बाबा श्याम का दरबार
- अखंड ज्योति पाठ में शामिल हुई 501 महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





अखंड पाठ करती महिलाएं।

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा रविवार को धुमधाम से भव्य श्याम महोत्सव भालुबासा स्थित हरिजन स्कुल मैदान में मनाया गया। बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जिसमें कच्चे फूलों से बाबा श्याम का अदभुत, अलौकिक श्रृंगार किया गया था। विशेष कारीगरों द्वारा श्रृंगार में विदेशी फूलों का भी उपयोग किया गया। रविवार की सुबह 08 बजे से श्याम अखंड ज्योति पाठ और रात 0830 बजे से भजनों की अमृत वर्षा (संकीर्तन) हुई। सामूहिक शामिल हुई। जोशी पंडित की देखरेख में 5 पंडितों द्वारा विधिवत पूजा की गई। इसके बाद सभी भक्तों ने मिलकर बाबा की ज्योत ली। सभी भक्तों को रक्षा सूत्र बांध गया। यजमान राजेश खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, नीरज चौधरी, राजेश अग्रवाल, कैलाश छावछरिया ने सपत्नी पूजा की। इस महोत्सव में बतौर अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, समाजसेविका सुधा गुप्ता, भाजपा नेता सुधांशु ओझा, योगेश मल्होत्रा शामिल हुए। सभी ने बाबा श्याम के दरबार में हाजरी लगायी और श्याम कथा सहित भजनों का आनन्द लिया। साथ ही बाबा श्याम से देश और झारखंड के विकास की प्रार्थना की।

इस अवसर पर आमंत्रित भजन गायक तुषार चौधरी (कोलकाता), अभिषेक सिंघल (धनबाद), वेद प्रकाश उपाध्याय (टाटानगर), महावीर अग्रवाल (टाटानगर) और सुमित्रा बनर्जी (टाटानगर) ने शानदार प्रस्तुति के दौरान भजनों की अमृत गंगा बहाई गई, जिसमें श्याम भक्त गोता लगाते हुए बाबा का गुणगान करते रहे।

## एक नजर में

### श्री अरविंदो सोसाइटी, जमशेदपुर द्वारा एक परिवर्तनकारी समर कैंप



**जमशेदपुर।** श्री अरविंदो सोसाइटी, जमशेदपुर केंद्र द्वारा तुलसी भवन में एक दिवसीय समर कैंप चरित्र निर्माण : ब्लूमिंग बड्स का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में भावनात्मक संतुलन, रचनात्मकता और मूल्यों का विकास करना था। मुख्य अतिथि डा. एस. एन. त्रिवेदी, अध्यक्ष, झारखंड राज्य समिति ने आयोजकों की सराहना करते हुए बाल्यावस्था में चरित्र निर्माण के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि श्री के. प्रभाकर राव, उपाध्यक्ष, जमशेदपुर केंद्र एवं अध्यक्ष, नेशनल बैडमिंटन एसोसिएशन ने खेलों को आंतरिक शक्ति और अनुशासन के विकास में महत्वपूर्ण बताया। सामाजिक कार्यकर्ता पुरबी घोष ने इस पहल को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए समयानुकूल बताया। श्री अरविंदो और द मदर की शिक्षाओं से प्रेरित इस शिविर में लाइफ जर्नलिंग, डिजिटल डिटक्स डाइट, तिब्बती सिंगिंग बाउल मेडिटेशन, योग, मंडला आर्ट, म्यूजिक थेरेपी और रोल-प्ले सिमुलेशन जैसी रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को दैनिक जीवन की चुनौतियों से निपटना सिखाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व युवा समन्वयक अदिति राय मुखर्जी ने किया, जिन्हें रचना टंडन, डा. मीनाक्षी मधुरिया और प्रणब नाहा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। युवा नेताओं राजवीर सिंह भाटिया, स्वास्तिका टंडन और अकांश वर्मा ने बच्चों को आत्म-अन्वेषण की दिशा में प्रेरित किया। छात्राओं शनाया और ग्रिवा ने खुशी जताते हुए कहा, यह बहुत मजेदार और शांति देने वाला अनुभव था। आयोजन टीम के सदस्य सुबीर दास, चौताली सत्पथी, अमित कुमार रय और सुभ्रता कुंडू ने भविष्य में भी ऐसे समग्र विकास के प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया।

### अपनी जमीन पर पीएम आवास बनाना क्या अपराध है : युनूस



**बेरमो /गोमिया।** विधानसभा के अइय्यर गांव एक जमीनी विवाद का मामला उस समय प्रकाश में आया जब एक पक्ष के लोग बोकारो एससी एसटी थाना मामला दर्ज करवाने व न्याय दिलाने की मांग को लेकर पहुचा और दुसरे पक्ष पर जबरन जमीन हड़पने, मारपीट करने आदि आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। इधर दुसरे पक्ष से आज परिवार के मुखिया मो युनूस अंसारी तथा उनका दो भतीजा तफजुल अंसारी और तनवीर मिडिया के सामने आकर जमीन विवाद से पुरा पर्दा ही हटा दिया। उक्त लोगों ने मिडिया को बताया कि जो परिवार आठ पिढ़ी से यहां निवास करता हो आज बहरी बताया कर मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। रैयत यूनुस ने बताया कि दरअसल वे लोग ललपनिया थर्मल पावर प्लांट के विस्थापित लोग है। यहां से विस्थापन के बाद लगभग 9 एकड़ भूमि भूदान योजना के तहत विस्थापितों को इस क्षेत्र में दिया गया था। उसी का यह एक टुकड़ा है जिसे आदिवासी पक्ष के लोग अपना बता रहे हैं और आवास बनाने से जबरन रोका जा रहा। हथियारों से लैस होकर कार्य स्थल पर आते हैं गाली गलोज, मारपीट करते हैं। बताया गया कि इस जमीन का खाता संख्या 57 प्लांट संख्या 236 तथा रकबा 54 डिसमिल है। बताया गया कि यहां पीएम आवास योजना के तहत आवास का निर्माण होना है मगर जब भी निर्माण कार्य शुरू किया जाता है वे लोग यहां पहुच हंगामा करने के साथ साथ मारपीट और दिवारों को गिरा देते हैं। कहा इन लोगों के द्वारा पुर्व मे भी गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर काम रोक दिया था मगर नापी के बाद साफ हुआ कि उन लोगों की जमीन आवास निर्माण स्थल से काफी दुर पर है मगर जबरन बल पुर्वक काम रोक दिया जाता है। युनूस और उनके परिजनों के अनुसार बीते दिनों भी कुछ इसी तरह की घटना घटी कार्य स्थल पर एकाएक दर्जनों लोगो के साथ वे लोग धमक गये और मारपीट शुरू कर दी जिसमे तफजुल और मुनेजा खातुन बुरी तरह घायल हो गया जिसका लिखित आवेदन हमने ललपनिया थाना को दिया है। बताया कि यह भुमि भूदान योजना के तहत उनके पुरवजो को मिला था। वे लोग आठ पिढ़ीयो से यहां निवास कर रहे हैं और उन्हें बहरी और नामालूम क्या क्या बताया जा रहा है। उन लोगों ने बताया कि हमारे पास जमीन के सारे कागजात है और इसी आधार पर हमे पीएम आवास योजना का लाभ मिला है मगर यह परिवार अपनी दबंगई के दम पर यह गैरकानूनी काम कर रहे है और फर्जी मामला बनाकर हम लोगो को फंसाने का काम कर रहे हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच ने तीन स्थानों पर पनशाला और गायों के लिए दस स्थानों पर नाद लगाया



बेरमो कार्यालय, **फुसरो (बेरमो)।** मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए खुसरो बाजार में तीन स्थानों पर अस्थाई अमृत धारा (पनशाला) का उद्घाटन किया गया। साथ ही जीव दया हेतु अलग-अलग स्थान पर 10 नाद लगाए गए। इससे सड़क पर विचरण कर रहे गाय उसमें पानी पी सके। मंच के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल तथा सचिव अरुण अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा समाज हित में हमेशा कार्य करता है। इसी के तहत प्रचंड गर्मी को देखते हुए फुसरो बाजार में तीन स्थान पर निशुल्क अमृतधारा का उद्घाटन किया गया है। जहां पूरे गर्मी शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था रहेगी। इससे राहगीर इस भीषण गर्मी मे अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कहा कि इसके अलावा सड़क पर विचरण कर रहे हैं गायों के लिए 10 जगह नाद की व्यवस्था की गई है। इससे सड़क पर विचरण करने वाले गाय इस नाद मे रखे पानी के माध्यम से अपनी प्यास बुझा सकते हैं।




# टीम इंडिया के नये टेस्ट कप्तान और उप-कप्तान का नाम आया सामने, बुमराह का कटा पत्ता !



## ऋषभ पंत उप-कप्तान की रेस में सबसे आगे



इस बीच ये भी खबर सामने आ रही है कि टीम के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट में भारत के नए उप-कप्तान होंगे। पंत का चयन सीधा-सादा लगता है, क्योंकि वो विदेशी परिस्थितियों में भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक की औसत और 90 और 99 के बीच सात स्कोर के साथ पंत इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। पंत ने 43 टेस्ट मैचों में 2948 की औसत से 2948 रन बनाए हैं। साथ ही, आक्रामकता के साथ रन बनाने का उनका इरादा और विकेट के पीछे से उनके बहुमूल्य इनपुट नेतृत्व की भूमिका के पक्ष में काम करेंगे।

### सुदर्शन ले सकते हैं रोहित की जगह

बते दें कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा मई के तीसरे सप्ताह के अंत में की जाएगी, जबकि भारत ए टीम की घोषणा अगले सप्ताह की शुरूआत में की जाएगी। अगर टेस्ट दौरे के लिए नये खिलाड़ियों में से एक के चयन को निश्चित माना जाए तो वह तमिलनाडु के बाएं हाथ के ओपनर साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह या तो रोहित शर्मा की जगह गिल के साथ पारी की शुरूआत करेंगे या तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आएंगे।

**केएल राहुल पर विचार तक नहीं किया जा रहा है** : यह समझा जाता है कि केएल राहुल को विकल्प के रूप में नहीं माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले से ही 33 से अधिक उम्र के हैं और बेंगलुरु के इस खिलाड़ी के लिए निरंतरता एक समस्या रही है, भले ही वह आस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। 11 साल के टेस्ट क्रिकेट के बाद 50 मैचों में 35 से कम का औसत प्रभावशाली नहीं है।

### जसप्रीत बुमराह का कटा पत्ता

अगर शुभमन गिल नये कप्तान बनते है तो फिर जसप्रीत बुमराह को सीनियरटी के कारण उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है। इस के अलावा उनकी खुद की फिटनेस भी सवालों के घेरे में रहती है और उनका पूरी श्रृंखला के लिए खेलना अनिश्चित है। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने बताया, अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं, तो उन्हें उप-कप्तानी देने का कोई मतलब नहीं है। सीआई के एक सूत्र ने ये भी कहा, यह सच है कि चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड सीरीज के लिए कोहली को भारतीय कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। इससे गिल को नेतृत्व की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता, लेकिन 25 साल की उम्र में वह अपने चरम पर पहुंच चुके हैं। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण, गिल चयन समिति के लिए स्पष्ट पसंद लग रहे हैं।

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होने वाली है। उससे पहले बीसीसीआइ को टीम इंडिया के नया कप्तान का ऐलान करना जरूरी है। जैसे जैसे वक्त गुजरता जा रहा है वैसे वैसे फैंस के बीच अटकलें भी बढ़ती जा रही हैं, कि टीम इंडिया का अगला टेस्ट कप्तान शुभमन गिल होंगे और उप-कप्तान ऋषभ पंत होंगे। लेकिन बीसीसीआइ की तरफ से अभी तक कोई भी आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है।

**शुभमन गिल रेस में सबसे आगे**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बीसीसीआइ ने प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट के लिए राष्ट्रीय टीम की कमान सौंपने का मन बना लिया है। भारतीय टेस्ट टीम के भविष्य को देखते हुए 25 वर्षीय शुभमन गिल टेस्ट कप्तानी की रेस में सबसे आगे हैं। गिल को बीसीसीआइ ने हाल ही में वनडे टीम में उप-कप्तान बनाया था। गिल ने टी20 में टीम इंडिया की कप्तानी की हैं। लेकिन उन्होंने कभी टेस्ट मैचों या वनडे में कप्तानी नहीं की है। गिल ने आइपीएल 2024 में गुजरात टाइटन्स की कप्तानी का भार संभाला था। गिल ने दिसंबर 2020 में क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने अब तक 32 टेस्ट मैचों की 59 पारियों में 5 शतक और 7 अर्धशतकों के साथ कुल 1893 रन बनाये हैं।

## आइपीएल के शेष मैचों का कार्यक्रम आज हो सकता है जारी, कोलकाता में नहीं खेला जाएगा फाइनल?




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद आइपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आइपीएल 2025 का शेष सत्र 16 या 17 मई से शुरू हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसका फाइनल मुकाबला कोलकाता के अलावा किसी अन्य शहर में कराया जा सकता है।

**आइपीएल संचालन परिषद के साथ बीसीसीआइ ने की चर्चा**

आइपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और बीसीसीआइ के अधिकारियों ने आइपीएल को दोबारा शुरू करने पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड उपयुक्त कार्यक्रम पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, फिलहाल आइपीएल पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बीसीसीआइ अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआइ सचिव, आइपीएल चेयरमैन फ्रेंचाइजी के साथ चर्चा कर रहे हैं, इसलिए जल्द ही सभी को फैसले के बारे में पता चल जाएगा। कोशिश की जा रही है कि टूर्नामेंट को जल्द ही दोबारा शुरू किया जाये। आइपीएल सूत्रों ने कहा कि कहा कि लीग की शुरूआत लखनऊ और बेंगलुरु के बीच मैच से होगी जिसे नौ मई को लखनऊ में खेला जाना था। सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। अंतिम कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जायेगा। इस बात की संभावना ज्यादा है कि मुकाबले चार स्थल पर कराए जाएंगे और दिल्ली और धर्मशाला मैचों की मेजबानी नहीं करेंगे। इन स्थलों से पहले से ही सारे उपकरण हटाए जा चुके हैं।

**अहमदाबाद में खेला जा सकता है फाइनल**

साथ ही कहा कि क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर के आयोजन स्थल में बदलाव नहीं किया जाएगा जिसे हैदराबाद में होना था, लेकिन कोलकाता में फाइनल कराए जाने की संभावना कम है। फाइनल मुकाबला एक जून को खेला जा सकता है और उस दिन शहर में बारिश की संभावना है। सूत्रों ने कहा, फिलहाल प्लेऑफ चरण के वेन्यू में बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन बारिश कोलकाता में फाइनल मैच को प्रभावित कर सकती है। इस स्थिति में खिताबी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जा सकता है।

## चेनाई और हासिस ने जीता कांस्य पदक

**निकोसिया (साइप्रस)।** ओलंपियन केनान चेनाई और सबीरा हारिस की भारतीय जोड़ी ने रविवार को आइएसएसएफ विश्वकप 2025 में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। साइप्रस के निकोसिया में आयोजित शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसफ विश्व कप ओलंपियन केनान चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।

## भारत की पुरुष व मिश्रित क्वालीफिकेशन से चूकी

**गुआंगझोउ (चीन)।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें रविवार को विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद रविवार को हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14.81 का समय निकालकर हीट 2 में चौथा स्थान हासिल कर पाई और क्वालीफिकेशन से चूक गईं।

## तन्वी ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

**नयी दिल्ली।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने रविवार को महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है।

## हरियाणा ने जीता कबड्डी का खिताब

**गया (बिहार)।** हरियाणा की टीम ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को हराकर कबड्डी का खिताब अपने नाम किया। रविवार को यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के इनडोर हॉल में खेले गये मुकाबले में कप्तान जय हिंद लाठेर की अगुवाई वाली हरियाणा की अंडर-18 लड़कों की टीम ने कबड्डी के फाइनल में महराष्ट्र की टीम को 39-28 के अंतर से हराया। वहीं महाराष्ट्र को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा के लिए रेडर प्रिंस दहिया, ईशांत और निखिल शानदार प्रदर्शन कर अपनी मजबूत रेड से टीम को कई अंक दिलाने में मदद की।

## संघर्ष विराम के बाद गुजरात गुजरात ने शुरू किया अभ्यास



एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म होने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों ने रविवार को अभ्यास शुरू कर दिया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम के सभी सदस्यों ने अभ्यास किया। हालांकि, जोस बटलर और गेराल्ड कोएत्जी मैदान पर नहीं दिखे। बता दें कि, आइपीएल का मौजूदा सत्र खिलाड़ियों की सुरक्षा के एहतियात की वजह से एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया था। गुजरात टाइटंस की टीम रविवार की शाम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंची। इस विषय में बात करते हुए एक अधिकारी ने कहा- हां, हमने अभ्यास शुरू कर दिया है। खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं और हम खेलने के लिए तैयार हैं। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी नहीं पहुंचे। अधिकारी ने आगे कहा- हमारी पूरी टीम वहीं रुकी रही। केवल जोस और गेराल्ड नहीं आए लेकिन वे जरूरत पड़ने पर वापस आएंगे।

**तालिका में फिलहाल शीर्ष पर है गुजरात**

चेन्नई सुपरकिंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं और चार प्लेऑफ स्थान के लिए सात टीम दावेदार हैं। आईपीएल 2025 सीजन स्थगित होने तक गुजरात टाइटंस की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर थी। गुजरात 11 मैचों में आठ जीत और तीन हार के साथ 16 अंक लेकर पहले स्थान पर थी। दूसरे नंबर पर आरसीबी की टीम थी जिसके इतने ही मैचों में गुजरात के समान अंक है। तीसरे स्थान पर पंजाब थी, जबकि चौथे पर मुंबई इंडियंस थी।

## आस्ट्रेलियाई पूर्व टेस्ट क्रिकेटर की मौत

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेलने वाले क्रिकेटर बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने काउपर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि काउपर एक बेहद प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। वह अपने शानदार स्ट्रोक, क्रीज पर धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते बड़े स्कोर बनाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे। सीए ने कहा इस दुखद समय में बॉब के परिवार, दोस्तों और पूर्व साथियों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने अपना अधिकांश प्रथम श्रेणी क्रिकेट विक्टोरिया के लिए खेला। उन्होंने 1959-60 और 1969-70 के बीच कुल 147 मैचों में 26 शतकों के साथ 53.78 की औसत से 10,595 रन बनाए। अपने 27 टेस्ट मैचों में काउपर ने 5 शतकों के 2061 रन बनाए। इसमें 1966 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 307 रन की यादगार पारी भी शामिल है। अंशकालिक ऑफ स्पिनर के रूप में काउपर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 183 और टेस्ट मैच में 36 विकेट लिए। उन्होंने आइसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती, स्नेह व अमनजोत ने बरपाया कहर




एजेंसी

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोलंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाईं। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अट्टापट्टू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। इसके बाद अनुष्का संजीवनी और सुगंदिका कुमारी ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। दोनों क्रमशः 28 और 27 रन बनाकर आउट हो गईं। भारत के लिए स्नेह राणा और अमनजोत कौर के अलावा श्री चरणी ने एक विकेट हासिल किया। टीम इंडिया को पहला झटका प्रतिका रावल के रूप में लगा। वह 49 गेंद पर दो चौके की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुईं। रावल ने मंधाना के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद मंधाना ने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मंधाना ने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 116 रन की पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल 56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन बना सकीं। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत 30 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और जेमिमा 29 गेंद में चार चौके की मदद से 44 रन बना सकीं। ऋचा घोष आठ रन और अमनजोत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं। दीप्ति शर्मा 20 रन बनाकर और क्रांति गौड़ खाता खोले बिना नाबाद लौटीं।

### मंधाना ने ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा

इस मुकाबले में मंधाना का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 101 गेंदों का सामना किया और 116 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। यह उनके वनडे करियर का 11वां वनडे शतक है। उन्होंने 55 गेंदों में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया था। इसी के साथ वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में वह इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष पर आस्ट्रेलिया की मैग लैनिंग 15 शतकों के साथ हैं जबकि न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर दर्ज हैं।

# दीपिका, पार्थ सालुंखे ने जीते कांस्य पदक

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत को मिले सात पदक



एजेंसी

**शंघाई।** भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनाई। भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ। कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया।दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया। इस 21 साल की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ने पिछले साल येचियोन विश्व कप में भी भारतीय तीरंदाज को अंतिम चार में शिकस्त दी थी। भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली। पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली। पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया। इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।सालुंखे ने कांस्य पदक के मुकाबले में 30 अंक के शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट जीत लिया।

दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने 28-28 अंक बनाये जिससे भारतीय खिलाड़ी के पास बढ़त (3-1) बनी रही। उन्होंने तीसरे सेट में सिर्फ 25 अंक हासिल किये जिससे एडिस को स्कोर 3-3 से बराबर करने का मौका मिला गया। चौथा सेट बराबरी पर छूटा। सालुंखे ने पांचवें सेट में दो 10 और एक नौ का निशाना साध कर 29 अंक बटोरे जबकि एडिस 28 अंक ही बना सके। भारतीय खिलाड़ी ने इस तरह 6-4 से जीता दर्ज की।

## कोको गॉफ राउंड ऑफ 16 में पहुंची

**नयी दिल्ली।** पिछली बार मियामी में मैग्डा लिनेट के खिलाफ, कोको गॉफ अपने करियर की तीन मुकाबलों में पहली बार पोलैंड की खिलाड़ी से हार गई थीं। लेकिन रविवार को इंटरनैशनली बीएनएल डीइइटालिया के तीसरे दौर में लिनेट के खिलाफ 7-5, 6-3 से जीत के साथ अमेरिकी खिलाड़ी ने बदला चुका लिया। पहली बार हार्ड कोर्ट के अलावा किसी अन्य सतह पर लिनेट का सामना करते हुए, गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और अपने करियर में तीसरी बार रोम में चौथे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका अगला मुकाबला यूएस ओपन विजेताओं के मैच में एम्मा राडुकानू से होगा। 2021 की न्यूयॉर्क चैंपियन ने अपने तीसरे दौर के मैच में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराने के लिए एक सेट से पीछे रहने के बाद वापसी की। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच बहुत कम अंतर था। विश्व की नंबर 4 खिलाड़ी शुरूआती बढ़त लेने के बावजूद अपने खेल को लगातार जारी नहीं रख पाई।

## वॉटर पोलो 2.0 प्रतियोगिता का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने कराया आयोजन**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा रविवार को वर्द्धमान कंपाउंड स्थित एरिना स्पोर्ट्स मे वॉटर पोलो 2.0 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये सभी वरिष्ठ एवं आमंत्रित सदस्यों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीम मे मंच के 36 सदस्यों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया एवं साथ ही खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम स्प्लैश स्क्वाड विजेता तथा टीम द फ्लोटेर्स उपविजेता रही। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा, प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकाश झाझरिया, प्रांतीय सहायक मंत्री विकाश अग्रवाल, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के साथ कई पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य युवा सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुसज्जित किया एवं सफल बनाया। यह कार्यक्रम शाखा के खेल कूद प्रभारी और कार्यक्रम संयोजक गौरव विजय एवं हिमांशु चितलांगिया के संयुक्त प्रयास एवं परिश्रम से सफल हुआ।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस नगर कमेटी का हुआ पुर्नगठन

**दुमका।** कांग्रेस भवन में नगर कांग्रेस इकाई ने संगठन सृजन के तहत नगर कांग्रेस कमेटी की पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मो अलीमाम उर्फ टिंकू ने की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पर्यवेक्षक प्रोफेसर मनोज अम्बष्ट भी शामिल थे। इस अवसर पर प्रोफेसर अम्बष्ट ने कहा कि आज नगर कमेटी के पुनर्गठन का आयोजन हुआ। जिसमें कमेटी में दो उपाध्यक्ष एवं नौ महासचिव मनोनीत हुए। उसके बाद नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए काम करने की जरूरत है। बैठक की समाप्ति की घोषणा दशरथ मंडल ने किया। इस कार्यक्रम में अमित शर्मा, संजय गुप्ता, विनोद बेसरा, मो हारून, रूपेश सिंह, मो हसनैन, रवि वर्मा, शशिधर झा, सुमित कुमार दास, राजा दास आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने मनाया मातृ दिवस

**दुमका।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा रविवार को मातृ दिवस का आयोजन किया गया। युवा मंच ने बड़े ही धूमधाम मातृ दिवस मनाया। इस अवसर पर माताओं को सम्मानित किया गया। माताओं को तिलक कर उनका अभिनंदन करते हुए तीन पीढ़ी की माताओं को पौधे देकर विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में माताओं ने विभिन्न खेल और मनोरंजन गतिविधियों में भाग ली। प्रेरणा शाखा की इस पहल की माताओं ने सराहना करते हुए आभार प्रकट की। कार्यक्रम के द्वारा इस शाखा ने उन्हें घर से बाहर निकलकर दो घंटे तक मनोरंजन करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका पूजा मोदी, नीतू मोदी और बर्का मित्तल ने अहम भूमिका निभाई। संरक्षिका रिंकू मोदी, अध्यक्ष सचिव किरण भालोटिया के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुई।

## बड़े भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** दुमका पुलिस में बड़े भाई की हत्या कर फरार चल रहे छोटे भाई इमामुद्दीन अंसारी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी पिनरगड़िया गांव से हुई। फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसपी पीतांबर सिंह खेरवार के नेतृत्व में एक टीम का गठन हुआ था। इस टीम ने इमामुद्दीन अंसारी को धर दबोचा। दरअसल जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के देवदाहा गांव में घरेलू विवाद में एक छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। इस बावत मृतक शमा मियां की पत्नी आफरीन बीवी ने शिकारीपाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराया था।

## तेज आंधी, तूफान से पोल्ट्री शेड हुआ धाराशायी, दो लाख की क्षति

**बोकारो/कसमार।** विगत रात्रि अचानक आये तेज आंधी-तूफान से कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत अंतर्गत करमा गांव के सकरडीह टोला निवासी प्रदीप कुमार महतो का पॉल्ट्री शेड गिर कर धराशायी हो गया। वहीं पोल्ट्री शेड का छत का मलबा सामने रखे ट्रेक्टर थ्रेसर मशीन पर जाकर गिरा जिससे थ्रेसर मशीन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से प्रदीप को लगभग दो लाख रुपए की क्षति हुई है। प्रदीप ने बताया कि रोजी-रोजगार के लिए उन्होंने केसीसी लोन एवं ग्राम संगठन की महिलाओं से लोन लेकर पोल्ट्री शेड बनाया था और एक बार चूजा डालकर बड़ा किया था। उसके बाद दूसरी बार चूजा डालने के लिए वह तैयारी कर रहा था। इस बीच तेज आंधी और तूफान ने कहर ढाह दिया। अब प्रदीप लोन कैसे चुकाएगा इसके लिए चिंतित है। उसके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने सरकारी मदद व सरकारी मुआवजा की मांग की है।

### निर्धारित समय पर चार्जसीट न्यायालय नहीं पहुंचने पर साइबर अपराधियों को मिली जमानत

# पुलिस के कार्यशैली पर उठ रहा सवाल

### न्यायालय ने धारा 187 (2) का लाभ देते हुए अधिवक्ता के अर्जी पर तीन साईबर अपराधियों को दी जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दुमका। जिला के मसलिया पुलिस की लापरवाही से तीन साईबर अपराधियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय से अपराधियों को जमानत बीते शुक्रवार को मिल गई। केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने निर्धारित 60 दिनों में न्यायालय में चार्जसीट नहीं जमा होने का लाभ उठाते हुए न्यायालय से 61 वें दिन जमानत की अर्जी लगायी। जिसे न्यायालय ने बीएनएसएस की धारा 187( 2 ) का लाभ देते हुए जमानत दे दिया। यहां बता दें कि बीते 9 मार्च को मसलिया थाना क्षेत्र के खुटोजोरी गांव से मसलिया पुलिस ने तीन साईबर अपराधियों को रंगे हाथ पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेजी थी। जानकारी के गिरफ्तार साईबर अपराधियों में खुटजोरी गांव के असलम अंसारी, उस्मान अंसारी व इमामुद्दीन अंसारी शामिल था। मसलिया पुलिस अपराधियों के पास से चार मोबाइल भी जब्त की थी। पुलिस मामले में 318(4),319(2),336(3),340(2) बीएनएस एवं66(सी),66(डी) आईटी एक्ट तहत अपराधियों को गिरफ्तार कर बीते 9 मार्च को न्यायिक हिरासत भेजी थी। हलांकि मामले में निर्धारित समयावधि में चार्जसीट ससमय न्यायालय ने नहीं पहुंचने के चूक के विषय में पूछे जाने पर थाना प्रभारी धन्नजय प्रजापति एवं डीएसपी मुख्यालय इक्कुड़ डुंगडुंग ने मामले में किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार कर दिया। वहीं सूत्रों की माने तो इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार केस के अनुसंधानकर्त्ता थे। केस में गिरफ्तारी के बाद से ही लाखों में मैनेज का खेल शुरू हो गया था। गिरफ्तार अपराधियों के परिजनों द्वारा लाखों का प्रलोभन देने की सूचना थी। केस डायरी में विलंब का कारण अब जांच का विषय है।

## बुजुर्ग की निर्मम हत्या, पुलिस जांच में जुटी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो कोऑपरेटिव कॉलोनी के -फुलबास नामक मकान संख्या 192अ में रविवार को 85 वर्षीय कलिका राय की हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं जिससे प्रतीत होता है कि उन्हें सिर कुचल कर मौत के घाट उतारा गया।

सूचना मिलने पर डीएसपी सिटी आलोक रंजन खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या रात में हुई या सुबह झ्र यह स्पष्ट नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मदद ली जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक कलिका राय के तीन पुत्र हैं, जिनमें से दो स्थानीय स्तर पर रहते हैं जबकि एक बाहर गया हुआ था। वारदात के समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था, जिससे हत्या का समय और तरीका रहस्य बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार कलिका राय मिलनसार और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। समाज में उनकी अच्छी छवि थी। इस घटना से क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस ने हर पहलू की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस ने हर पहलू की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र होसिर पश्चिमी पंचायत के मियाबाँध ग्राम में रविवार को झारखण्ड मंत्री माननीय योगेंद्र प्रसाद के अनुज चित्रगुप्त महतो व पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का शुभ उदघाटन फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। जिसके बाद बाधित गांवमें बिजली की आपूर्ति सुचारू हो गई।मौके पर ग्रामीणों ने श्रीमहतो का जोरदार स्वागत व अभिनंदन करते हुए धन्यवाद कहा। वही ग्रामीणो ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने से इस भीषण गर्मी के चलते परेशानी हो रही थी, लेकिन सूचना देते ही माननीय पेयजल एवं स्वच्छता तथा मद्द उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने त्वरित पहल किया और बिजली आपूर्ति सुचारू कराई। इससे हम सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं। इस मौके पर माननीय मंत्री के अनुज चित्रगुप्त महतो ने कहा कि हमेशा किसी भी परिस्थिति में हमारे बड़े भाई मंत्री साहब ग्रामीणों के बीच रहते है। हर सुख दुःख में साथ निभाते आये है।किसी भी परिस्थिति में हर समय आपके सेवा में उपलब्ध और तत्पर रहते है। कहा आपका विश्वास ही हमारी ताकत है।

## धूमधाम से मना कुलदेवी महाराणा माता की तृतीय उत्सव



पूजा-अर्चना करते कुलदेवी अनुयायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** महराणा माता परिवार की ओर से रविवार को अग्रसेन भवन में कुलदेवी महाराणा माता की तृतीय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अग्रसेन भवन में भव्य दरवार सजाया। साथ ही माता की अलौकिक श्रृंगार व भजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज की काफी संख्या में श्रद्धालु महिला शामिल हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुबह माता की ज्योत कार्यक्रम स्थल में स्थापित दरवार में रखा गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के द्वारा माता की छप्पन भोग व सवामणि चढ़ाया गया। साथ ही कार्यक्रम में गजरा उत्सव का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा चुनरी व मेंहदी उत्सव का आयोजन किया गया। बाहर से पहुंचे हुए भजन गायिका सिमरनजीत कौर व भजन गायक पंकज मोदी के द्वारा मनमोहक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन कीर्तन के बाद कार्यक्रम स्थल पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच माता का भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के काफी संख्या में श्रद्धालु इस भंडरा में शामिल हुए।

### साहित्यलोक व मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने किया

## साहित्यिक समारोह व बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 के विद्यापति सभागार में रविवार को साहित्यिक संस्था साहित्यलोक एवं सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक समारोह व बहुभाषी कवि सम्मेलन में रांची हजारीबाग व बोकारो के साहित्यकारों ने वीररस मातृदिवस सद्भावना भक्ति प्रेम करुणा आदि रस की रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को घंटों बांधे रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची से पधारे भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद विशिष्ट अतिथि हजारीबाग से आए वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा साहित्यलोक के संस्थापक महासचिव व वरिष्ठ शिक्षाविद तुलानंद मिश्र वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा विजय शंकर मल्लिक सुधापति बटोही कुमार कार्यक्रम के अध्यक्ष मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभावान गायिका आंचल पाठक द्वारा प्रस्तुत महाकवि विद्यापति की रचना भगवती वंदना 'जय जय भैरवि...' के सुमधुर गायन से हुई। इस अवसर पर साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा द्वारा लिखित मैथिली नाटक पुस्तक- अहां बिनु हम जीयब कोना व साहित्यलोक के पूर्व संयोजक डॉ सन्तोष कुमार झा के मैथिली कविता संग्रह-कविक आबा का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि कुमार मनीष अरविंद ने इस आयोजन के लिए साहित्यलोक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से शहर को साहित्यिक ऊर्जा मिलती है। बहुभाषी कवि सम्मेलन में कवयित्री करुणा कलिका ने हिंदी कविता- हम भारत की बेटी हैं जब खड्ग हाथ में धारेंगें व भोजपुरी कविता आशुतोष कुमार ने खोरठा कविता अरुण पाठक ने मैथिली में सद्भावना गीत- जाति धर्म के नाम पर नहि बांटू इंसान के अमृता शर्मा ने हिंदी कविता- धर्म का मर्म रणधीर चंद्र गोस्वामी ने- भूख के खिलाफ, तब कहां थे तुम शैलजा झा ने हिंदी कविता- श्रेष्ठता के अभियान- मां तुम जिंदा रहोगी, मैथिली कविता- समझौता-स्त्री के मौन तपस्या, हितनाथ झा अरविंद अमन कुमार झा व कुमार मनीष डॉ रणजीत कुमार झा राजीव कंठ श्रवण कुमार झा नीलम झा विजय शंकर मल्लिक सुधापति बुद्धि नाथ झा ने मैथिली कविता ब्रजेश पांडेय ने हिंदी में वीररस की कविता सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही ली। मंच संचालन शंभु झा व अमन कुमार झा एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर केसी झा अमरेन्द्र कुमार झा किरण मिश्रा विश्वनाथ झा गंगेश कुमार पाठक विनोद कुमार अनिल सिंह राधा मोहन सिंह गुलाब सिंह प्रवीण कुमार झा सहित अन्य काव्य प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

## विपुल के परिजन झारखंड सरकार से लगा रहे हैं इंसाफ की गुहार

**बेरमो।** बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार थानाक्षेत्र स्थित पिछरी गांव निवासी गुलचंद मिश्रा ने अपने 24 वर्षीय पुत्र विपुल मिश्रा की हत्या मामले में अबतक के पुलीसिया कार्रवाई से काफी नाराज दिख रहे हैं। पुलिस के द्वारा इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। वहीं गुलचंद मिश्रा सहित अन्य परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस द्वारा मामले को भर्मित कर लीपापोती किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार यदि पुलिस मामले को सही से जांच कर कार्रवाई नहीं करती है तो वे इसे लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री आवास पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। बताते चले कि बोकारो जिले के पेटरवार थानाक्षेत्र स्थित पिछरी गांव निवासी विपुल कुमार मिश्रा की हत्या बीते 29 अप्रैल की देर शाम उसके दोस्तों ने मिलकर कर दी थी। इस संबंध में परिजनों ने विरहोरबेड़ा निवासी लखन नायक तथा लेनिन राज नायक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है कि इन दोनों ने उनके पुत्र विपुल मिश्रा को पास के ही ड़हरडीह कलवर्ट के पास बुलाकर टांगी से हमला कर निर्मम हत्या कर दी है।

# ईश्वर को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका सत्संग : स्वामी अरण्यानंद

### महर्षि मेंही का 141 वां जंयती महोत्सव धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नगर भ्रमण करते मेंही महर्षि अनुयायी

**दुमका।** महर्षि मेही आश्रम पुसारो में महर्षि मेंही जी की 141 वां पावन जंयती महोत्सव मनाया गया। रविवार की सुबह नगर भ्रमण कर पुनः आश्रम पहुंच पुष्पांजलि का कार्यक्रम ध्यान, संत स्तुति, गुरु विनती हुआ। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। दोपहर में भूषण के हारमोनियम एवं तबले पर संगत करते हुए आर्य देव, दिनेश एवं रवि कुमार गुप्ता ने भजन-कीर्तन के माध्यम से द्वितीय पाली का संतमत सत्संग प्रारंभ हुआ। जिसमें संत स्तुति, गुरु विनती, पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस से पाठ किया गया। इसके बाद महर्षि मेंही के जीवन कृति पर चर्चा हुई। महर्षि मेंहीं आश्रम की व्यवस्थापक स्वामी अरणायनंद भिक्षु ने कहा ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है। जैसा संग होगा, वैसा उसका प्रभाव होगा। इसलिए मनुष्य को श्रद्धापूर्वक गुरु की सेवा करना ही परम धर्म है। उन्होंने कहा कि कहा कि सर्व शक्तिमान एवं सर्व समर्थ ईश्वर ही इस संसार सागर के मूल आधार हैं और ब्रह्माण्ड का कोई भी कार्य इनकी कृपा के बिना नहीं होता है। ईश्वर की स्वीकृति और सहायता के बिना कोई भी योजना नहीं बन सकती है और नहीं पूरी हो सकती है। परम पिता परमेश्वर की कृपा एवं गुरु का आशीर्वाद पात्र धर्मार्थी पुरुष की शक्ति एवं उसके प्रयासों को अत्यंत प्रभावशाली बना देता हैं। ईश्वर द्वारा सृजित मानव प्राणी परमात्मा को कोई भी चीज वस्तु देने सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में अचानक लाभ प्राप्त होना या फिर आया हुआ संकट टल जाना, घटनाओं का पूवार्भास होना, इस प्रकार के बहुत सारे संकेत इस बात की पुष्टि करते हैं कि भक्तों पर दैवीय शक्ति सहायक है। उन्होंने बताया कि महर्षि मेंही बाबा, जिन्हें सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस भी कहा जाता है।

एक प्रसिद्ध संत और आध्यात्मिक गुरु थे। जिनका जन्म बिहार के सहरसा जिले में हुआ था। उन्होंने अपनी आध्यात्मिक यात्रा बाबा देवी साहब के साथ कर बाद में कटिहार जिले के मनिहारी में ध्यान करते हुए कई साल बिताएं। स्वामी अरणायनंद भिक्षु ने कहा महर्षि मेंही बाबा का जन्म बिहार के सहरसा जिले में हुआ था। उन्होंने कम उम्र से ही ध्यान और साधना की शुरूआत कर दी थी। उन्होंने बाबा देवी साहब को अपना गुरु बनाया और उनके मार्गदर्शन में साधना की। उन्होंने कटिहार जिले के मनिहारी में एक आश्रम में ध्यान करते हुए कई साल बिताए। महर्षि मेंही को एक महान सद्गुरु और आध्यात्मिक गुरु के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को सत्य और ज्ञान का मार्ग दिखाया। महर्षि मेंही ने सन्तमत के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सन्तमत के सिद्धांतों का प्रचार किया और अपने अनुयायियों को सन्तमत के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी भक्तों को पांच पापों से मुक्त होने का संदेश दिया। झूठ, चोरी, नशा, हिंसा आदि से दूर रहने की नसीहत दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला सतमत सत्संग समिति एवं कई युवा बच्चे श्रद्धालु हजारों की संख्या में भक्ति में डूब कर जयंती एवं महर्षि मेंही के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

एक नजर में

## तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 57 दुकानों में छापेमारी, वसूला जुमार्ना

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार सिविल सर्जन बोकारो द्वारा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा श्वेता अमृता लकड़ा एवं जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो मो असलम के नेतृत्व में निकोटिन-युक्त पान मसाला एवं तम्बाकू उत्पाद अधिनियम- 2003 की धारा 4 व 6 ए- 6 बी के तहत हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्ती मोड सेक्टर 9ए रोड सेक्टर 9 बी रोड सरस्वती स्कूल एवं सरदार पटेल स्कूल के आस पास विशेष जांच अभियान चलाया गया,जिसमें लगभग कुल 57 दुकानों की जांच की गई जिसमें 13 दुकानों व व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया और उनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2150 रुपये की वसूली की गई। जानकारी देते हुए सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का प्रयोग करते हैं। राज्य में प्रत्येक दिन 146 बच्चे पहली बार तम्बाकू का उपयोग करना शुरू करते है जो कि केवल 13 से 15 आयु वर्ग के बच्चे होते है जिनको बचाना हम सभी विभागीय लोगों का दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी आम जनमानस से अपील करते हैं कि खुद तम्बाकू के उपयोग से बचे। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें।

## बोकारो में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2088 मामलों का हुआ निष्पादन

**बोकारो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्याय सदन बोकारो में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झालसा से आभासी रूप में न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद तथा अन्य झालसा के सदस्यगण की उपस्थिति में किया गया।

## पेज एक का शेष

### पाक ने फिर हरकत...

इसके अलावा सरगोदा, जकुबाबाद , मुरीद, रहीम यार खान हवाई पट्टियों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के पास पाकिस्तान के हर ठिकाने पर हमले की क्षमता है लेकिन हमने संयम से काम लिया है। नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप, सतही बल, पनडुब्बी और अन्य प्लेटफार्म पूरी तरह से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। उत्तर अरब सागर में भी नौसेना पूरी ताकत के साथ तैनात थी।

**हमें कोई क्षति नहीं हुई :** डीजी एयर ऑपरेशन ने कहा, पाकस्तिान की तरफ से किये गये मास रेंज में किसी भी तरह का नुकसान ग्राउंड पर नहीं होने दिया गया। हमारी प्रतिक्रिया सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने की थी। हमने सिर्फ जवाब दिया, उसमें पाकिस्तान का भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तान की तरफ से हमारे एयर फील्ड को निशाना बनाने की कोशिश की। हमने फेल कर दिया।

**ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी :** भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद अब भारतीय वायुसेना ने एक बड़ा बयान दिया है। आपरेशन सिंदूर अभी जारी है। भारतीय वायु सेना अलर्ट मोड पर है। पाकिस्तान ने यदि कोई भी हरकत भारत के खिलाफ की तो उसे मुंहतोड़ जवाब दे दिया मिलेगा। वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गये कार्यों को सटीकता के साथ और राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उसने कहा, चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी समय आने पर दी जायेगी।

### बिना किताबों के...

**पढ़ाई से ज्यादा एमडीएम पर फोकस :** राज्य के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई से ज्यादा मिड डे मिल पर फोकस किया जाता है। उन्हें घर से स्कूल यह कहकर ही लाया जाता है कि दोपहर का भोजन स्कूल में मिलेगा। पढ़ाने के नाम पर आज भी मास्टर साहब की कोई सानी नहीं है। हां, भला हो वैसे बीएड कॉलेज के संचालकों का, जहां से इंटर्नशीप के नाम से स्टूडेंट्स स्कूली बच्चों को पढ़ाने चले आते हैं। अन्यथा बच्चों को किताब-कॉपी नहीं मिलने के कारण बिना पढ़े सिर्फ खाना खाकर ही वापस घर लौटना पड़ता।

**क्या कहना है शिक्षक संघ का :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने सवाल उठाया कि जब हर वर्ष छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध करानी ही होती हैं तो सत्र की शुरूआत से पहले ही इसकी तैयारी क्यों नहीं होती। विभाग इसके लिए कोई ठोस कार्य योजना क्यों नहीं बनाता। इस देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। यह गरीब बच्चों के साथ एक तरह का मजाक है। वहीं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने हाल ही में आदेश जारी किये हैं कि शिक्षकों का वेतन तभी जारी होगा, जब छात्रों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो। छात्रों को अभी तक पुस्तकें ही नहीं मिली है, कोर्स कैसे पूरा हो। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल भी।

### इडी जांच में ...

राजबीर कंस्ट्रक्शन के निदेशक को जमीन खरीदने के लिए फंड उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई। ईडी ने छापेमारी के अलावा इजहार हुसैन के दावे से जुड़े दस्तावेज की जांच के लिए कोलकाता स्थित रजिस्ट्री कार्यालय मे पीएमएलए की धारा 16 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वे किया। सर्वे के दौरान जब्त किये गये दस्तावेज और अधिकारियों से हुई पूछताछ के दौरान पुरुलिया रजिस्ट्री कार्यालय से वर्ष 1933 में जारी डीड संख्या 191 को फर्जी पाया गया।

### एक ही झटके...

तभी पाकिस्तान अमेरिका के कदमों में गिर कर युद्ध विराम कराने की गुहार लगाने लगा। सुखोई फायटर जेट से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल ने दूर के इस अहम टार्गेट को निशाना बनाया गया था।

**भारत ने दिया सीधा संदेश :** पाकिस्तान का परमाणु हथियारों की कमान और नियंत्रण का केंद्र नूर खान हवाई अड्डे के पास है। भारत चाहता तो इस कमान को भी निशाना बना सकता था। एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि यह हमला भारत की ओर से एक संदेश हो सकता है कि वह परमाणु कमांड को अक्षम करने की क्षमता रखता है। पाकिस्तान की एनसीएम का नेतृत्व आर्मी चीफ करते हैं। भारत के प्रहार से दुनिया भर की चिंता बढ़ गयी।


**ब्रह्मोस ने दुश्मन के वायुसैनिक अड्डों का राख कर दिया :** सरकारी सूत्रों के अनुसार, 10 मई की सुबह भारतीय विमानों ने पाकिस्तानी वायुसेना के प्रमुख ठिकानों को निशाना बनाकर ब्रह्मोस-ए (हवा से दागी जाने वाली) क्रूज मिसाइलें दागीं। पहले रावलपिंडी के पास चकलाला और पंजाब प्रांत के सरगोधा पर सटीक प्रहार किये। दोनों ही आर्मी बेस पाकिस्तान सेना के लिए रणनीतिक विमानन और गोलाबारूद रखते हैं। फिर एक-एक कर कई प्रमुख अड्डों को तहस-नहस कर दिया। इसमें जैकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू भी थे। हमलों के तुरंत बाद, भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तानी डिफेंस नेटवर्क पर हाई अलर्ट मैसेज फ्लैश होते हुए देखा। ये मैसेज था कि भारत अगला निशाना पाकिस्तान के परमाणु कमांड और नियंत्रण ढांचे को बना सकता है। इसी समय पाकिस्तान ने तुरंत बीच-बचाव करने के लिए अमेरिका से संपर्क किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारतीय समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को सीधे फोन कर युद्ध रोकने का आग्रह किया।

स्पीड न्यूज

### पाक की सिखों को भड़काने की साज़िश सफल नहीं होगी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने रविवार को कहा कि सिखों ने हमेशा सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा में योगदान दिया है और यह कौम हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर देश के लिए शहादत देती रही है और आगे भी देती रहेगी। समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान पाकिस्तान की बयानबाजी का मकसद सिख कौम को भारत सरकार के खिलाफ भड़काना रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहले भी ऐसी घटिया साजिशों में कभी सफल नहीं हुआ और अब भी नहीं होगा।

### अमिताभ बच्चन ने सेना को किया सलाम



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ कर सेना को सलाम किया। सदी के महानायक अमिताभ ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए लिखा कि जय हिन्द, जय हिन्द की सेना, तू ना थमें गा कभी, तू न मुड़ेगा कभीए तू न झुकेगा कभी, कर शपथ , कर शपथ, कर शपथ! अग्निपाथ! अग्नि पाथ ! अग्नि पाथ!!!

### नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

**श्रीनगर।** कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं।

### उप्र में 11 आइपीएस अधिकारी बदले गये

**लखनऊ।** शासन ने रविवार को पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा को लखनऊ परिक्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। लखनऊ पीएसी महानिरीक्षक आशुतोष कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर,उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पीएसी महानिरीक्षक बनाया गया है। कानपुर में तैनात आइजी जोगेन्द्र कुमार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया है।

### 83 लाख की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर तीन बुजुर्गों से लगभग 83 लाख रुपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। अल्मोड़ा के एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने रविवार को अल्मोड़ा में इन मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि विगत 23 मार्च से सात अप्रैल के मध्य अल्मोड़ा निवासी पूर्ण चंद्र जोशी और उनकी बहन भगवती पांडे को ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 75 लाख ठगे थे।

### पंजाब में जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ।** मलेरकोटला पुलिस ने भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि दो संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# रावलपिंडी तक सुनी गयी सेना की धमक

## भारत की राजनीतिक, सामाजिक व सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर : राजनाथ

**एजेंसी**

- नया भारत सीमा के दोनों ओर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करेगा
- सेना का आक्रोश पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय तक पहुंचा

**लखनऊ ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं , बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

श्री सिंह ने रविवार को ब्रह्मोस उत्पादन और परीक्षण सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर अपने वर्चुअल संबोधन में इस ऑपरेशन को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की क्षमता तथा दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की धरती पर भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों के हाथों अपने प्रियजनों को खोने वाले निर्दोष परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित किया।

भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को इस बात का प्रमाण बताया कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होती है।

उन्होंने कहा कि उरी घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा



लखनऊ में ब्रह्मोस के टेस्टिंग फैसिलिटी उद्घाटन करते राजनाथ सिंह।

हमले के बाद एयर स्ट्राइक और अब पहलगाम हमले के बाद कई स्ट्राइक के जरिए दुनिया ने देखा है कि अगर भारत की धरती पर आतंकी हमला होता है तो वह क्या कर सकता है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत सीमा के दोनों ओर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करेगा। सिंह ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए शुरू किया गया था और इसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया, लेकिन पाकिस्तान ने भारत में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया और मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों ने वीरता और संयम का परिचय दिया और पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करके मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने न केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का आक्रोश रावलपिंडी तक पहुंच गया, जहां पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय स्थित है। ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा और महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगा। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर उद्घाटन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया, जो भारत की बढ़ती नवीन ऊर्जा को दर्शाता है और महत्वपूर्ण, उच्च अंत और अग्रणी प्रौद्योगिकियों में तेजी से वैश्विक परिवर्तन के साथ संरेखित करता है। इस सुविधा को उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के लिए गौरव की बात बताते हुए, श्री सिंह ने कहा कि इसने पहले ही लगभग 500 प्रत्यक्ष और 1,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया है, जो रक्षा निर्माण केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का कॉरिडोर स्थापित करने का विजन राज्य को दुनिया के शीर्ष रक्षा उत्पादन और निर्यात गंतव्य के रूप में विकसित करने के लक्ष्य पर आधारित है। रक्षा मंत्री ने कहा ाि यूपीडीआईसी में अब तक 34,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ कुल 180 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और 4,000 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है। विमान निर्माण, यूएवी, ड्रोन, गोला-बारूद, समग्र और महत्वपूर्ण सामग्री, छोटे हथियार, कपड़ा और पैराशूट आदि में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। खास बात यह है कि इसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी देखी जा रही है। लखनऊ में ही पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टाइटेनियम और सुपर एलॉय मैटेरियल प्लांट शुरू किए जा रहे हैं।

### सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है ब्रह्मोस

रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस को न केवल दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक बताया, बल्कि यह भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत, विरोधियों के लिए निरोध का संदेश और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता का संदेश है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस भारत और रूस की शीर्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों का संगम है। भारत के मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उद्धृत करते हुए जिन्होंने कहा था कि ह्यजब तक भारत दुनिया के सामने खड़ा नहीं होगा, कोई भी हमारा सम्मान नहीं करेगा। इस दुनिया में डर का कोई स्थान नहीं है, केवल ताकत ही ताकत का सम्मान करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है और केंद्र भारत की शक्ति को और मजबूत करने में मदद करेगा।



लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ व अन्य।

# आतंकियों को उन्हीं के भाषा में मिलेगा जवाब

## कुत्ते की पूंछ है पाकिस्तान और आतंकवाद, कभी सीधा नहीं होगा: योगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी नहीं होने वाली। आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की एक झलक देखी होगी और अगर नहीं देखी तो पाकिस्तान के लोगों से ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत के बारे में पूछिए। हम आतंकवाद को पूरी तरह से कुचलने के लिए तैयार हैं और उसे उसकी ही भाषा में जवाब देंगे। योगी उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की उत्पादन इकाई के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे।योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐलान किया है कि आगे से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। जब तक हम इसे पूरी तरह से कुचल नहीं देते, आतंकवाद की समस्या का समाधान नहीं हो सकता। अब ऐसा हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खात्मे के लिए इससे बड़ा प्रहार होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। योगी ने तीनों सेनाओं को ऑपरेशन सिंदूर में योगदान के लिए बधाई दी और कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल अब लखनऊ में बनेगी।

# पुतिन ने यूक्रेन से सीधी बातचीत का किया आह्वान

**एजेंसी**

- रूस के राष्ट्रपति बोले, संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और स्थायी, मजबूत शांति के लिए गंभीर बात करेंगे
- यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन का दौरा किया और एक महीने के युद्धविराम का किया आह्वान

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का आह्वान किया। पुतिन ने रविवार को कहा कि हम गंभीर बातचीत चाहते हैं। संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और एक स्थायी, मजबूत शांति की ओर बढ़ने के लिए। यह बयां यूरोपीय नेताओं में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन के यूक्रेन का दौरा करने और रूस से बिना शर्त 30-दिवसीय युद्धविराम पर सहमत होने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जवाब में कहा था कि मास्को को इस पर विचार करना होगा, लेकिन चेतावनी दी कि हम पर दबाव डालने की कोशिश करना



बिल्कुल बेकार है। पुतिन ने कहा कि वह इस संभावना से इनकार नहीं करेंगे कि वार्ता के परिणामस्वरूप रूस और यूक्रेन एक नए युद्धविराम पर सहमत हो सकते हैं। यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन का दौरा किया और एक महीने के युद्धविराम का आह्वान किया। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पोलैंड के नेता तथाकथित इच्छुक गठबंधन का हिस्सा थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा मेजबानी की गई और इन देशों के नेताओं ने यात्रा के दौरान एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन बिना शर्त 30-दिवसीय युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं, तो रूस के ऊर्जा और बैंकिंग क्षेत्रों पर नए एवं बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए जाएँगे।

### हमें जो काम सौंपा उसे सटीकता से दिया अंजाम : आइएएफ

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बयान सामने आया है। भारतीय वायु सेना ने बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है। भारतीय वायु सेना ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने कार्यों को सटीक और पेशेवर ढंग से सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। ऑपरेशन को राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुसार सोच-समझकर और गोपनीय तरीके से अंजाम दिया गया है। चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। उन्होंने अटकलों और असत्यापित जानकारी से बचने की अपील करते हुए आगे लिखा कि भारतीय वायु सेना सभी से अनुरोध करती है कि वे अटकलों और असत्यापित जानकारी के प्रसार से बचें।

# खड़गे-राहुल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा के लिए संसद का सत्र बुलायें प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद ने इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान की सरकारों संघर्ष विराम की घोषणाएं करती हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस आग्रह पर विचार करेंगे। गौरतलब है कि गांधी ने सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

### जवाबी कार्रवाई करे सेना : जनरल द्विवेदी



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों कमांडो को पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहस मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। पाकिस्तान सेना ने शनिवार शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में निशाना बनाने की कोशिश की।

# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.60 लाख करोड़ घटा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। शेयर बाजार में गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक नुकसान में रही है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,047.52 अंक या 1.30 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार




पूंजीकरण बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 59,799.34 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ रुपये घटकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये रह गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 27,062.52 करोड़ रुपये घटकर 14,46,294.43 करोड़ रुपये पर

**शेयर समीक्षा**

- रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 59,799 करोड़ घटकर 18,64,436 करोड़ रुपये हुआ
- आइसीआइसीआइ की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ घटकर 9,90,015 करोड़ हुयी

और एसबीआई का मूल्यांकन 18,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,95,584.89 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 13,798.85 करोड़ रुपये घटकर 5,36,927.95 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 8,321.89 करोड़ रुपये घटकर 5,29,972.97 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,138.29 करोड़ रुपये घटकर 10,53,891.62 करोड़ रुपये रह गई। टीसीएस के मूल्यांकन में 578.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,45,418.09 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़कर 5,48,382.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 415.33 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 6,26,083.70 करोड़ रुपये पर पहुंच शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

### महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1047 .52 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79454 .47 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 338 .7 अंक यानी 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24008 .00 अंक पर बंद हुआ।

